हिमाचल प्रदेश

ECONOMIC REVIEW

आर्थिक समीक्षा

1991

DIRECTORATE OF ECONOMICS & STATISTICS
CHAL PRADESH SHIMLA-1

हिमाचल प्रदेश

की

आर्थिक समीक्षा

1991

(आर्थिक स्थिति व विकास कार्यक्रम)

NIEPA DC
D06052

Sub. National Systems Unit,
National Institute of Educational
Planning and Administration
17-B, Sri Aurobindo Marg, New Delhi-110016
DOC. No. D-6052
Date 29/4/91

प्रस्तावना

आर्थिक समीक्षा एक बजट प्रलेख है जो सरकार की उसके विभागों की समस्त आर्थिक गतिविधियों को विस्तार से प्रस्तुत करता है । वर्ष 1990-91 में राज्य की आर्थिक मुख्य विशेषताएं प्रथम भाग, प्रगति की समीक्षा में जबकि सांख्यिकी तालिकायें भाग दो में दी गई हैं ।

समय पर सूचना उपलब्ध करवाने के लिये मैं सभी विभागों तथा सार्वजनिक उपक्रमों के प्रति आभार प्रकट करता हूं । इस समीक्षा के लिये इतनी विशाल तथा विस्तृत सामग्री का एकत्रीकरण, संकलन और इसको संक्षेप में प्रस्तुत करने का कार्य अर्थ एवं संख्या विभाग ने किया । मैं विभाग के अधिकारियों तथा कर्मचारियों द्वारा किए गए कड़े परिश्रम की प्रशंसा करता हूं ।

कंवर शमशेर सिंह
आयुक्त एवं सचिव (वित्त, योजना तथा अर्थ एवं संख्या),
हिमाचल प्रदेश सरकार।

विषय सूची

भाग—1 वर्ष 1990–91 की प्रगति की समीक्षा

		पृष्ठ
1.	सामान्य समीक्षा	1
2.	जनसंख्या	3
3.	राज्य आय	5
4.	कृषि	7
5.	उद्योग	17
6.	विद्युत	19
7.	रोजगार	22
8.	भाव की स्थिति	27
9.	नागरिक आपूर्ति एवं सामाजिक सेवायें	29
10.	व्यापार एवं वाणिज्य	39
11.	परिवहन तथा संचार	41
12.	सहकारिता	43
13.	स्थानीय निकाय	44
14.	विशेष अध्ययन	45

भाग-I

वर्ष 1990-91 की प्रगति की समीक्षा

1. सामान्य समीक्षा

देश की आर्थिक स्थिति

1.1 वर्ष 1990-91 में देश की अर्थ व्यवस्था का व्यवहार कुछ मिश्रित सा रहा । कृषि क्षेत्र में अधिक उत्पादन की सम्भावना है जबकि औद्योगिक वृद्धि पिछले वर्ष से कम होने की सम्भावना है । वर्ष 1988-89 के 11.1 प्रतिशत की तुलना में वर्ष 1989-90 में शुद्ध घरेलू उत्पाद में 5.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई । वर्ष 1988-89 में कृषि उत्पादन में 21 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि हुई थी जबकि वर्ष 1989-90 में केवल 1.0 प्रतिशत की ही वृद्धि हुई । वर्ष 1990-91 में कृषि उत्पादन में 2 प्रतिशत और वृद्धि होने की सम्भावना है । औद्योगिक उत्पादन में वर्ष 1989-90 की 8.6 प्रतिशत विकास दर की तुलना में चालू वर्ष के दौरान लगभग 6 से 7 प्रतिशत विकास दर आने की सम्भावना है । वर्ष 1990-91 में (19-1-91 तक) थोक मूल्य सूचकांक के अनुसार मुद्रा स्फीति की वार्षिक दर 10.1 प्रतिशत रही क्योंकि मूल्य सूचकांक जोकि मार्च, 1990 के अन्तिम सप्ताह में 171.1 था, 19 जनवरी, 1991 को बढ़कर 188.3 हो गया । पिछले वर्ष इसी अवधि के दौरान मुद्रा स्फीति की दर 7.3 प्रतिशत थी ।

1.2 वर्ष 1989-90 के दौरान खाद्यान्न उत्पादन 17.06 करोड़ टन हुआ और 1990-91 में इसके 2 प्रतिशत और बढ़ जाने की सम्भावना है । वर्ष 1988-89 में सकल घरेलू उत्पाद में 10.4 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी जबकि वर्ष 1989-90 में केवल 5.2 प्रतिशत की ही वृद्धि हुई। इस आधार पर सातवीं पंचवर्षीय योजना में आर्थिक विकास की वार्षिक औसत दर 5.6 प्रतिशत रही । राष्ट्रीय स्तर पर वर्ष 1989-90 में प्रति व्यक्ति आय 4,252 रुपये रही। गत वर्ष प्रति व्यक्ति आय केवल 3,875 रुपय थी ।

1.3 वर्ष 1990-91 में आयात में अधिकता व ई0 एफ0 एफ0 के अन्तर्गत अन्तर्राष्ट्रीय द्रव्य निधि को अधिक भुगतान के कारण भारत की भुगतान सन्तुलन स्थिति पर बहुत अधिक दबाव रहा । रुपयों के रूप में निर्यात में अप्रैल से नवम्बर, 1990 तक 20.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई जोकि गत वर्ष की इसी अवधि की 38 प्रतिशत वृद्धि से काफी कम है। अभी तक उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार अप्रैल, 1990 से नवम्बर, 1990 तक आयात 28.6 प्रतिशत बढ़ा जोकि अप्रैल, 1989 से नवम्बर, 1989 की इसी अवधि के 20.7 प्रतिशत से काफी अधिक है । इसके परिणाम स्वरूप इस समय व्यापार घाटे में 2,648 करोड़ रुपये की और अधिकता आई क्योंकि अप्रैल-नवम्बर, 1989 में यह घाटा 4,533 करोड़ रुपये था, इसी अवधि में बढ़कर 7,181 करोड़ रुपये हो गया।

हिमाचल प्रदेश की आर्थिक स्थिति

1.4 औद्योगिक आधार कमजोर होने के कारण, हिमाचल प्रदेश की अर्थ व्यवस्था अधिकतर कृषि पर निर्भर करती है। कृषि उत्पादन अभी तक भी समय पर वर्षा होने तथा मौसम की स्थिति पर निर्भर करता है । सातवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान खाद्यान्न के उत्पादन में अधिकता लाने के बावजूद भी उत्पादन का स्तर 1985-89 में 11-12 लाख टन के पास रहा। वर्ष 1987-88 में भंयकर सुखा पड़ने तथा मौसम की स्थिति अनुकूल न रहने के कारण खाद्यान्न उत्पादन 8.87 लाख टन गिर गया था । सातवीं पंचवर्षीय योजना में खाद्यान्न उत्पादन के आंकड़े नीचे दिये है :—

वर्ष	खाद्यान्न उत्पादन (लाख टन)
1985-86	12.01
1986-87	11.77
1987-88	8.87
1988-89	11.37
1989-90 (अस्थाई)	13.69
1990-91 (पूर्वानुमानित)	13.80

1.5 हिमाचल प्रदेश में व्यवस्थित रूप से फल उत्पादन कार्य स्वतन्त्रता पश्चात् ही आरम्भ किया गया । सेब सहित सभी फलों के उत्पादन में क्रमिक सुधार हो रहा है तथा वर्ष 1989-90 में यह 4.60 लाख टन रिकार्ड स्तर तक पहुंच गया। दिसम्बर, 1990 तक 4.10 लाख टन फल उत्पादन हो चुका है तथा 1990-91 में 4.25 लाख टन उत्पादन होने सम्भावना है । सब्जियों के उत्पादन में भी लगातार वृद्धि हो रही है और वर्ष 1990-91 में 3.68 लाख टन सब्जियों का उत्पादन होने की आशा है। हिमाचल प्रदेश का आलू का बीज जोकि रोग मुक्त गुणों के कारण बहुत प्रसिद्ध है पिछले कुछ समय तक समस्त भारत में इसकी बहुतमांग थी । अब

यह मांग धीरे-धीरे घट रही है क्योंकि अधिकतर राज्य अपनी आवश्यकता के लिये बीज आलू का उत्पादन स्वयं करने लगे हैं जबकि पंजाब में तो बीज आलू की उत्पादन कीमत भी कम है । ऐसा होते हुए भी प्रदेश ने वर्ष के दौरान 31,200 टन बीज तथा खाने का आलू देश के अन्य राज्यों को निर्यात किया।

1.6 वर्ष 1989-90 में प्रदेश में राज्य घरेलू उत्पाद में 11.0 प्रतिशत की वृद्धि हुई। सातवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान औसतन वार्षिक वृद्धि दर 7.6 प्रतिशत हुई । वर्ष 1989-90 में राज्य में प्रति व्यक्ति आय 4,005 रुपये आंकी गई है।

1.7 ग्रामीण विद्युतिकरण के क्षेत्र में वैसे तो शतप्रतिशत गांवों का विद्युतीकरण हो चुका है फिर भी बहुत कुछ करना अभी शेष है क्योंकि बचे हुए हैमलेटस को भी इसके अन्तर्गत लाना है । दिसम्बर, 1990 तक 146 पम्प सैटों को चालू किया गया । चालू वर्ष में दिसम्बर 1990 तक 1190.24 मिलियन यूनिटस बिजली उत्पादन हुआ। वर्ष 1989-80 में 935.51 मिलियन यूनिटस बिजली उत्पादन हुआ था ।

1.8 वर्ष की प्रथम तिमाही जनवरी-मार्च 1990 के अन्त में कुल 2.71 लाख लोग रोजगार में लगे थे । अक्तूबर, 1990 के अन्त में सभी रोजगारकार्यालियों के जीवित पंजीयकों में बेरोजगारों की संख्या 4.47 लाख थी। सरकार ने अधिक रोजगार के अवसर प्रदान करने हेतु कई कार्यक्रम शुरू किये हैं । जवाहर रोजगार योजना के अन्तर्गत चालू वित्त वर्ष में दिसम्बर, 1990 तक 14.33 लाख कार्य दिवस अर्जित किये गए तथा 1,758 सामुदायिक सम्पतियों का सृजन किया गया । एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्ष 1990-91 के दौरान दिसम्बर, 1990 तक 5,932 नये तथा 6,963 पुराने परिवारों को सहायता प्रदान की गई जबकि "ट्राईसम" कार्यक्रम के अन्तर्गत 926 युवकों को विभिन्न व्यवसायों में प्रशिक्षित किया गया जिसमें 317 को स्व:रोजगार व 190 युवकों को वैतनिक रोजगार प्रदान किया गया । इसके अतिरिक्त 1,146 युवकों को विभिन्न व्यवसायों में योजना के अन्तर्गत प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

1.9 वनीकरण कार्यक्रमों को सशक्त ढंग से लागू करने तथा ग्रामीण लोगों को इस में शामिल करने के उद्देश्य से एक नई योजना "वन लगाओ, रोजी कमाओ" शुरू की है । इस योजना के अन्तर्गत अन्त्योदय तथा अन्य गरीब परिवारों को सरकारी भूमि पर पेड़ लगाने तथा उनकी देख-रेख के लिए मजदूरी दी जायेगी । उपज में से भी उनको कुछ हिस्सा मिलेगा।

1.10 वर्ष 1989-90 में कृषि समितियों द्वारा 7.9 लाख सदस्यों को 1,674.60 लाख रुपये के ऋण दिए गये जबकि 1988-89 में 7.7 लाख सदस्यों को 2,265.32 लाख रुपये के ऋण दिए गये थे। कृषि समितियों द्वारा औसतन प्रति सदस्य 1989-90 में 212 रूपये का ऋण दिया गया जबकि यह ऋण 1988-89 में 294 रूपये था।

1.11 हिमाचल प्रदेश में पर्यटन विकास की अपार क्षमता है। यहा के बर्फ से ढ़के पर्वत, सुन्दर मनोहर घाटियां, झरनें, हरे-भरे जंगल, प्राचीन संस्कृति इत्यादि सभी कुछ पर्यटकों को आकर्षित करने वाले हैं। पंजाब के क्षेत्रों के पुनर्गठन के पश्चात पर्यटन की अपार क्षमता वाले क्षेत्र जैसे कुल्लू, मनाली कांगड़ा, धर्मशाला, शिमला, कसौली, चैल, तथा डलहौजी प्रदेश में मिलाये गए। परिणामस्वरूप हिमाचल पर्यटन विकास की क्षमता किसी से पीछे नहीं है। हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम ने वर्ष 1972 में केवल 857 बिस्तरों की संख्या से कार्य आरम्भ किया। निगम के अपने होटलों तथा तम्बू आवासों में दिसम्बर, 1990 तक इन बिस्तरों की संख्या बढ़कर 3,000 हो गई । पर्यटकों की आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए निजी उद्यमियों द्वारा भी प्रदेश में होटल चलाये जा रहें हैं। इसके साथ-साथ स्कीइंग तथा अन्य पर्वतीय क्रीड़ाएं जैसे ट्रैकिंग, उच्च ऊंचाई वाले पर्वत पर चढ़ना इत्यादि विकसित की गईं । इस विकास से न केवल पर्यटन की अनेक गतिविधियों में विविधता लाने में सहायता मिलेगी बल्कि ऐसी सुविधाऐं जो कि बैमौसम में पूरी तरह से प्रयोग में नहीं लाई जाती का भी विकास होगा।

1.12 सातवीं पंचवर्षीय योजना से पहले प्रदेश में केवल एक हवाई पट्टी कुल्लू घाटी के भुन्तर नामक स्थान में थी। सातवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान दो हवाई पट्टियां शिमला में जुब्बड़-हट्टी तथा कांगड़ा में गग्गल का कार्य शुरू किया गया। शिमला हवाई अड्डा मई, 1987 में चालू किया गया तथा गग्गल हवाई अड्डा मई, 1990 में चालू हुआ। इन हवाई अड्डों से शिमला तथा कांगड़ा घटियां देश के अन्य भागों से वायुमार्ग द्वारा जुड़ गई हैं। इसके अतिरिक्त डोडराक्वार, काजा, किलांग, किलाड़, रोहड़ू, वानकूफर, तावो, छरावड़ा तथा रामपुर में हैलीपैड की सुविधा उपलब्ध है। भरमौर तथा चम्बा में हैलीपैड निर्माण कार्य प्रगति पर है। शिमला हवाई अड्डे के रनवे के विस्तार का कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है तथा इस पर अधिक क्षमता वाले हवाई जहाजों को उतारने की सम्भावना है ।

1.13 नंगल डैम से ऊना तक 16 किलोमीटर की बड़ी रेलवे लाईन के चालू हो जाने से वर्ष 1990-91 में हिमाचल प्रदेश भारतीय रेलवे के बड़ी लाईन वाले मानचित्र पर उभर गया है ।

2. जनसंख्या

2.1 हिमाचल प्रदेश की जनसंख्या जोकि 1981 की जनगणना के अनुसार 42.81 लाख थी बढ़कर 1 मार्च, 1990 को 50.26 लाख होने का अनुमान है । जनसंख्या का घनत्व प्रदेश के लिए (व्यक्ति प्रतिवर्ग कि0मी0) 77 था और समस्त भारत के लिए यह 216 था । निम्न तालिका में प्रदेश व देश की जनसंख्या से सम्बन्धित मुख्य विशेषताएं दर्शाई गई हैं—

जनसंख्या आंकड़े (1981 की जनगणना के अनुसार)

मद	हिमाचल प्रदेश	भारत
1	2	3
1. जनसंख्या (लाखों में)		
(क) पुरुष	21.70	3,544.0
(ख) स्त्री	21.11	3,307.8
कुल	42.81	6,851.8
2. दस-वर्षीय वृद्धि दर (1971-81) (प्रतिशत)	23.71	25.00
3. घनत्व (व्यक्ति प्रति वर्ग कि0मी0)	77	216
4. लैंगिकअनुपात (1000 पुरुषों के पीछे स्त्रियों की संख्या)	973	933
5. साक्षरता (प्रतिशत)	42.48	36.23
6. शहरी जनसंख्या (योग से प्रतिशत)	7.61	23.31

जनसंख्या की वृद्धि

2.2 वर्ष 1971 से 1981 के दौरान जनसंख्या में दस वर्षीय वृद्धि दर 23.71 प्रतिशत थी जबकि वर्ष 1961 से 1971 के दौरान वृद्धि दर 23.04 प्रतिशत थी । राष्ट्रीय स्तर पर दस वर्षीय वृद्धि दर 1971-81 व 1961-71 के दौरान क्रमशः 25.00 प्रतिशत और 24.80 प्रतिशत थी ।

परिवार का आकार

2.3 प्रदेश में 1981 जनगणना के अनुसार परिवारों की संख्या 7.84 लाख थी और परिवार का आकार 5.5 था ।

लैंगिक अनुपात

2.4 लैंगिक अनुपात अर्थात् प्रति हजार पुरुषों के पीछे स्त्रियों की संख्या इस शताब्दी के आरम्भ से प्रदेश में लगातार बढ़ रहा है जोकि 1901 में 884 से 1981 में 973 हो गया । राष्ट्रीय स्तर पर लगिक अनुपात 1901 में 972 तथा 1981 में 933 था ।

नगरीय

2.5 नगरीय जनसंख्या की प्रतिशतता देश में राष्ट्रीय स्तर से हमेशा कम रही और प्रदेश की प्रतिशतता 1981 जनगणना के अनुसार भी 7.61 रही जबकि राष्ट्रीय स्तर पर यह 23.31 थी । शिमला जिला के अतिरिक्त जिसकी शहरी जनसंख्या 15.69 प्रतिशत थी, अन्य जिले जहां पर शहरी जनसख्या की अधिक प्रतिशतता रही वह सोलन (10.76), सिरमौर (8.74), ऊना (7.72), मण्डी (7.33), कुल्लू (7.09) तथा चम्बा (6.84) है ।

अनुसूचित जातियों तथा जनजातियों की संख्या

2.6 प्रदेश में 1981 जनगणना के अनुसार अनुसूचित जातियों की जनसंख्या 10,53,958 और जन-जातीय जनसंख्या 1,97,263 थी । अनुसूचित जाति जनसंख्या की कुल जनसंख्या से प्रतिशतता 24.62 तथा जन-जातीय जनसंख्या की प्रतिशतता 4.61 थी । ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाली अनुसूचित जाति जनसंख्या की प्रतिशतता 94.6 और जन-जातीय जनसंख्या 98.4 थी । अनुसूचित-जाति और जन-जाति जनसंख्या का दस वर्षीय वृद्धि दर क्रमशः 36.95 तथा 39.30 प्रतिशत था जबकि प्रदेश का दस-वर्षीय

वद्धि दर 23.71 प्रतिशत था । अत्याधिक गरीबी, सामान्यत: कम साक्षरता और रहन-सहन ठीक न होना अनुसूचित जाति व जन-जाति की जनसंख्या में अधिक वृद्धि के कारण हैं।

धर्मानुसार जनसंख्या

2.7 प्रदेश में 4 मुख्य धर्म थे । वास्तव में सबसे अधिक हिन्दू जोकि 40,99,706 थे (95.8 प्रतिशत), उसके बाद मुसलमान 69,613 (1.6 प्रतिशत), बौद्ध 52,629 (1.2 प्रतिशत) और सिख 52,209 (1.2 प्रतिशत) आते थे। ईसाई कुल जन-संख्या का केवल 0.1 प्रतिशत तथा जैन 0.02 प्रतिशत थे।

आयु वर्गों के अनुसार जनसंख्या

2.8 प्रदेश की जनसंख्या का आयु वर्गीकरण दर्शाता है कि 1981 में 0—14 वर्ष के आयु वर्ग में 17.0 लाख बच्चे (39.7 प्रतिशत), 15—59 वर्ष के आयु वर्ग में 22.6 लाख व्यक्ति (52.8 प्रतिशत) तथा 60 वर्ष तथा उससे अधिक आयु वर्ग में 3.2 लाख व्यक्ति (7.5 प्रतिशत) थे।

3. राज्य आय

राज्य घरेलू उत्पाद

3.1 राज्य आय अथवा राज्य घरेलू उत्पाद किसी भी राज्य के आर्थिक विकास का सर्वोचित मापदंड है । वर्ष 1980-81 के आधार पर स्थिर भावों पर वर्ष 1988-89 में प्रदेश का घरेलू उत्पाद 943.72 करोड़ रुपयों से बढ़कर वर्ष 1989-90 में 1047.47 करोड़ रुपये हो गया । वर्ष 1989-90 में प्रदेश के आर्थिक विकास की दर 11.0 प्रतिशत रही जबकि राष्ट्रीय स्तर पर यह विकास दर 5.2 प्रतिशत है । राष्ट्रीय स्तर की तुलना में प्रदेश की अधिक विकास दर का मुख्य कारण प्रदेश में खाद्यान्न उत्पादन तथा सेब उत्पादन में हुई महत्वपूर्ण वृद्धि है । खाद्यान्न उत्पादन जो कि वर्ष 1988-89 में केवल 11.4 लाख टन था वर्ष 1989-90 में बढ़कर 13.7 लाख टन हुआ और सेब उत्पादन भी वर्ष 1988-89 में 1.65 लाख टन की तुलना में वर्ष 1989-90 में 3.95 लाख टन हुआ । हिमाचल प्रदेश की अर्थव्यवस्था मुख्यत: कृषि पर ही निर्भर है । इस वर्ष भी कुल राज्य आय का लगभग 32 प्रतिशत कृषि क्षेत्र से ही प्राप्त हुआ है । सम्भावित अनुमानों के आधार पर वर्ष 1990-91 में विकास दर लगभग 4 से 5 प्रतिशत आने की सम्भावना है ।

3.2 सांतवीं पंचवर्षीय योजना में प्रदेश में औसत विकास दर 7.6 प्रतिशत रही जोकि राष्ट्रीय विकास की 5.6 प्रतिशत दर से काफी अधिक है । इस योजना के दौरान प्रति वर्ष आर्थिक विकास दर नीचे सारणी में दी गई है :—

वार्षिक आर्थिक विकास दर

(प्रतिशत)

वर्ष	हिमाचल प्रदेश	समस्त भारत
1	2	3
1985-86	13.2	4.8
1986-87	7.3	3.6
1987-88	(–) 0.9	3.5
1988-89 (अस्थाई)	7.4	11.1
1989-90 (द्रुत)	11.0	5.2
औसत सांतवी योजना ..	7.6	5.6

प्रति व्यक्ति आय

3.3 राज्य आय के द्रुत अनुमानों के अनुसार 1989-90 मे प्रदेश में प्रति व्यक्ति आय 4,005 रुपये है जबकि राष्ट्रीय स्तर पर प्रति व्यक्ति आय 4,252 रुपये है ।

विभिन्न क्षेत्रों के अधीन प्रगति

3.4 वर्ष 1989-90 में प्रदेश की राज्य में सबसे अधिक अनुदान प्राथमिक क्षेत्रों का था जो कि 40.76 प्रतिशत है । गौण क्षेत्रों का प्रतिशत योगदान 21.38, सामुदायिक व वैयक्तिक सेवाओं का 20.61, वित्त एंव स्थावर सम्पदा का योगदान 8.97 तथा परिवहन संचार एवं व्यापार का 8.28 प्रतिशत रहा ।

3.5 इन मुख्य क्षेत्रों के अन्तर्गत सांतवी योजना की अवधि में हुए आर्थिक विकास का विवरण निम्न प्रकार से है :—

प्राथमिक क्षेत्र

3.6 प्राथमिक क्षेत्रों में सातवीं पंचवर्षीय योजना में औसत वार्षिक विकास दर 7.7 प्रतिशत रही। कृषि एवं फल उत्पादन में आई वृद्धि अथवा कमी के अनुसार इस क्षेत्र की प्रगति में भी काफी उतार चढ़ाव रहे ।

गौण क्षेत्र

3.7 गौण क्षेत्रों के अधीन सातवीं पंचवर्षीय योजना के दौरान औसत विकास दर 8.6 प्रतिशत रही ।

परिवहन संचार एवं व्यापार

3.8 सातवीं पंचवर्षीय योजना में इस क्षेत्र के अधीन औसत विकास दर 6.8 प्रतिशत रही । वर्ष 1987-88 में इस क्षेत्र के विकास दर में भी 2 प्रतिशत की कमी आ गई क्योंकि व्यापार एवं वाणिज्य क्षेत्र का विकास काफी सीमा तक खाद्यान्न उत्पादन व सेवों के उत्पादन से प्रभावित होता है ।

वित्त एवं स्थावर सम्पदा

3.9 इस क्षेत्र में बैंक व बीमा, स्थावर सम्पदा, आवासों का स्वामित्व एवं व्यावसायिक सेवायें सम्मिलित हैं । सातवीं पंच वर्षीय योजना में इस क्षेत्र की विकास दर 7.8 प्रतिशत रही जबकि वर्ष 1989-90 में इस क्षेत्र की विकास दर केवल 7 प्रतिशत है ।

सामुदायिक एवं वैयक्तिक सेवाएं

3.10 सातवीं पंच वर्षीय योजना में इस क्षेत्र की औसत वार्षिक विकास दर 8.7 प्रतिशत रही ।

खाद्यान्न उत्पादन

('000 टन में)



4. कृषि

4.1 कृषि हिमाचल प्रदेश के लोगों का प्रमुख व्यवसाय है अतः यह प्रदेश की अर्थव्यवस्था के लिये अत्यन्त महत्वपूर्ण है। इससे प्रदेश में लगभग 71 प्रतिशत कार्यरत जनसंख्या को रोजगार उपलब्ध होता है । प्रदेश के कुल 55.7 लाख हैक्टयर भौगोलिक क्षेत्र म से 6.21 लाख हैक्टेयर क्षेत्र खेती के अन्तर्गत आता है । इसमें मुख्यतः लघु एवं सीमांत कृषकों द्वारा खेती की जाती है । कृषि विभाग यहां के कृषकों के लिये उन्नत तकनीकी के साथ-साथ समय-समय पर कृषि सम्बन्धी उपकरण जैसे कि उन्नत बीज उर्वरक, पौध संरक्षण तथा उन्नत कृषि औजार आदि भी उपलब्ध करवाता है । बीस-सूत्रीय कार्यक्रम के अन्तर्गत शुष्क खेती, तिलहन और दालों के बीज के विकास, बायोगैस संयन्त्र लगाना जो कि ऊर्जा स्रोत का एक विकल्प है के विकास पर बल दिया जा रहा है। 20 सूत्रीय कार्यक्रम के अन्तर्गत कृषि क्षेत्र में की गई उपलब्धियों का वर्णन निम्नलिखित है :--

सूत्र--1 सिंचाई स्त्रोतों का विकास तथा शुष्क खेती को उत्पादन सामग्री की आपूर्ति और तकनीकी जानकारी के प्रसार में वृद्धि लाना

4.2 हिमाचल प्रदेश में लगभग 80 प्रतिशत कृषि क्षेत्र वर्षा पर निर्भर करता है । परन्तु वर्षा की बौछार प्रदेश में समान रूप से नहीं पड़ती है। फसलों के उत्पादन हेतु कृषि विभाग कृषकों को शुष्क कृषि प्रणाली अपनाने की प्रेरणा देता है जो काफी लोकप्रिय हो रही है । इस प्रणाली के अन्तर्गत कृषकों को खरीफ की फसल के बाद भूमि में नमी बनाये रखने, फसलों की उचित किस्में, उन्नत बीज की किस्में तथा उर्वरकों का उचित उपयोग, खरपतवारों का विनाश तथा आपात के समय खेती इत्यादि के विषय म प्रशिक्षण दिया जाता है तथा कृषकों को इन विषयों सम्बन्धी शिक्षित करने के लिए प्रशिक्षण शिविर आयोजित किये गये।

4.3 वर्ष 1990-91 में 95 लघु जलाशय शैड गहन विकास के लिये चुने गये तथा दिसम्बर 1990, तक 93 लघु जलाशय का कार्य पूर्ण कर लिया गया था । इन लघु जलाशयों से 9,500 हैक्टेयर भूमि पर सिंचाई की सम्भावना है तथा 71,500 हैक्टेयर क्षेत्र की सिंचाई इसके बाहर कराने का लक्ष्य है । वर्ष के दौरान 17,500 सुधरे कृषि यंत्र वितरित किये जायेंगे ।

सूत्र—2 दालों तथा तिलहनों के उत्पादन में वृद्धि हेतु विशेष प्रयत्न करना

4.4 वर्ष 1990-91 के दौरान 30,000 टन दालों तथा 21,500 टन तिलहनों का उत्पादन होने की आशा है । वर्ष 1990-91 में दालों तथा तिलहनों का उत्पादन बढ़ाने के लिये दिसम्बर, 1990 तक लगभग 3000 क्विंटल दालों तथा 803 क्विंटल तिलहनों के बीज कृषकों को दिये गये ।

सूत्र--7 अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जन जातियों के लोगों का विकास

4.5 इस कार्यक्रम के अन्तर्गत अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के लोगों के लिये विशेष घटक योजना द्वारा अनुदान पर कृषि उत्पादन सामग्री तथा उपकरण उपलब्ध कराने के साथ-साथ तकनीकी जानकारी भी प्रदान की गई । इसके साथ-साथ इनको कृषि की नई तकनीकी जानकारी सम्बन्धी प्रदर्शन दिये गए ।

सूत्र—12 बायोगैस का विकास

4.6 वर्ष 1990-91 म 3,200 बायोगैस संयन्त्र लगाने का लक्ष्य रखा गया था जिसमें से दिसम्बर, 1990 तक 1,834 बायोगैस संयन्त्र लगाये जा चुके थे। वर्ष 1991-92 के दौरान 3,500 बायोगैस संयन्त्र लगाने का लक्ष्य रखा गया है । प्रदेश ने इस क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धि प्राप्त की है ।

खाद्यान्न उत्पादन

4.7 वर्ष 1990-91 के लिए खाद्यान्न उत्पादन का लक्ष्य 13.80 लाख टन रखा था जबकि वर्ष 1991-92 के लिये 14.40 लाख टन खाद्यान्न उत्पादन होने की सम्भावना है । इस लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निम्न कदम उठाये जा रहे है :—

(1) अधिक उपज देने वाली फसलों की किस्मों का कार्यक्रम

4.8 कृषि विभाग अधिक क्षेत्र को ज्यादा उपज देने वाली किस्मों के अन्तर्गत लाकर उत्पादन बढ़ाने के लिये निरन्तर प्रयास

कर रहा है । इस कार्यक्रम के अन्तर्गत उपलब्धियों का विवरण निम्न तालिका में दिया गया है :--

फसल का नाम	इकाई	उपलब्धियां		संभावित लक्ष्य
		1989-90	1990-91	1991-92
1	2	3	4	5
1. मक्की	'000 है0	100.00	102.00	120.00
2. धान	'000 है0	91.25	92.00	92.00
3. गेहूं	'000 है0	337.00	340.00	360.00

(2) उर्वरक

4.9 रासायनिक खाद कृषि उत्पादन को बढ़ाने, में विशेष भूमिका निभाती है विशेषकर जब उसे अधिक उपज देने वाले बीजों के स. प्रयोग में लाया जाये तथा खाद का उसी मात्रा में उपयोग किया जाये जिस मात्रा की सिफारिश की गई हो । रासायनिक खाद को लोकप्रिय बनाने के लिये किये गए प्रयासों के कारण कृषक वर्ग में इस खाद की मांग काफी बढ़ रही है तथा प्रदेश में उर्वरकों की खपत बढ़ी है जैसे निम्न तालिका में दर्शाया गया है :--

(पौष्टिक रूप में खपत)
('000 मीट्रिक टन)

मद	उर्वरक की खपत			
	1989-90	1990-91 लक्ष्य	सितम्बर,90 तक की उपलब्धियां	1991-92 लक्ष्य
नाईट्रोजन (एन)	23.62	24.44	17.04	28.25
फासफोरस ($पी_2ओ_5$)	5.27	5.50	2.14	5.50
पोटाश ($के_2ओ$)	3.81	3.75	0.83	4.25
योग	32.70	33.69	20.01	38.00

उर्वरक के प्रयोग के अतिरिक्त, हरी खाद को प्रयोग करने पर भी जोर दिया जा रहा है ।

(3) पौध संरक्षण

4.10 फसलों के उत्पादन को बढ़ाने के लिये यह बहुत जरूरी है कि फसलों को इन में लगने वाली बिमारियों, कीट व कीट-नाशकों से बचाया जाये । वर्ष 1990-91 में 4.24 लाख हैक्टेयर सस्यगत क्षेत्र विभिन्न पौध संरक्षण उपायों के अन्तर्गत लाने का प्रस्ताव है जबकि वर्ष 1989-90 में कुल 4.18 लाख हैक्टेयर क्षेत्र इन उपायों के अधीन आने की सम्भावना है । 1990-91 के दिसम्बर, माह तक 3.95 लाख हैक्टेयर क्षेत्र पौध संरक्षण उपायों के अन्तर्गत लाया जा चुका था।

मिट्टी की जांच

4.11 वर्ष 1991-92 में सितम्बर, 1990 तक 41,335 मिट्टी के नमूनों को एकत्र किया गया तथा प्रदेश की विभिन्न प्रयोगशालाओं में इनका विश्लेषण किया गया । वर्ष 1991-92 के लिये 68,500 मिट्टी के नमूनों का प्रयोगशालाओं में विश्लषण करने का लक्ष्य है।

वाणिज्य फसलें

(1) आलू

4.12 आलू हमारे प्रदेश की बहुत ही महत्वपूर्ण नकदी फसल है जिस पर विशेषत: जिला शिमला तथा लाहौल-स्पिति के कृषकों को आर्थिक स्थिति निर्भर करती है । उत्पादकों को उचित मूल्य दिलाने के लिए तथा ग्राहकों को उन्नत किस्म का बीज उपलब्ध

करवाने के उद्देश्य से प्रदेश में "हिमाचल प्रदेश बीज आलू नियन्त्रण आदेश" लागू किया ताकि ग्रेडिंग का स्तर बीज की शुद्धता आदि को सुनिश्चित किया जा सके । बीज प्रमाण एजन्सी ने 16,400 टन आलू के बीज प्रमाणित किए तथा 31,200 टन आलू का बीज तथ खाने के आलू का देश के अन्य आलू उत्पादक राज्यों को निर्यात किया ।

(2) **सब्जियां**

4.13 प्रदेश का विशेष जलवायु बेमौसमी सब्जियां उगाने के लिये अनकूल है । इन सब्जियों को उगाने के लिये कृषकों को तकनीकी सहायता तथा आवश्यक आदान समय पर उपलब्ध करवाये जात हैं । वर्ष 1991-92 में 3.68 लाख टन सब्जियों का उत्पादन होने की आशा है ।

(3) **अदरक**

4.14 अदरक मुख्यत: प्रदेश के जिला सिरमौर, सोलन, बिलासपुर तथा शिमला में उगाया जाता है । वर्ष 1989-90 में 2,100 टन सूखा अदरक उगाया गया तथा वर्ष 1991-92 में 2,750 टन सूखा अदरक पैदा करने का प्रस्ताव है ।

कृषि विपणन

4.15 किसानों को उन की उपज का उचित मूल्य दिलवाने हेतु "हिमाचल प्रदेश कृषि उत्पादन विपणन ऐक्ट, 1969" प्रदेश में लागू रहा । समस्त प्रदेश को इस एक्ट के अन्तर्गत लाने के प्रयत्न किये जा रहे हैं । जिला कांगड़ा में चक्की ब्रिज तथा सोलन जिला में परवाणु में नियन्त्रित मण्डियां बनाने का निर्माण कार्य प्रगति पर रहा । उसी प्रकार कोटी, पलांगी, जगजीतनगर, भून्तर, टकौली, खैरी, बैजनाथ तथा जैसूर में सब-मार्किट यार्डस बनाने का निर्माण कार्य भी जारी रहा । वष 1991-92 में 2 मार्किट यार्डस तथा 8 मार्किट सब-यार्डस का निर्माण करने का प्रस्ताव है ।

4.16 वर्ष 1990-91 में कृषि सम्बन्धी सूचनायें कृषि आंकड़े, बीज जांच व प्रमाणीकरण, कृषि प्रशिक्षण केन्द्र तथा कृषि इजीनियरिंग जैसी उपयोगी सेवाएं भी किसानों को उपलब्ध करवायी गई ।

4.17 उपरोक्त कार्यक्रमों के अतिरिक्त केन्द्र द्वारा प्रयोजित योजनाएं उत्पादन तथा क्षेत्र के अनुमानों को तैयार करने की समयबद्ध प्रतिवेदन योजना तथा फसल सम्बन्धी आंकड़ों में सुधार वर्ष 1990-91 में इसके साथ ही केन्द्र द्वारा प्रायोजित "राष्ट्रीय तिलहन बीज विकास प्रोजैक्ट" के अधीन रबी तिलहन बीजों की 4,741 मिनि किटस और इतनी ही किटस खरीफ तिलहन बीजों की दिसम्बर 1990 तक वितरित की गई । इस योजना के अन्तर्गत किसानों को विभिन्न प्रदर्शनों द्वारा तिलहनों की उन्नत तकनीकों को अपनाने तथा भू-संरक्षण तरीकों को अपनाने के लिये शिक्षित किया जाता है । इसी प्रकार से "दालों के विकास" की केन्द्र द्वार प्रायोजित योजना क अधीन दालों की 526 मिनि किटस दिसम्बर, 1990 तक बांटी गई ।

भू-संरक्षण

4.18 कृषि क्षेत्रों में भू-संरक्षण उपायों को अपनाने के लिए प्रदेश सरकार प्रदेश के किसानों की 50 प्रतिशत का अनुदान और 50 प्रतिशत के ऋण देती है । वर्ष 1990-91 में 1800 हैक्टेयर क्षेत्र में भू-संरक्षण उपायों के अधीन लाने की संम्भावित उपलब्धि की तुलना में वर्ष 1991-92 में 2200 हैक्टयर क्षेत्र इन उपायों के अधीन लाने का प्रस्ताव है । इसके अतिरिक्त केन्द्रीय योजना के अधीन 1991-92 में 1,730 हैक्टयर क्षेत्र भू-संरक्षण के अधीन लाने का प्रस्ताव है जबकि जनवरी, 1991 तक 1,120 हैक्टेयर क्षेत्र इन कार्यक्रमों के अधीन लाया जा चुका है ।

उद्यान

4.19 हिमाचल प्रदेश में विभिन्न फल/फसलों को उपजाने के लिए यहां की जलवायु तथा वनस्पति स्रोत बहुत उचित हैं । अधिक उत्पादन तथा प्रति इकाई क्षेत्रफल उत्पादक से अधिक आय होने के फलस्वरूप प्रदेश में उद्यान ग्रामीण लोगों की आर्थिक व सामाजिक दशा सुधारने में प्रमुख भूमिका निभा रहा है । सेब का उत्पादन अभी भी फल उत्पादन में मुख्य स्थान रखता है । साथ ही साथ अन्य फसलें भी जैसे नीम्बू प्रजाति के फल, आम, गूटलीदार फल आदि का उत्पादन धीरे-धीरे बढ़ता जा रहा है ।

वर्ष 1990–91 में उद्यान क्षेत्र में हुई मुख्य उपलब्धियों का उल्लेख निम्नलिखित है :—

फलों के अन्तर्गत क्षेत्रफल

4.20 वर्ष 1990-91 में फल पौधों के अन्तर्गत 7,000 हैक्टेयर अतिरिक्त क्षेत्र को लाने का लक्ष्य था परन्तु माह दिसम्बर, 1990 के अन्त तक लगभग 3,215 हैक्टेयर अतिरिक्त क्षेत्रफल फल पौधों के अन्तर्गत लाया गया तथा वर्ष के अन्त तक पूरा लक्ष्य प्राप्त

करने की सम्भावना है। फल पौधे शीत ऋतु में लगाये जाते हैं। 17.50 लाख फल पौधों के वितरण के लक्ष्य के स्थान पर माह दिसम्बर, 1990 तक 7.76 लाख फल पौधों का वितरण किया गया ।

फलोत्पादन

4.21 वर्ष 1989-90 के दौरान 4.60 लाख टन फलों का रिकार्ड उत्पादन हुआ है। वर्ष 1990-91 में सभी प्रकार के फलों के उत्पादन की क्षमता 4.83 लाख टन है जबकि दिसम्बर, 1990 तक प्रदेश में 4.10 लाख टन फलों का उत्पादन हो चुका है और वर्ष 1990-91 के दौरान 4.25 लाख टन फल उत्पादन होने की सम्भावना है।

4.22 इस कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्ष 1990-91 में दिसम्बर, 1990 तक 1.57 लाख फल पौधों को तुलना में 0.74 लाख पौधों की कलमबन्दी की जा चुकी है। इसमें जंगली पौधों को शीर्ष कलमबन्दी द्वारा उत्तम किस्मों में बदल कर उनसे अधिक लाभ उठाया जाता है क्योंकि सामान्यतया शीर्ष कलमबन्दी का कार्य बसन्त ऋतु में किया जाता है अतः चालू वर्ष के अन्त तक लक्ष्य प्राप्त कर लेने की सम्भावना है।

पौध संरक्षण

4.23 वर्ष 1990-91 में 1.40 लाख हैक्टेयर क्षेत्र बागवानी क्षेत्र पौध संरक्षण कार्यों के अन्तर्गत लाने का लक्ष्य था। दिसम्बर, 1990 तक लगभग 0.94 लाख हैक्टेयर क्षेत्र पौध संरक्षण कार्यों के अन्तर्गत लाया गया जिसके वर्ष के अन्त तक पूरा हो जाने की संभावना है, क्योंकि पौध संरक्षण कार्य शीत व बसन्त ऋतु के महीनों में किए जाते हैं। इसके अतिरिक्त 60,000 हैक्टेयर क्षेत्र को स्कैब रोग की रोकथाम के अन्तर्गत लाने के लक्ष्य में से लगभग 31,000 हैक्टेयर सेब के बागीचों का क्षेत्र स्कैब रोग रोधक कार्यक्रम के अन्तर्गत लाया जा चुका है। इसके साथ-साथ बागवानों को फल पौधों पर कीटों और बिमारियों को रोकथाम के लिए दिसम्बर, 1990 तक लगभग 1.42 मीट्रिक टन कीटनाशक एवं फफूंद नाशक दवाईयां, जिनकी कीमत 1.36 करोड़ रूपय थी, वितरित की गई।

उद्यान उद्योग में विविधता लाना

4.24 उद्यान उद्योग में विविधता लाने के लिए प्रदेश में अन्य फलों जैसे कि जैतून, अंजीर, होप्स, खुम्ब, पिस्ता इत्यादि की खेती को बढ़ाने के लिए विशेष प्रयत्न किये जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त उद्यान सम्बन्धित सहायक उद्योग जैसे मधुमक्खी पालन आदि को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। जैतून के विकास के लिए प्रदेश में इटली सरकार की सहायता से एक परियोजना बजौरा (कुल्लू जिला) में कार्यान्वित की जा रही है जिसका तीन वर्ष अवधि का प्रथम चरण नवम्बर, 1984 से दिसम्बर, 1987 की अवधि में पूर्ण कर लिया गया तथा इसके अन्तर्गत इटली से लगभग 60 उद्यानपतियों का बजौरा में परिचय करवाया गया जिसमें 17 उद्यानपति केवल जैतून की बागवानी में ही कार्यरत थे। इस तीन वर्षीय योजना का द्वितीय चरण 1990-91 से आरम्भ किया जा चुका है। होप्स उत्पादन जो आजकल केवल लाहौल घाटी तक सीमित है, की किन्नौर तथा पांगी के क्षेत्रों में भी उगाये जाने के प्रयत्न किय जा रहे हैं। दिसम्बर, 1990 तक होप्स की खेती के अन्तर्गत 1.25 हैक्टेयर अतिरिक्त क्षेत्र लाया गया है तथा 41.3 टन हरा कोन्स उत्पादित हुआ। पालमपुर में भारत-डच खुम्ब विकास परियोजना जो कि खुम्ब के उत्पादन में डच तकनीकी लाने के लिए 1985-86 में शुरू की गई थी। लगभग पूरी हो चुकी है तथा इस वर्ष के अन्त तक इस परियोजना के पूर्ण रूप से आरम्भ हो जाने की संभावना है। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत दिसम्बर, 1990 तक 346 टन खुम्ब का उत्पादन हुआ तथा इसके अतिरिक्त खुम्ब उत्पादकों को 2,014 टन पासचराईड़ खाद तथा 830 सपान की बोतलें दी गई। मधु पालन कार्यक्रम के अन्तर्गत 227 मौन वंश बागवानों को वितरित किए गये तथा वर्ष 1990-91 में दिसम्बर, 1990 तक 62 टन मधु का उत्पादन किया गया।

फलों का विपणन एवं विधायन

4.25 वर्ष 1990-91 की अवधि में प्रदेश से दिसम्बर, 1990 तक लगभग 3.32 लाख टन फलों का निर्यात किया गया। जिसमें से 3.07 लाख टन सेब निर्यात हुआ। फल उत्पादकों को उचित मूल्य प्राप्त करवाने के उदेश्य से प्रदेश सरकार ने मण्डी मध्यस्थता स्कीम के अन्तर्गत कुछ फलों जैसे सेब, संगतरा, किनू तथा मालटा पर समर्थन मूल्य दिया।

4.26 उद्यान विभाग द्वारा इस वर्ष दिसम्बर, 1990 तक 1,209 बागवानों को फलों के वर्गीकरण तथा पेटियों में पैक करने की जानकारी देने हेतु प्रशिक्षण दिया गया तथा 10,000 पेटियों में प्रदर्शन के रूप में पैकिंग की गई। उद्यान विभाग की 9 फल विधायन इकाईयों द्वारा 1,240 बागवानों को घरेलू स्तर पर फल पदार्थ बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। इसके अतिरिक्त 114 टन फल का उत्पादन हुआ तथा सामूदायिक फल विधायन सेवा के अन्तर्गत 32 टन फल पदार्थ तैयार किये।

कमजोर वर्गों के लिए उद्यान विकास

4.27 इस कार्यक्रम के अन्तर्गत कमजोर वर्गों के उत्थान के लिए प्रदेश में बागवानी विकास के अन्तर्गत 1,066 अनुसूचित जाति तथा 66 अनुसूचित जनजाति के परिवारों की लाभान्वित किया गया। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत अनुसूचित जाति व जनजाति के परिवारों की विशेष अपदान सहायता प्रदान की जाती है।

उद्यान उत्पादन


क्षेत्रफल
'000 हैक्टेयर
180
120
60
0
उत्पादन
'000 टन में
480
320
160
0
1983-84 84-85 85-86 86-87 87-88 88-89 89-90
सभी फल
सेव

सिंचाई

4.28 हिमाचल प्रदेश का कुल भौगोलिक क्षेत्रफल 55.7 लाख हैक्टेयर है। इसका बहुत बड़ा भाग निरन्तर बर्फ से ढका हुआ या वनों के अधीन अथवा बंजर, ढलानों का क्षेत्र है। इन प्राकृतिक कारणों से प्रदेश में अत्याधिक सिंचाई कठिन है, फिर भी ग्रामों के खण्डों मे और पहाड़ी ढलानों के साथ बोया गया क्षेत्र लघु सिंचाई के मूलरुप से अनुकूल है। प्रदेश की अर्थ व्यवस्था कृषि पर अत्याधिक निर्भर है। खेती के उन्नत उपाय, सिंचाई और सुधरे बीज खाद्यान्नों का उत्पादन बढ़ा सकते हैं। धरती के ऊपर तथा नीचे पानी के काफी स्रोत हैं जिनके उपयोग से खाद्यान्नों का उत्पादन बढ़ाया जा सकता है। यह अनुमान लगाया गया है कि प्राप्त क्षमता से कुल बोये क्षेत्र का 3.35 लाख हैक्टेयर मुख्य मध्यम व लघु सिंचाई परियोजनाओं द्वारा सिंचित किया जा सकता है।

मुख्य तथा मध्यम सिंचाई परियोजना

4.29 मुख्य तथा मध्यम सिंचाई योजनाओं के अन्तर्गत राज्य क्षेत्र में वर्ष 1990-91 की अवधि में 250 हैक्टेयर अतिरिक्त क्षेत्र में सिंचाई सुविधा उपलब्ध करवाने हेतु 270 लाख रूपये का प्रावधान रखा गया है तथा इस वर्ष के अन्त तक पूरा करने की आशा है।

लघु सिंचाई परियोजना

4.30 वर्ष 1990-91 के लिए 795.00 लाख रुपये की राशि का प्रावधान है जिससे 250 हैक्टेयर भूमि लघु सिंचाई के अन्तर्गत लाने की योजना है तथा चालू वित्तीय वर्ष के अन्त तक पूरा करने की आशा है।

4.31 यू0 एस0 ऐंड प्रोजैक्ट के अन्तर्गत 18.32 करोड़ रूपये का प्रावधान है जिससे 4,300 हैक्टेयर भूमि के सिंचाई के अन्तर्गत लाने और 6,750 हैक्टेयर भूमि का चक विकास करने का लक्ष्य है। इस परियोजना के अन्तर्गत 39.22 करोड़ रुपये की लागत से 9,981 हैक्टेयर भूमि को सिंचाई के अन्तर्गत लाया गया तथा 1,002 हैक्टेयर भूमि का चक विकास किया गया।

जल वितरण क्षेत्र

4.32 पहले ही से सर्जित सिंचाई सम्भावनाओं का सदुपयोग करने हेतु यह जरुरी है कि जल वितरण कार्यक्रम लागू किया जाए। इसके सही उपयोग के लिए फील्डचैनल, बराबन्दी इत्यादि का होना अत्यन्त जरुरी है। इस कार्य को मध्यम सिंचाई योजनाओं जैसे गिरी सिंचाई योजना, भवौर साहिब तथा बल्ह घाटी (प्रथम चरण) के लिए लागू किया जा रहा है। इन कार्यों के लिए राज्य क्षेत्र में वर्ष 1990-91 में 40 लाख रुपय का प्रावधान रखा गया है। इतनी ही राशि भारत सरकार केन्द्रीय सहायता के अन्तर्गत प्रदान करेगी। वर्ष 1990-91 के लिए 1,000 हैक्टेयर में फील्ड चैनल तथा 1000 हैक्टेयर में बराबंदी का निर्माण करन का लक्ष्य रखा गया है।

बाढ़ नियन्त्रण

4.33 वर्ष 1990-91 म 250 हैक्टेयर भूमि को बाढ़ से बचाने के लिए 90.00 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है।

कृषि गणना

4.34 वर्ष 1985–86 की कृषि गणना के अनुसार, हिमाचल प्रदेश में 7.53 लाख जोतें थी जो कि वर्ष 1980–81 पर 18 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाती हैं। इन जोतों का वर्ष 1985-86 तथा वर्ष 1980-81 में कुल क्षेत्र लगभग 9.80 लाख हैक्टेयर ही रहा। इसके परिणाम स्वरूप औसत जोत जो कि 1980–81 में 1.53 हैक्टेयर थी वर्ष 1985–86 में घटकर 1.30 हैक्टेयर हो गई। वर्ष 1985–86 में सीमान्त जोतों (1 हैक्टेयर) की संख्या 4.63 लाख हो गई जबकि वर्ष 1980–81 में 3.52 लाख थी जबकि लघु जोतों (1.0 से 2.0 हैक्टेयर) वर्ष 1980–81 में 1.40 लाख थी, वर्ष 1985–86 में बढ़कर 1.55 लाख हो गई। 0.5 हैक्टेयर तक की जोतें जो 1980–81 में 2.23 लाख थी वर्ष 1985–86 में बढ़कर 2.96 लाख हो गई और 0.5 से 1.0 हैक्टेयर तक की जोतें जो वर्ष 1980–81 में 1.29 लाख थी 1985–86 में बढ़कर 1.67 लाख हो गयी। लघु जोतों की तुलना मे 10.0 हक्टेयर व उससे अधिक जोतों की संख्या जो वर्ष 1980–81 में 6,954 थी वर्ष 1985–86 में घटकर 5,643 रह गई। सीमान्त व लघु जोतों (2.0 हैक्टयर और उससे कम की जोतें) के सम्बन्ध में वह प्रतिशता जो वर्ष 1980–81 में 77.2 थीं 1985-86 में बढ़कर 82.2 हो गई और उनके अधीन क्षेत्र की प्रतिशतता जो वर्ष 1980–81 में 35.4 थी बढ़कर 1985–86 में 43.2 हो गई। इसके विपरीत 10.0 हक्टेयर व इससे अधिक बड़ी जोतों की प्रतिशतता जो वर्ष 1980–81 में 1.1 थी वर्ष 1985–86 में घटकर 0.7 रह गई और उनके अधीन क्षेत्र जो वर्ष 1980–81 में 12.7 प्रतिशत था वर्ष 1985–86 में घटकर 9.7 प्रतिशत रह गया। इसके अतिरिक्त 1985–86 की कृषि गणना के अनुसार 7.53 लाख जोतों में से 1.80 लाख व 0.32 लाख जातें अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजातियों की थी कुल जोतों का 23.9 प्रतिशत व 4.3 प्रतिशत है। जहां तक उनका क्षेत्र में हिस्से का सम्बन्ध है वह 1.34 लाख हैक्टेयर अनुसूचित जाति

व 0.38 लाख हैक्टयर अनुसूचित जनजाति का है जोकि कुल 9.80 लाख हैक्टेयर क्षेत्र का 13.7 प्रतिशत व 3.9 प्रतिशत है । यदि अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति दोनों की जोतों व क्षेत्र में प्रतिशतता ली जाए तो वह 28.2 प्रतिशत व 17.6 प्रतिशत होती है ।

भूमि सुधार

4.35 भूमि सम्बन्धी तरीकों में सुधार नीति प्रदेश में वर्ष 1990--91 में भी लागू रही इस नीति के अन्तर्गत, (क) काश्तकार किसानों को भूमि का स्वामित्व दिलाना, (ख) भूमि जोतों में भिन्नता को कम करना, (ग) भू-एकत्रीकरण द्वारा जोतों के विभाजन को रोकना, (घ) भूमि रिकार्डस को बन्दोबस्त कार्यवाही द्वारा संशोधित करना और (ङ) परती भूमि/शामलात भूमि को भूमि हीनों और पात्र व्यक्तियों में आंबटन करना ।

स्वामित्व के अधिकार देना

4.36 हिमाचल प्रदेश काश्तकार एवं भूमि सुधार अधिनियम, 1972 गैर-स्वामित्व काश्तकारों को स्वामित्व का अधिकार देता है । प्रदेश में 4.34 लाख गैर-स्वामित्व काश्तकार थे (1.03 लाख शिमला मण्डल में, 1.07 लाख मण्डी मण्डल में व 2.24 लाख कांगड़ा मण्डल में) । जिनमें से 3.96 लाख को स्वामित्व के अधिकार दिये गये हैं (शिमला मण्डल में 0.97 लाख, मण्डी मण्डल में 0.92 लाख व कांगड़ा मण्डल में 2.07 लाख) । शेष 38,000 काश्तकार ऐसे हैं जिनके पास संरक्षण वर्ग जैसे बच्चे, विधवा, सेना में कार्यरत और अपंग व्यक्तियों के स्वामित्व की भूमि है ।

हिमाचल प्रदेश अधिकतम जोत भूमि अधिनियम, 1972

4.37 हिमाचल प्रदेश अधिकतम जोत भूमि अधिनियम, 1972 राष्ट्रीय मार्ग दर्शन रेखा के आधार वर्ष 1972 में लागू किया गया था । भूमि की सीमा तथा ऐसी अन्य शर्तों को छोड़कर विशेषकर लघु जोत के भूमि आकार आदि इस अधिनियम की शर्तें लगभग देश के दूसरे राज्य के समान ही हैं । दिसम्बर, 1990 तक शिमला मण्डल में 1,022 मामलों में से 1,016 मामलों को निपटाया गया तथा शेष 6 मामले शिमला मण्डल की विभिन्न अदालतों में विचाराधीन थे तथा कांगड़ा मण्डल ने 48,059 एकड़ भूमि को अधिशेष घोषित करके इसमें से 2,069 एकड़ भूमि अधिशेष भूमि उपयोग के अन्तर्गत आंवटित की, 24,818 एकड़ भूमि वन विभाग तथा 6,929 एकड़ भूमि मुजारों को हस्तान्तरित की गई तथा 1,793 एकड़ भूमि आंवटन योग्य है परन्तु इसमें खुदरों द्रखतान मलकीयत सरकार है । शेष 12,450 एकड़ भूमि चरान्द/घासनी या कृषि अयोग्य है ।

हिमाचल प्रदेश शामलात भूमि (निहित और उपयोग अधिनियम, 1974)

4.38 इस अधिनियम के अधीन धारा तीन के अन्तर्गत गांव की कुल शामलात भूमि भूमिहीनों और पात्र व्यक्तियों को सर्व कल्याण कार्य हेतु प्रदान की जा रही है । जहां कहीं भी आंवटन के लिए भूमि उपलब्ध है भूमि हीनों को दी जा रही है । शिमला मण्डल में सभी भूमिहीन तथा अन्य योग्य व्यक्तियों को भूमि दी जा चुकी है । अन्य योग्य व्यक्तियों तथा भूमिहीनों का पता लगाने के लिए नये सर्वेक्षण किये जा रहे हैं तथा ठीक पाए गए भूमिहीन तथा अन्य पात्र व्यक्तियों को भूमि दी जा रही है । मण्डी मण्डल में 5,037 भूमिहीन तथा 28,999 अन्य योग्य व्यक्तियों जिनकी पहचान की गई, में से अभी तक 5,037 भूमिहीन तथा 28,020 अन्य योग्य व्यक्तियों को भूमि दी गई । जहां तक शेष 979 योग्य व्यक्तियों को भूमि आवंटित करने का प्रश्न है वह वन (संरक्षण) अधिनियम 1980 के लागू होने के कारण नहीं दी जा सकी । कांगड़ा मण्डल में दिसम्बर, 1990 तक 2,125 भूमिहीनों तथा 578 बेघरों को जिनका 1981 व 1983 के सर्वेक्षण में पता लगाया था, कृषि के लिए व घर बनाने के लिए भूमि दी गई । शेष चिन्हित व्यक्तियों को कृषि योग्य अथवा घर निर्माण के लिए उपयुक्त भूमि उपलब्ध न होने के कारण भूमि नहीं दी जा सकी है ।

किसान पास बुकों का वितरण

4.39 किसान पास बुकों के वितरण का कार्य वर्ष 1990-91 में जारी रहा । प्रदेश में सितम्बर, 1990 तक 10.13 लाख पास बुकों को वितरित किया गया ।

भूमि एकीकरण

4.40 पुराने सर्वेक्षण की रिर्पोट के अनुसार कुल 49 लाख एकड़ भूमि भू-एकीकरण के योग्य है । इसमें से मार्च, 1990 तक 17.81 लाख एकड़ भूमि एकत्रित की जा चुकी है । भू-एकत्रिकरण कार्य कांगड़ा, ऊना, हमीरपुर, बिलासपुर, मण्डी और सोलन जिलों में प्रगति पर है । वर्ष 1990--91 में दिसम्बर, 1990 तक 46,727 एकड़ भूमि एकत्रित की गई जबकि लक्ष्य 77,250 एकड़ भूमि का है । वर्ष 1991--92 का लक्ष्य 77,250 एकड़ भूमि एकत्रित करने का है ।

पशुपालन

4.41 प्रदेश में पशु पालन के विकास कार्यक्रम में (1) पशु स्वास्थ्य और रोग नियन्त्रण, (2) मौजातीय पशु विकास,

(3) भेड़ प्रजनन एवं ऊन का विकास, (4) कुक्कुट विकास, (5) पशु आहार तथा चारा विकास, (6) दुग्ध विकास/घी वितरण योजना, और (7) पशु चिकित्सा सम्बन्धी शिक्षा सम्मिलित है। इन क्षेत्रों की 1990-91 की सम्भावित उपलब्धियां निम्नलिखित हैं।

पशु स्वास्थ्य और रोग नियन्त्रण

4.42 इस समय राज्य में 230 पशु चिकित्सालय, 514 औषधालय तथा 83 वाह्य औषधालय हैं जो पशु चिकित्सा और छूत के रोगों की रोकथाम के लिए टीके लगाते हैं। इसके अतिरिक्त प्रदेश में 14 चलते-फिरते औषधालय भी कार्य कर रहे हैं जो कि महामारी को फैलाने से रोकने के अतिरिक्त पशु चिकित्सा सुविधा शीघ्र पहुंचाते हैं। प्रदेश में 4 क्लोनिक प्रयोगशालाएं कार्य कर रही हैं जिनस पशुओं के विभिन्न रोग लक्षणों की तुरन्त जांच की जाती है। राज्य मुख्यालय में एक संनिरीक्षण इकाई कार्य कर रही है जिसके द्वारा पशुओं के रोग की जांच व रोगों का नियन्त्रण किया जाता है। वर्ष 1990-91 में पशु महामारी (रिडरपैस्ट) जो छूत की बिमारी है कि रोकथाम के लिए 4 चैकपोस्ट पंडोगा तथा मांदली जिला ऊना में, स्वारघाट जिला बिलासपुर में तथा मिलवा जिला कांगड़ा में कार्यरत हैं। इनकें द्वारा वर्ष 1990-91 में 50,000 आने-जाने वाले पशुओं को टीके लगाने का अनुमान है।

4.43 वर्ष 1990-91 में पशु चिकित्सा सहायता कार्यक्रम के अन्तर्गत विभिन्न संस्थाओं द्वारा निम्नलिखित उपलब्धियां होने की सम्भावना है :—

क्रम संख्या	मद्	1990-91 की सम्भावित उपलब्धियां ('000)
1	2	3
1.	छूत के रोगों से ग्रस्त पशुओं की चिकित्सा (अन्तरंग व वाह्य रोगी)	50.00
2.	अछूत के रोगों से ग्रस्त पशुओं की चिकित्सा (अन्तरंग व वाह्य रोगी)	1,905.00
3.	रोग ग्रस्त पशुओं को दवाई दी गई जो कि चिकित्सालय औषधालय आदि में नहीं लाए गए	23.00
4.	टीके लगाए गये	35.00
5.	वधियाकरण किया	102.00
6.	परिभ्रमण में दी गई चिकित्सा सुविधा	—
	(क) छूत	19.50
	(ख) अछूत	487.00
7.	परिभ्रमण वाधियाकरण	104.10
8.	परिभ्रमण में लगाए गए टीके	618.00

गोजातीय विकास

4.44 प्रजनन के लिए जर्सी नसल की सब जातियों से उचित माना गया है, इसलिऐ पहाड़ी गायों को जर्म प्लाजम वाले जर्सी से प्रजनन पर विशेष बल दिया जा रहा है। कुछ स्थानों पर जहां पशु आहार तथा चारा अधिक मात्रा में मिलता है, होलस्टेनफ्रिजियन नसल से प्रजनन का प्रबन्ध है। भैंसों को बिना वर्णित नसल सुधारने हेतु जमें हुए वीर्य से किन्नौर, कुल्लू तथा लाहौल स्पिति जिलों को छोड़कर सभी जिलों में कृत्रिम गर्भाधान सुविधाएं हैं। इसके अतिरिक्त गाय तथा भैंसों की प्राकृतिक गर्भाधान की सुविधाएं उपलब्ध हैं जहां कृत्रिम गर्भाधान की सुविधा उपलब्ध नहीं हैं। गोजातीय विकास कार्यक्रम की कार्यान्वित करने के लिए निम्नलिखित योजनाएं हैं :—

(क) **ग्राम सम्बर्धन योजना.**— इस योजना के अन्तर्गत 7 ग्राम सम्बर्धन ब्लाक तथा 51 ग्राम सम्बर्धन केन्द्रों द्वारा कृत्रिम गर्भाधान की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। यह योजना शिमला, सोलन, सिरमौर, हमीरपुर बिलासपुर तथा ऊना जिलों में कार्यरत है।

(ख) **पहाड़ी पशु विकास कार्यक्रम.**— यह कार्यक्रम शिमला, सोलन, ऊना, हमीरपुर, कांगड़ा, कुल्लू तथा चम्बा जिलों में चलाया जा रहा है।

(ग) **सघन गोजातीय विकास परियोजना.**— यह परियोजना घनाहट्टी में स्थित वीर्य बैंक से शिमला जिले की शिमला व सुन्नी तहसील में तथा सोलन जिला की तहसील अर्की में 22 केन्द्र/उपकेन्द्रों में चलाई जा रही है।

(घ) **चिकित्सालयों/औषधालयों तथा सांड केन्द्रों द्वारा प्रजनन सुविधाएं.**—प्रदेश में दूध उत्पादन बढ़ाने के लिए 306 चिकित्सालयों तथा औषधालयों द्वारा दोगली जाति के प्रजनन व कृत्रिम गर्भाधान द्वारा सुविधायें प्रदान की जाती हैं। इसके अतिरिक्त प्रदेश के अन्य क्षेत्रों में प्राकृतिक गर्भाधान की सुविधाएं प्रदान की जाती हैं जहां कृत्रिम गर्भाधान की सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं।

(ङ) **कृत्रिम गर्भाधान.**—उन क्षेत्रों में जहां चिकित्सालयों तथा औषधालयों की सुविधाएं प्राप्त नहीं हैं वहां 49 कृत्रिम गर्भाधान केन्द्रों द्वारा प्रजनन की सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं।

4.45 इस कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्ष 1990-91 में निम्नलिखित उपलब्धियां होने की सम्भावना है :—

क्रम संख्या	मद्द	वर्ष 1990–91 की सम्भावित उपलब्धियां	
		गाय	भैंस
1	2	3	4
1.	कृत्रिम गर्भाधान	1,80,000	27,000
2.	प्राकृतिक गर्भाधान	1,000	2,000
3.	कृत्रिम गर्भाधान से उत्पन्न बछड़े	73,000	8,500
4.	प्राकृतिक गर्भाधान से उत्पन्न बछड़े	800	1,700

4.46 प्रदेश में शुद्ध व अच्छी नस्ल के सांडों की आवश्यकता को शुरू करने के लिए 5 गोजातीय पशु प्रजनन फार्म कमान्द व भंगरोटू (मण्डी), कोठीपुरा (बिलासपुर), पालमपुर (कांगड़ा), तथा बागथन (सिरमौर) में कार्यरत हैं। इन सभी पशु प्रजनन फार्मों में पशुओं की कुल संख्या 491 है। ये फार्म विदेशी नस्ल के पशुओं के प्रबन्ध की समस्याओं के अध्ययन में भी सहायता करते हैं। तीन वीर्य कोष जिनमें एक गहरी जमी हुई प्रयोगशाला तथा 6 तरल नाईट्रोजन संयन्त्र हैं, राज्य में सांडों का जमा हुआ वीर्य विभिन्न कृत्रिम गर्भाधान केन्द्रों में आपूर्ति कर रहे हैं। इन कार्यक्रमों को लागू करने से वर्ष 1990-91 में 540 हजार टन दूध के उत्पादन की सम्भावना है। इस वर्ष 3 लाख गाय व 25,000 भैंसों के स्ट्रा बनाए गए तथा इसके अतिरिक्त 1,20,000 लिटर तरल नत्रजन के उत्पादन की सम्भावना है।

भेड़ प्रजनन तथा ऊन विकास

4.47 भेड़ों तथा ऊन में सुधार लाने के लिए सरकारी भेड़ प्रजनन फार्म ज्यूरी (शिमला), सरोल (चम्बा), नंगवाई (मण्डी), ताल (हमीरपुर), कड़छम (किन्नौर) और भेड़ और ऊन केन्द्र चूरा (चम्बा) राज्य में किसानों को उन्नत भेडें देते हैं। इन फार्मों में 2,237 भेड़ें थी। वर्ष 1990-91 में लगभग 850 उन्नत भेड़ें, किसानों को वितरित की जाने की सम्भावना है। भेड़ों की बढ़ती हुई मांग को ध्यान में रखते हुए तथा सोवियत मैरीनों और अमरिकन रैमबुलेट की ख्याति को देखते हुये सरकार ने वर्तमान सरकारी फार्मों पर प्रजनन कार्य शुरू कर दिया है। चार भेड़ प्रजनन केन्द्र कोठी कोहर (कांगड़ा), सरार (मण्डी), बागीपुल (कुल्लू), तथा डोडरा क्वार (शिमला) में कार्यरत हैं। भेड़ों के विकास के लिए विशेष पशु विकास परियोजना के अन्तर्गत छोटे व सीमान्त किसानों और कृषि मजदूरों को कम दर पर ऋण प्रदान करने की परियोजना जिला सिरमौर में चलाई जा रही है। इसके अतिरिक्त सघन भेड़ विकास कार्यक्रम जो चम्बा जिले की भरमौर, चम्बा व भटियात तहसीलों में लागू है, के अन्तर्गत भेड़ पालकों को उन्नत किस्म की भेडें दी जाती हैं तथा डिपिंग व डरेंचिंग की सुविधाओं के साथ चारागाहें उन्नत की जाती हैं। भेड़ पालकों को प्रशिक्षण देने का कार्यक्रम भी चलाया गया है। वर्ष 1990–91 में 14.20 लाख टन ऊन उत्पादन की सम्भावना है।

कुक्कुट विकास

4.48 सुधरी किस्म के कुक्कुट पक्षी वितरित करने तथा अण्डों से बच्चे निकालने के लिए प्रदेश में 14 कुक्कुट फार्म/केन्द्र कार्यरत हैं। वर्ष 1990–91 में निम्नलिखित उपलब्धियां होने की सम्भावना है :—

क्रम संख्या	मद्द	वर्ष 1990–91 की सम्भावित उपलब्धियां
1	2	3
1.	सरकारी फार्मों पर अण्डे देने वाली मुर्गियों की औसत संख्या	4,609
2.	अण्डों का उत्पादन	9,00,900
3.	चूजों का उत्पादन	2,05,200
4.	चूजे निकालने के लिए रखे गए अण्डे	2,68,500
5.	खाने के लिए अण्डों का विक्रय	6,17,000
6.	चूजे निकालने के लिए अण्डों का विक्रय	8,600
7.	प्रजनन के लिए पक्षियों का विक्रय	2,15,000
8.	खाने के लिए पक्षियों का विक्रय	86,000

4.49 विशेष पशुधन (कुक्कुट) उत्पादन कार्यक्रम के अन्तर्गत जो शिमला, बिलासपुर तथा ऊना जिलों में केन्द्रीय सरकार की वित्तीय सहायता से लघु एवं सीमान्त किसानों के लाभ के लिए हैं, वर्ष 1990-91 में 100 कुक्कुट इकाईयां स्थापित करने का लक्ष्य रखा गया है।

पशु आहार तथा चारा विकास

4.50 उच्च वर्ग के पशुओं का उत्पादन तथा संरक्षण उचित मात्रा में पौष्टिक पशु आहार तथा उन्नत चरागाहों की उपलब्धता पर निर्भर करता है। प्रदेश में चरागाहों व घासनियों तथा बीजों के विकास व वितरण और उन्नति के उद्देश्य हेतु सरकार अपने कार्यक्रमों को राज्य में पशु आहार के साधनों की उन्नति की ओर केन्द्रित कर रही है। अच्छी किस्म की घास को पौध किसानों तथा बागीचे वालों को कम मूल्य पर दी जा रही है।

डेयरी विकास तथा दुग्ध वितरण योजना

4.51 दुग्ध उत्पादकों को लाभकारी मूल्य दिलवाने तथा उपभोक्ताओं को उचित मूल्य पर शुद्ध दूध उपलब्ध करवाने के लिए कांगड़ा, चम्बा, कुल्लू तथा नाथपा झाखड़ी में चार दुग्ध वितरण योजनायें विभाग द्वारा चलाई जा रही हैं। वर्ष 1990-91 में इन योजनाओं के द्वारा 18.00 लाख लीटर दूध इक्ट्ठा करने का लक्ष्य है।

मत्स्य

4.52 हिमाचल प्रदेश विशाल एवं विभिन्न प्रकार के मत्स्य स्त्रोतों से सम्पन्न राज्य है जिससे ठण्डे जल से नदी-नालों और जलाशयों का जाल बिछा है जिसमें उष्ण कटिबन्धीय टैम्परेट व सब-टैम्परट की मत्स्य प्रजातियां हैं। मुख्यत: नदीय लक्यूस्ट्राईन, रिक्रीएशनल और पौंड़ फिशरिज में वर्गीकृत राज्य के जलों में मत्स्य विकास की काफी सम्भावना है। वर्ष 1990-91 के अन्तगत जहां एक ओर प्रदेश के जलाशयों में प्रति हैक्टेयर मत्स्य उत्पादन में वृद्धि कर रहा है वहां दूसरी ओर विदेशी सहायता से स्थापित की जा रही व्यवसायिक ट्राऊट परियोजना कुल्लू के निर्माण कार्य को समापन करने के विशेष प्रयत्न कर रहा है। प्रदेश में लगभग 10,000 मछुआरे अपनी रोजी मछली पकड़ने द्वारा प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कर रहे हैं। गोबिन्द सागर से इस वर्ष दिसम्बर, 1990 तक 574.97 मी0 टन मछली का उत्पादन किया गया जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि तक इस जलाशय से 565.38 मी0 टन मछली का उत्पादन हुआ था। इसी प्रकार पौंगडैम जलाशय से दिसम्बर, 1990 तक 301.79 मी0 टन मछली का उत्पादन हुआ जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में इस जलाशय से 294.73 मी0 टन मछली का उत्पादन हुआ था व गोबिन्दसागर जलाशय से प्रति वर्ष प्रति हैक्टेयर 80 कि0 ग्राम मत्स्य उत्पादन होने की आशा है। विभागीय फार्मों में अत्यन्त वाणिज्यिक किस्म की भारतीय मैजर कार्प मछली का उत्पादन करवाया गया। प्रदेश में दिसम्बर, 1990 तक कुल 3,146 मी0 टन मछली उत्पादन हुआ जबकि पिछले वर्ष की इसी अवधि में 2,916 मी0 टन मछली उत्पादन हुआ।

4.53 अनुसूचित जातीय विशेष घटक योजना और जनजातीय उपयोजना के अन्तर्गत 327 माहिगिर परिवारों को अनुदान दिया गया तथा फिश बीज फार्म, सांगला में 70,500 ट्राऊट ओवा का उत्पादन किया गया। विभिन्न कार्यकलापों के अन्तर्गत भौतिक उपलब्धियों का ब्यौरा निम्नतालिका में दिया गया है :—

क्रमांक	मद्द	लक्ष्य 1990-91	उपलब्धियां दिसम्बर, 1990 तक	उपलब्धियां मार्च, 1991 तक सम्भावित
1	2	3	4	5
1.	मत्स्य उत्पादन (टन)	5,500	3,146	5,500
2.	मत्स्य बीज उत्पादन-मिरर व मैजर कार्प, ट्राऊट (मिलियन)	25.00	18.00	22.00
3.	पंजीकृत मछुआरे (संख्या)	11,000	11,292	12,000
4.	अवैध मत्स्य आखेट के पकड़े गए मामले (संख्या)	—	1,076	1,150

वन

4.54 हिमाचल प्रदेश में वनों के अधीन कुल भौगोलिक क्षेत्रफल का 67.5 प्रतिशत अर्थात् 37,591 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र आता है। इन वनों से अखबारी कागज, रेयोन ग्रेड पल्प, आर्ट पेपर, गत्ता तथा कपड़ा उद्योग के लिए कच्चे माल के अतिरिक्त ऐसी जड़ी

बूटियां जो औषधियां तैयार करने के काम आती हैं, प्रचुर मात्रा में उपलब्ध हैं। इसके साथ-साथ वन, भू-संरक्षण तथा नदियों में पानी का बहाव उचित मात्रा में बनाये रखने में भी सहायता करते हैं जिसके फलस्वरुप बहुउद्देशीय विद्युत परियोजनाओं को भी संरक्षण मिलता है। हिमाचल प्रदेश सरकार की वन नीति में विद्यमान साधनों के संरक्षण, प्रबन्ध कार्य समुचित तरीके से चलाना तथा साथ-साथ इसकी नींव का विस्तार करना सम्मिलित है।

वन रोपण

4.55 इस कार्यक्रम के अन्तर्गत सितम्बर, 1990 के अन्त तक 1,273 हैक्टेयर क्षेत्र में शीघ्र बढ़ने वाली प्रजातियों जैसे चिल-गोजा के पेड़ लगाने, चरागाहों का सुधार इत्यादि कार्य किए गये जबकि लक्ष्य 1990–91 में 2,438 हैक्टेयर का रखा गया था। इसके अतिरिक्त वर्ष 1990–91 में 27,343 हक्टेयर लक्ष्य के मुकाबले सितम्बर, 1990 तक 10,244 हैक्टेयर क्षेत्र में 6.38 करोड़ रूपये खर्च कर सामाजिक वाणिकी कार्यक्रम के अन्तर्गत वन रोपण किया गया, साथ ही साथ ग्रामीण ईधन, सामाजिक वन रोपण योजना के अधीन सितम्बर, 1990 के अन्त तक 361 हैक्टेयर क्षेत्र 3.59 लाख रुपये की लागत से लाया गया।

भारत-जर्मनी इको-विकास परियोजना (चंगर क्षेत्र परियोजना)

4.56 जबकि धौलाधार प्रक्षेत्र वानिकी परियोजना 31-3-89 को अपनी अवधि पूर्ण कर चुकी है इसी से मिलती-जुलती एक अन्य परियोजना को पालमपुर उप-मण्डल के चंगर क्षेत्र के लिए संम्भावित 18.71 करोड़ रूपये की लागत से जर्मनी के सहयोग से अप्रैल, 1991 से चलाये जाने की संभावना है। इस परियोजना के अन्तर्गत विभिन्न विभाग जैसे वन, कृषि, बागवानी और पशुपालन विभाग एक दूसरे के तालमेल से काम करेंगे।

विश्व बैंक की सहायता से हिमालय पहाड़ियों के लिये वाटर-शैड विकास परियोजना (कनडी परियोजना)

4.57 एकीकृत वाटर शैड परियोजना (हिल्ज कनडी परियोजना) विश्व बैंक की मदद से 1990-91 में शुरू की गई। इसका उद्देश्य पांच नदियों मारकण्डा (सिरमौर), घग्घर व सरसा (सोलन) स्वां (ऊना) तथा चक्की (कांगड़ा) के जल ग्रहण क्षेत्रों का इकोलोजिकल पुनर्वास करना है ताकि इन क्षेत्रों में रहने वाले किसानों का सामाजिक व आर्थिक उद्धार हो सके।कण्डी क्षेत्र इन पांच नदियों के जल ग्रहण क्षेत्र में आता है तथा जो सूखे से वर्ष भर अत्याधिक प्रभावित रहता है व यहां भूमि का कटाव भी अधिकहोता है। इस परियोजना के अधीन वन, कृषि बागवानी, पशु पालन विभाग एक दूसरे के ताल मेल से काम करेंगे।

वन्य प्राणी तथा प्राकृतिक संरक्षण

4.58 हिमाचल प्रदेश विभिन्न प्रकार के पशु-पक्षियों से सम्बन्धित क्रीड़ाओं के लिए प्रसिद्ध है, इस योजना का मुख्य उदेश्य आखेट स्थलों व शूटिंग खण्डों में सुधार लाना है ताकि लुप्त हो रही प्रजातियों को बचाया जा सके। वर्ष 1990–91 में 105.00 लाख रुपये लक्ष्य की तुलना में सितम्बर, 1990 तक 23.55 लाख रुपये की धनराशि उपयोग में लाई गई।

वन सुरक्षा

4.59 वनों को अग्नि, अवैध गिरान तथा अतिक्रमण आदि खतरों का सामना प्राय: करना पड़ता है इसलिए आवश्यक है कि उपर्युक्त स्थानों पर चैक पोस्टस की स्थापना की जाये। अग्नि शमन उपकरणों का प्रावधान व दूरभाष यन्त्रों की स्थापना की गई तथा सभी वन मण्डलों को उपलब्ध करवाये गये। इस वर्ष भी यह योजना जारी रखी गई जिसके अन्तर्गत वर्ष 1990–91 में सितम्बर, 1990 तक 15.00 लाख रुपये लक्ष्य के मुकाबले ३.91 लाख रुपये की धन राशि व्यय की गई।

वन लगाओ, रोजी कमाओ

4.60 वनीकरण कार्यक्रमों को सशक्त ढंग से लागू करने तथा ग्रामीण लोगों को इसमें शामिल करने के उद्देश्य से एक नई योजना 'वन लगाओ, रोजी कमाओ' शरू की है। इस योजना के अन्तर्तगत अन्त्योदय तथा अन्य गरीब परिवारों को सरकारी भूमि में पेड़ लगाने तथा उनकी देखरेख के लिए मजदूरी दी जाएगी। उपज में से भी उनको कुछ हिस्सा मिलेगा।

5. उद्योग

5.1 हिमाचल प्रदेश में जल/जल विद्युत, खनिज, वन तथा धूल रहित जलवायु का बहुत अधिक भण्डार है । यह सभी कारण ऐग्रो-अधारित, वन-अधारित, खाद्य विधायन, पेय पदार्थ तथा इलेक्ट्रोनिक उद्योग स्थापित करने के लिए उचित स्थिति जुटाते हैं ।

5.2 जब से देश में योजनायें बनती आ रही हैं प्रदेश के आर्थिक विकास ने बहुत प्रगति की है । पहले कुछ वर्षों में मूलाधारों के विकास जैसे सड़कें, लिंक-सड़कें, पुल तथा कृषि व उद्यान को उन्नत करने पर अधिक महत्व दिया गया । इसके साथ-साथ अर्थ-व्यवस्था के माध्यमिक तथा टरशियरी क्षेत्रों को विकसित करने के लिए पग उठाये ताकि लोगों, विशेषकर बेरोजगार युवकों के लिये रोजगार सम्बन्धी नये तथा वैकल्पिक तरीके उन्नत हो सके । शुरू में पुराने कुटीर व हस्तशिल्प उद्योगों को विकसित तथा आधुनिकरण किया गया । इस समय प्रदेश में उद्योग विभाग के साथ 20,173 लघु इकाईयां पंजीकृत ह जिसमें 250 करोड़ रुपये की पूंजी का निवेश है । इससे लगभग 75,000 व्यक्तियों को रोजगार के अवसर प्राप्त हुए । 130 बड़े एवं माध्यम पैमाने की इकाईयों ने प्रदेश में महत्वपूर्ण प्रगति की हैं । इस समय प्रदेश में 130 बड़े एवं माध्यम पैमाने की परियोजनायें कार्यरत हैं जिनमें लगभग 15,000 व्यक्ति रोजगार पर लगे हैं तथा लगभग 350 करोड़ रुपये की पूंजी का निवेश किया गया है । हाल ही में प्रदेश के औद्योगिक विकास को इलक्ट्रोनिकस से नई दिशा मिली है तथा इसको बढ़ावा देने के लिये हिमाचल प्रदेश राज्य इलेक्ट्रोनिकस विकास निगम स्थापित किया गया ।

औद्योगिक परियोजना अनुमोदन एवं समीक्षा प्राधिकरण (आई0–पारा0)

5.3 इस प्राधिकरण का मुख्य कार्य उद्यमियों की उनकी परियोजनाओं के कार्यन्वयन करने के लिए विभिन्न संस्थाओं/एजेंसियों से जो सम्बन्धित हों उनके साथ समन्वय स्थापित करना है । माध्यम एवं बड़े उद्योगों के लिये आई0-पारा0 की स्वीकृति अनिवार्य है । दिसम्बर, 1990 तक आई0 पारा0 ने 10 नई परियोजनाओं का अनुमोदन किया जिसमें पूंजी निवेश 279.52 करोड़ रुपये और रोजगार सम्भावनाएं 3,161 व्यक्तियों के लिये हैं ।

जिला उद्योग केन्द्र

5.4 प्रदेश के सभी जिलों में कुटीर तथा लघु उद्योगों को उन्नत करने के लिए जिला उद्योग केन्द्रों की स्थापना की गई है । वर्ष 1990 में 537 लघु उद्योगों का स्थाई पंजीकरण किया गया, इनमें 2,937 लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध करवाये गए जिनमें 531 अनुसूचित जाति, 75 अनुसूचित जनजाति तथा 2,331 अन्य वर्गों के लोग सम्मिलित थे । इसी अवधि के दौरान 26 औद्योगिक प्लांट व 18 औद्योगिक शैडस आबंटित किये गए । इसके अतिरिक्त जिला उद्योग केन्द्रों द्वारा 582 लघु औद्योगिक इकाईयों तथा 177 दस्तकार इकाईयों को सहायता प्रदान की गई ।

औद्योगिक क्षेत्र

5.5 उद्यमियों म साधन सम्बन्धी सुविधाएं प्रदान करने के लिए (1) परवाणू, बरोटीवाला, बद्दी, पांवटा-साहिब, मैहतपुर, शमशी, नगरोटा बगवां, बिलासपुर, रिकांग पिओ तथा संसारपुर टैरस में औद्योगिक क्षेत्र, सोलन में (चम्बाघाट) मण्डी, काला अम्ब, हमीरपुर, शोघी, चम्बा और अम्ब में इलेक्ट्रोनिक कम्पलैक्स तथा (2) सोलन, धर्मपुर, कांगड़ा, ज्वाली, देहरा-गोपीपुर में औद्योगिक सम्पदा स्थापित किए । इसके अतिरिक्त प्रदेश में और औद्योगिक क्षेत्र/सम्पदाएं विकसित किये जा रहे हैं ।

कला एवं प्रदर्शनी

5.6 राज्य की विभिन्न इकाईयों द्वारा बनाई गई वस्तुओं की बिक्री को बढ़ावा देने के लिये प्रदेश ने राष्ट्रीय तथा अन्तर्राष्ट्रीय स्तर के विभिन्न मेलों, उत्सवों तथा प्रर्दशनियों में भाग लिया । वर्ष 1990-91 के अन्तर्गत अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार मेला नई दिल्ली, दशहरा मेला कुल्लू तथा लवी मेला रामपुर में राज्य ने भाग लिया ।

उद्यमी विकास कार्यक्रम

5.7 इस कार्यक्रम के अन्तर्गत उद्यमी विकास पाठ्यक्रम जिसमें संस्थान संयक्त और बाहरी सवक्षण में प्रशिक्षण कोर्स भी सम्मिलित हैं आयोजित किये गए । इसके अतिरिक्त एक पखवाड़े के पाठ्यक्रम उद्यमियों को सम्वेष्ट सूचना देने तथा औद्योगिक इकाईयों को स्थापित करने के लिए अपेक्षित आवश्यकताएं तथा कार्य पद्धतियों से अवगत करवाने के लिये आयोजित किए गए हैं । वर्ष 1990-91 के अन्तर्गत 5 उद्यमी विकास कार्यक्रम (ई0डी0पी0) के पाठ्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसके अन्तर्गत 117 व्यक्तियों को प्रशिक्षण दिया ।

रेशम उद्योग

5.8 रेशम उद्योग राज्य का एक महत्वपूर्ण कुटीर उद्योग है जिससे किसानों को अतिरिक्त रोजगार प्राप्त होता है । रेशम के कीड़ों को पालने तथा कोकून को बेचने से वे अपनी आय में वृद्धि करते हैं । वर्ष 1990-91 के अन्तर्गत 58,000 किलोग्राम कोकून जिसकी कीमत 29 लाख रुपये है का उत्पादन किया गया ।

सरकारी उपक्रमों में निवेष

5.9 उद्योग विभाग के प्रशासनिक नियन्त्रण में आने वाले विभिन्न निगमों तथा बोर्डों में निवेश के लिये वर्ष 1990-91 में निम्नलिखित प्रावधान है :—

(लाख रुपयों में)

क्रम सं0	निगम का नाम	1990-91 (बजट प्रावधान)
1	2	3
1.	हिमाचल प्रदेश राज्य औद्योगिक निगम	220.00
2.	हिमाचल प्रदेश वित्त निगम	220.00
3.	हिमाचल प्रदेश राज्य लघु उद्योग एवं निर्यात निगम	8.00
4.	हिमाचल प्रदेश हस्तशिल्प एवं हथकरघा निगम	10.00
5.	हिमाचल प्रदेश राज्य इलेक्ट्रोनिक्स विकास निगम	15.00
6.	हिमाचल प्रदेश सामान्य औद्योगिक निगम	15.00

चाय उद्योग

5.10 चाय का उत्पादन कांगड़ा एवं मण्डी जिलों में समुद्र तल से 1,000 से 1,500 मीटर की ऊंचाई पर किया जाता है । इस समय प्रदेश में 1,385 चाय सम्पदाएं कार्यरत हैं जो 3,212 हैक्टेयर क्षेत्र में फैली हुई हैं । वर्ष 1990-91 के अन्तर्गत 30.00 लाख रुपये का प्रावधान चाय उद्योग के विकास के लिये रखा गया है।

खनिज विकास

5.11 वर्ष 1990-91 के अन्तर्गत खनिज एवं पेयजल योजनाओं पर निम्नलिखित अन्वेषण उद्योग विभाग के भू-सर्वेक्षण शाखा द्वारा किए गए :—

(1) कशलोग-अर्की-कराड़ाघाट क्षेत्र (जिला सोलन).—अर्की व इसके समीप वर्ती क्षेत्रों में चूने के पत्थर का पता लगाया गया । इन खनिज भण्डारों को इस्पात तथा सीमेंट बनाने के प्रयोग में लाया जायेगा । इस्पात प्लांट भारत के एक उपक्रम (एन0एम0डी0सी0) द्वारा तथा सीमेंट प्लांट अर्की क्षेत्र में लगाया जा रहा हैं।

(2) मूलक मदान-भोजपुर क्षेत्र सुन्दरनगर (जिला मण्डी).—इस क्षेत्र के चूने के भण्डारों की विस्तृत जानकारी के लिए कार्य प्रगति पर है और इस क्षेत्र में एक सीमेंट का कारखाना स्थापित करने की सम्भावना है।

(3) बागा-मांगल क्षेत्र (जिला सोलन).—चूने की श्रेणी व आर्थिक जीविणुता जानने हेतू विस्तृत मेपिंग नमूने तथा ड्रीलिंग का कार्य प्रगति पर रहा ताकि इसका प्रयोग पोर्टलैंड सीमेंट बनाने के लिए किया जा सके ।

(4) द्रंग-गुम्मा क्षेत्र (जिला मण्डी).—नमक की आगामी निकासी हेतू सम्भावनाओं का पता लगाने के लिये ड्रिलिंग कार्य प्रगति पर है ताकि नमक पर आधारित उद्योगों में इस खनिज घोल का प्रयोग किया जा सके।

(5) हुरला क्षेत्र (जिला कुल्लू).— इस क्षेत्र में चूने के भण्डारों का पता लगाने के लिए विस्तृत मेपिंग एवं नमूना परीक्षण किए गए ।

5.12 इसके अतिरिक्त उद्योग विभाग की भू-सर्वेक्षण शाखा द्वारा प्रदेश में पेयजल, सिंचाई तथा मत्स्य पालन सम्बन्धी योजनाओं का सर्वेक्षण करके विस्तृत जानकारी प्राप्त की । इस शाखा द्वारा इस वर्ष के दौरान प्रदेश के विभिन्न पुलों व सड़कों के निर्माण के लिए भौमिकीय रिपोर्टस तैयार की गई।

6. विद्युत

6.1 हिमाचल राज्य विद्युत परिषद् ऐसी अनेक परियोजनाओं की खोज व कार्यान्वयन का प्रयास कर रहा है जो कि आर्थिक दृष्टि से अपेक्षाकृत/मितव्ययी सिद्ध हो सके । इसके साथ-साथ शीघ्र औद्योगिकरण के लिए विद्युत संचारण की अति तीव्रता से प्रदेश भर में विस्तार किया जा रहा है । यह बहुत ही संतोषजनक बात है कि अत्याधिक कठिन पहाड़ी क्षेत्र के बावजूद प्रदेश के सभी आबाद गांवों का विद्युतीकरण कर लिया गया है ।

6.2 प्रारम्भिक जल विज्ञान, तलरूप तथा भौमकीय अन्वेषणों के अनुसार हिमाचल प्रदेश के पांच नदी क्षेत्रों से जल विद्युत उत्पादन बड़े, मध्यम, लघु व सूक्ष्म जल परियोजनाएं बनाकर सम्भावित क्षमता 12,700 मैगावाट आंकी गई है । इसके अतिरिक्त प्रदेश के नदी क्षेत्रों में अभी ऐसे स्थानों की पहचान बाकी है जिन पर लघु व सूक्षम परियोजनाओं के साथ-साथ मध्यम, और बड़ी परियोजनाएं बना कर विद्युत क्षमता में बहुत बड़ा योगदान मिल सकता है । थरमल व अणुशक्ति-जन्य के उत्पादन की लागत बढ़ने के कारण बहुत सी चिन्हित परियोजनाएं जिनको उत्पादन की अस्थिर अधिक लागत के कारण उपरोक्त जल-विद्युत क्षमता में शामिल नहीं किया गया था, भी भविष्य में आर्थिक दृष्टि से कार्यान्वयन योग्य हो जायेंगे । इन दो पहलुओं को देखते हुए हिमाचल की कुल जल-विद्युत क्षमता का अनुमान 20,000 मैगावाट व इससे भी अधिक आंका जा सकता है । कुल क्षमता में से अभी तक केवल 3,363 मैगावाट क्षमता का दोहन किया गया है जिसमें से हिमाचल प्रदेश के अधीन केवल 272 मैगावाट है, क्योंकि बड़े भाग का दोहन केन्द्रीय सरकार व अन्य अभिकरणों ने किया है । राज्य की विशाल जल विद्युत क्षमता उत्तर भाग के विद्युत विकास कार्य. में प्रमुख भूमिका निभा सकती है जिससे हिमाचल प्रदेश की आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो जायेगी ।

6.3 प्रदेश में छठी पंच वर्षीय योजना से जल विद्युत उत्पादन को प्राथमिकता दी गई है क्योंकि इससे न केवल राज्य की बढ़ती मांग पूरी होगी बल्कि उत्तर क्षेत्र में विद्युत की कमी को पूरा करने में मदद मिलेगी । इन तथ्यों को मद्द नजर रखते हुए बड़े, मध्यम, लघु एवं सूक्ष्म परियोजनाओं को सातवीं पंच वर्षीय योजना के दौरान आरम्भ करने का राज्य में चरणबद्ध कार्यक्रम बनाया गया तथा साथ ही साथ पहले से आरम्भ की गई परियोजनाओं को भी शीघ्रातिशीघ्र पूरा किया जायेगा ।

6.4 जलविद्युत परियोजनाओं के निर्माण की बढ़ती हुई गतिविधियों को देखते हुए पर्याप्त विद्युत संचारण तथा वितरण पर अधिक ध्यान देने की आवष्यकता है ताकि राज्य में इन परियोजनाओं द्वारा विद्युत औद्योगिकी की जा सके तथा उपयोग के लिये विद्युत का वितरण किया जा सके । इस तथ्य को दृष्टिगत रखते हुए विभिन्न संचारण तथा वितरण योजनाएं तैयार की गई हैं तथा कुछेक पर कार्य आरम्भ भी किया जा चुका है । राज्य में विभिन्न औद्योगिक परिसरों की बढ़ती हुई विद्युत आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए विशेष विद्यत संचारण तथा वितरण योजनाएं शुरू करने का प्रस्ताव है ।

6.5 ग्रामीण विद्युतीकरण में प्रदेश ने आसाधारण उपलब्धियां प्राप्त की हैं । इस तथ्य के बावजूद कि हिमाचल प्रदेश में ग्रामीण विद्युतीकरण का कार्य देर से आरम्भ किया था तथा इसका कठिनपहाड़ी क्षेत्र है यह एक बहुत सन्तोषजनक बात है कि जनगणना 1981 के अनुसार प्रदेश के सभी 16,807 आबादी वाले गांव जून, 1988 के अन्त तक विद्युतीकृत किये जा चुके हैं । हिमाचल प्रदेश में जहां पर कुल जनसंख्या की 93 प्रतिशत जनसंख्या गांवों में रह रही है । ग्रामीण विद्युतीकरण की एक एक महत्वपूर्ण भूमिका है जिससे न केवल रोशनी मिलती है बल्कि ग्रामीण क्षेत्र में लगे हुए कुटीर उद्योगों को भी सहायता मिलती है । फिर भी ग्रामीण विद्युतीकरण के लक्ष्य को पूर्ण करने के लये वितरण प्रणाली को सुदृढ़ करने पर अधिक महत्व दिया जा रहा है ।

(क) उत्पादन

चालू परियोजनाएं

थिरोट विद्युत परीयोजना (4.5 मैगावाट)

6.6 4.5 मैगावाट क्षमता वाली यह परियोजना जिला लाहौल एवं स्पिति में लाहौल की जनजातीय घाटी में चालू है । इस परियोजना की नवीनतम अनुमानित लागत 26 करोड़ रुपये है । इस परियोजना द्वारा उत्पादित विद्युत लाहौल एव पांगी के दूरस्थ जनजातीय क्षेत्रों में उपयोग की जायेगी तथा अधिशेष विद्युत को जिला कुल्लू के मनाली क्षेत्र में उपयोग में लाया जायेगा । इस परियोजना को सांतवीं योजना में आरम्भ किए जाने का प्रस्ताव था परन्तु पिछले वर्षों में अप्रयाप्त धन की वजह से इसे समय पर पूरा न किया जा सका । अब इस परियोजना के अक्तूबर, 1993 की चालू होने की संभावना है ।

बनैर विद्युत परियोजना (12 मैगावाट)

6.7 वर्ष 1981 में 6 मैगावाट क्षमता रखने वाली यह परियोजना स्वीकृत की गई थी जो कि बाद में बढ़ा कर 12 मैगावाट कर दी गई है । इसकी नवीनतम अनुमानित लागत 35.02 करोड़ रुपये है । अप्रयाप्त धन के कारण इस परियोजना पर कार्य समय पर पूरा न किया जा सका । अब इस परियोजना के मार्च, 1993 को चालू होने की संभावना है ।

गज विद्युत परियोजना (10.5 मैगावाट)

6.8 यह परियोजना वर्ष 1982 में स्वीकृत की गई थी। इसकी नवीनतम अनुमानित लागत संशोधित करके 33.25 रुपये कर दी गई थी। पिछले वर्षों में अप्रयाप्त धन की वजह से इस परियोजना पर कार्य समय पर शुरु न किया जा सका और अब इसक मार्च, 1993 को चालू होने की संभावना है।

भावा बिकास योजना

6.9 जून, 1987 में योजना आयोग द्वारा भावा विकास योजना की अनुमानित लागत 9.64 करोड़ रुपये स्वीकृत की गई है जबकि बाद में इसकी अनुमानित लागत संशोधित करके 16.33 करोड़ रुपये कर दी गई है। भावा विद्यत गृह से इस योजना के अन्तगत 54 एम. यू. अतिरिक्त विद्युत उत्पादन किया जायेगा। इस परियोजना का कार्य 1992-93 में शुरू हो जायेगा।

किल्लार विद्युत परियोजना (300 किलोवाट)

6.10 राज्य बिजली बोर्ड ने इस योजना के लिए 1.73 करोड़ रुपये की राशि स्वीकृत की है तथा इसे राज्य योजना के अन्तर्गत शरू किया गया है तथा इसके मार्च, 1993 से शुरू होने की संभावना है।

उहल चरण-III परियोजना (70 मैगावाट)

6.11 यह परियोजना मण्डी जिला में स्थित है जिस पर लगभग 162 करोड़ रुपये खर्च होंगे। यह परियोजना 1997-98 म काम करना शुरू कर देगी। इस परियोजना को जापान से ओ0ई0सी0 एफ0 ऋण सहायता मिलना भी विचाराधीन है।

लारजी विद्युत परियोजना (126 मैगावाट)

6.12 इस परियोजना को जिसकी विद्युत क्षमता 126 मैगावाट है मण्डी जिले में व्यास नदी पर निर्मित किया जाना है। इस परियोजना पर नवीनतम अनुमानित लागत 335 करोड़ रुपये है। इस परियोजना के संरचना कार्य शुरू किये जा चुके हैं ताकि इस पर धन जुटाया जा सके। द्विपक्षीय अनुबन्ध के अन्तर्गत जापान से ओ0ई0सी0एफ0 ऋण सहायता के लिये भारत सरकार से अनुमति मांगी जा चुकी है।

नाथपा-झाखड़ी विद्युत निगम (एन0 जे0 पी0 सी0) द्वारा कार्यान्वित परियोजनाएं (केन्द्रीय तथा राज्य सरकार संयुक्त रूप से)
नाथपा-झाखड़ी जल विद्युत परियोजना (1,500 मैगावाट)

6.13 नाथपा-झाखड़ी जल विद्युत परियोजना जिसकी 1,500 मैगावाट क्षमता है का कार्य संयुक्त रूप से राज्य तथा केन्द्रीय सरकार द्वारा नाथपा-झाखड़ी विद्युत निगम के माध्यम किया से जायेगा। भारत सरकार द्वारा निगम के लिए स्वीकृत ज्ञापन तथा सहचार्य अनुच्छेद के अनुसार ऋण ईक्विटी अनुपात 1:1 किया गया। उत्पादन कार्य हेतु इस परियोजना के लिए विश्व बैंक द्वारा 437 मिलियन डालर का ऋण स्वीकृत किया गया। यह ऋण सीधा नाथपा-झाखड़ी निगम को आबंटित किया जायेगा तथा ईक्विटी वाला भाग केन्द्रीय तथा राज्य सरकार द्वारा दिया जायेगा। इस परियोजना की अनुमानित लागत 1,678 करोड़ रुपये है। इस परियोजना की वित्त योजना में प्रतिशत लागत के आधार पर नाथपा-झाखड़ी निगम को विश्व बैंक से 17 प्रतिशत ऋण एवं 33 प्रतिशत ईक्विटी भारत सरकार द्वारा तथा 37 प्रतिशत ऋण व 13 प्रतिशत ईक्विटी हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा है।

कोल डैम परियोजना (800 मैगावाट)

6.14 कोल डैम परियोजना जिसकी विद्युत क्षमता 800 (मैगावाट) को भी नाथपा-झाखड़ी विद्युत निगम द्वारा ही कार्यन्वित किया जाना है। इस परियोजना के लिये भी वही शर्तें होंगी जो नाथपा-झाखड़ी परियोजना के लिए मानी गई हैं। इस परियोजना के लिए वित्तीय और तकनीकी सहायता उपलब्ध करवाने हेतु रूस तथा भारत सरकार में प्रोटोकोल समझौता हुआ है। नाथपा-झाखड़ी परियोजना के आधार पर ही राज्य सरकार इस परियोजना में धनराशी का योगदान देगी।

6.15 वर्ष 1989-90 के दौरान विद्युत उत्पादन 935.51 मिलियन यूनिट था जबकि चालू वर्ष में दिसम्बर, 1990 तक 1,190.24 मिलियन यूनिट था। दिसम्बर, 1990 तक 146 पम्पसैटों का उर्जयन किया गया।

ख--संचार तथा वितरण

6.16 राज्य में बिना रूकावट के विद्युत आपूर्ति तथा नई योजनाओं द्वारा विद्युत उत्पादन को शुरू करने के लिए संचारण तथा वितरण प्रणाली को सुदृढ़ करने की आवश्यकता है। साथ ही विभिन्न अन्तर्राजीय तथा केन्द्रीय परियोजनाओं से भी विद्युत आपूर्ति का हिस्सा

विद्युत उपभोग


मिलियन यूनिट
1505
1290
1075
860
645
430
215
0
1983-84
84-85
85-86
86-87
87-88
88-89
89-90
प्रदेश में
प्रदेश से बाहर

भी प्राप्त करना है। अत: राज्य बिजली बोर्ड ने सारे राज्य में 220/132/66/33 के0वी0 संचारण लाइनों को बिछाने के कार्य को आरम्भ कर दिया है। इसके अतिरिक्त 132 के0वी0 संचारण लाईनें/सब-स्टेशन भी बिजली बोर्ड द्वारा शुरू करने की संभावना है जिसके लिए विश्व बैंक ने 43 मिलियन डालर ऋण की स्वीकृति दी है।

ऊर्जा के अन्य नये तथा नवीकरण साधनों का विकास

6.17 आर्थिक वृद्धि के साथ-साथ, तेजी से उद्योगीकरण अच्छे रहन-सहन के स्तर तथा इनफरास्ट्रक्चरल नेटवर्क में बढ़ोतरी के कारण ऊर्जा की मांग बहुत बढ़ी है। पारम्परिक ऊर्जा स्त्रोतों में कमी होने के कारण गैर पारम्परिक और नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों जैसे सौर जल तापीय संयन्त्र, पवन चक्की तथा अन्य ऊर्जा संयत्रों के उपयोग पर अधिक बल दिया जा रहा है। गैर पारम्परिक और नवीकरण ऊर्जा स्त्रोतों के विकास पर प्रदेश में "हिमऊर्जा" की गतिविधियों पर अधिक महत्व दिया जायेगा।

सौर ऊर्जा

6.18 नये तथा नवीकरण ऊर्जा स्रोत सौर ऊर्जा के उपयोग में अधिक महत्व रखते हैं। सौर थर्मल संयत्र जैसे सोलर कुकर, सोलर स्टिल्स, सौर जनतापीय संयन्त्र को अधिक लोकप्रिय बनाने पर बल दिया जा रहा है।

6.19 साधारण गर्म पानी प्रणाली द्वारा जिसमें फलेट प्लेट कोलेक्टर्स तथा इससे संबन्धित यन्त्रों का प्रयोग किया जाता है को अस्पतालों/पी0एच0सीज0/परिवारों को 60-80 डीग्री सैल्सियस तापमान पर गर्म पानी उपलब्ध करवाया जाता है। अभी तक 1,02,000 एल0पी0डी0 सौर जल तापीय संयन्त्र लगाये जा चुके हैं। इसके अतिरिक्त 100 लिटरस प्रतिदिन क्षमता वाले 479, घरेलू जल तापीय संयन्त्र रियाती दरों पर लगाये। 102 फोटोवोल्टिक प्रणाली द्वारा हैमलेटों / गांवों में स्ट्रीट लाईटिंग उपलब्ध करवाई है तथा 3 सामुदायिक लाईटें (8 प्वांइटस) भी लगाई गई। उपदान के अन्तर्गत 4,970 सोलर कुकर बांटे गये। इसके अतिरिक्त 10 सामुदायिक सोलर कुकर होटल/संस्थानों को दिए। इसके साथ-साथ 7 सोलर फोटो वोल्टियक पम्प सिंचाई उद्देश्य के लिए तथा 1 सोलर टी0वी0 सामुदायिक प्रयोग के लिये लगाया गया। प्रदेश के जनजातीय क्षेत्रों में पारम्परिक खाना पकाने की रोजमर्रा की जरूरत के अलावा घरों में सौर ऊर्जा द्वारा गर्म रखने वाले संयन्त्रों के प्रयोग को अधिक लोकप्रिय बनाया जा रहा है।

पवन ऊर्जा

6.20 छ: पवन पम्प सिंचाई तथा पेयजल उद्देश्यों के लिये पानी उठाने हेतु लगाने के अतिरिक्त दो 25 किलोवाट "पवन जनरेटरस" लगाये गये तथा दो 1 किलोवाट "एयरों जनरेटरस" भी लगाये गये। "पवन मैपिंग प्रौजेक्टों" के लिए 30 स्थानों का पता लगाया गया।

ऊर्जा संरक्षण

6.21 "हिम ऊर्जा" ने विभिन्न आर्थिक क्षेत्रों में ऊर्जा संरक्षण के लिए अधिक प्राथमिकता दी है। इस उद्देश्य से 13,311 धुआं रहित चूल्हे तथा 4,175 आसानी से उठाये जाने वाले चूल्हे बनाये और 24,653 प्रैशर कुकर व 4,754 नूतन स्टोव वितरित किए ताकि पता लगाये गये गावों में ईधन की खपत में कमी हो। इसके अतिरिक्त 5 उन्नत किस्म की भट्टीयां लगाई। प्रदेश के 40 उन्नत किस्म के श्मशान दाह जिसमें 40 से 50 प्रतिशत कम लकड़ी की आवश्यकता होती है लगाई गई।

7. रोजगार

7.1 1981 जनगणना के अनुसार प्रदेश में लगभग 42 प्रतिशत व्यक्ति कामगार थे । कुल कामगारों में 53 प्रतिशत पुरुष तथा 32 प्रतिशत स्त्रियां थी उनमें से 19 प्रतिशत सीमांत कामगार थे जिन्होंने उल्लेखित वर्ष में 6 मास से कम कार्य किया । प्रदेश की कुल जनसंख्या का 34 प्रतिशत मुख्य कामगार थे, जिन्होंने उल्लेखित वर्ष में 6 मास तथा उससे अधिक काय किया और पुरुषों की जनसंख्या का लगभग 50 प्रतिशत तथा स्त्रियों की जनसंख्या का लगभग 19 प्रतिशत मुख्य कामगार थे । कुल मुख्य कामगारों में लगभग 71 प्रतिशत काश्तकार व कृष्य श्रमिक, 2 प्रतिशत घरेलू उद्योगों, विधायनों, सेवाओं एवं मुरम्मत की दुकानों में काम करने वाले थे जब कि केवल 27 प्रतिशत अन्य कामगार थे ।

जनशक्ति तथा रोजगार योजनाएं

7.2 रोजगार सेवा परियोजना मे निम्नलिखित शामिल हैं (क) उम्मीदवारों को उनके शैक्षणिक योग्यता व अनुभव के आधार पर उपयुक्त रोजगार प्राप्त करवाना, (ख) छटनी व फालतू घोषित किये गये कर्मचारियों को वैकल्पिक रोजगार दिलाना, (ग) रोजगार देने वाले को उपयुक्त उम्मीदवार भेजना, (घ) रोजगार अवसरों तथा प्रशिक्षण अवसरों का पता तथा (ङ) युवकों व रोजगार ढूंढने वालों की समस्याओं में समीक्षा तथा प्रशिक्षण व पाठ्यक्रमों को दोबारा से समायोजित करने हेतु बाजार की जरूरतों के मुताबिक कामगारों को उनके सम्बन्धित प्रशिक्षण देना । 3 क्षेत्रीय रोजगार कार्यालयों, 9 जिला रोजगार कार्यालयों, 35 उप-रोजगार कार्यालयों, एक राज्य रोजगार विपणन सूचना इकाई, 12 जिला स्तरीय रोजगार विपणन सूचना इकाईयों, 3 व्यावसायिक सुझाव इकाईयों, विकलांगों के लिए एक विशेष इकाई तथा हिमाचल वासियों को विभिन्न औद्योगिक इकाईयों, संस्थाओं तथा निजि क्षेत्र में रोजगार प्रदान करने हेतु एक केन्द्रीय रोजगार कार्यालय के द्वारा राज्य में रोजगार सहायता सूचना दी जा रही है ।

रोजगार कार्यालयों सम्बन्धी सूचना

7.3 पिछले वर्ष की अपेक्षा साधारणतया 31 अक्तूबर, 1990 तक जीवित्त पंजीयका में प्रार्थियों की संख्या 5.0 प्रतिशत ज्यादा थी जबकि विभिन्न कार्यालयों द्वारा सूचित खाली स्थानों की संख्या में 12.8 प्रतिशत की कमी हुई तथा 22.5 प्रतिशत कम व्यक्तियों को रोजगार प्रदान किया गया । जनवरी, से अक्तूबर, 1990 तक की अवधि में कुल 76,338 प्रार्थियों का पंजीकरण हुआ तथा 5,426 व्यक्तियों को रोजगार मिला । विभिन्न कार्यालयों द्वारा अधिसूचित खाली स्थानों की संख्या 4,787 थी । सभी रोजगार कार्यालयों में 31 अक्तूबर, 1990 तक जीवित पंजीका में संख्या 4.47 लाख थी ।

रोजगार विपणन सूचना कार्यक्रम

7.4 वर्ष 1960 से ई0एम0आई0 कार्यक्रम के अन्तर्गत रोजगार आंकड़े जिला स्तर पर इकट्ठे किए जा रहे हैं । प्रथम त्रिमास में अर्थात् जनवरी से मार्च, 1990 तक प्रदेश में कुल कर्मी 2.71 लाख (सार्वजनिक क्षेत्र 2.41 लाख और निजि क्षेत्र 0.30 लाख) थे । सार्वजनिक क्षेत्र में कुल रोजगार का केन्द्र की सेवाओं में 6.71 प्रतिशत, राज्य की सेवाओं में 67.37 प्रतिशत केन्द्रीय अर्ध सरकारी क्षेत्र में 6.80 प्रतिशत, राज्य अर्ध सरकारी क्षेत्र में 17.74 प्रतिशत तथा स्थानीय निकायों में 1.38 प्रतिशत कर्मी काम कर रहे थे ।

व्यवसायिक सुझाव कार्यक्रम

7.5 व्यावसायिक सुझाव एवं रोजगार सलाह जैसे कार्यक्रम उनके लिए बनाए गये हैं जो कि इस प्रकार की सहायता चाहते हैं, व्यावसायिक सुझाव का सही अर्थ है युवा जबकि रोजगार परामर्श केवल व्यस्कों की सहायता के लिए है । राज्य रोजगार निदेशालय इस कार्य को राज्य के शिक्षा विभाग की सहायता से व्यवस्थित करता है । राष्ट्रीय नीतियों तथा तरीकों मे सम्बन्धित मसले, कर्मचारियों को प्रशिक्षण, समान व औजारों को तैयार करना तथा राष्ट्रीय स्तर पर तालमेल रखने के लिए महानिदेशालय रोजगार एवं प्रशिक्षण की केन्द्रीय वैकल्पिक इकाई, राज्य में निदेशक रोजगार निदेशालय की सहायता कर रही है। रोजगार कार्यालय में प्रभारी अधिकारी प्रशासनिक के नियन्त्रण में यह कार्यक्रम कार्यन्वित किया गया है । इस कार्यक्रम को विस्तार से फैलाने के लिए भारत सरकार से प्राप्त हुए नवीनतम व्यावसायिक साहित्यिक चार्ट, पैम्फलैटस तथा शैक्षणिक संस्थाओं व कालिजों

को प्रौस्पैक्टस दिये गए। इस कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्ष 1990-91 में नवम्बर, 1990 तक निम्नलिखित उपलब्धियां हुई हैं :—

(संख्या)

मद	नवम्बर, 1990 तक की उपलब्धियां
(क) वैयक्तिक कार्यक्रम :	
1. व्यक्तियों का वैयक्तिक मार्ग-दर्शन ..	11,373
2. व्यक्तियों का पंजीकरण के समय वैयक्तिक मार्गदर्शन ..	1,009
3. व्यक्तियों को वैयक्तिक सूचना दी गई :	
(क) डाक द्वारा सूचना मिली ..	2,250
(ख) आदमियों द्वारा सूचना ..	9,123
(ग) पुराने मामले जीवित पंजीका से प्राप्त हुए ..	1,373
(ख) सामूहिक कार्यक्रम :	
1. सामूहिक चर्चाओं का आयोजन किया गया ..	1,132
2. स्कूल व कालेजों में जीवनवृति/सामूहिक निदेशन पर भाषण दिये गये ..	593
3. व्यक्तियों द्वारा सामुहिक चर्चाओं में भाग लिया गया ..	11,131
4. व्यक्ति जो कैरियर सूचना कक्ष में गये ..	10,537
(ग) समन्वय गतिविधियां :	
1. स्कूलों, कालेजों में जीवनवृति के लिए मार्ग-दर्शन गतिविधियां तथा सम्मेलनों/प्रदर्शनियों को आयोजित करने के लिए निदेशन इकाईयों को बढ़ावा देना ..	301
2. रोजगार अवसरों/प्रशिक्षण सुविधाओं पर सूचना एकत्रित करने के लिए रोजगार संस्थाओं में जाना ..	118

इसी वर्ष पूरे प्रदेश में 16 से 28 जुलाई, 1990 तक एक पखवाड़े का व्यावसायिक प्रशिक्षण एवं रोजगार सलाहकार कार्यक्रम आयोजित किया गया।

केन्द्रीय रोजगार कक्ष

7.6 केन्द्रीय रोजगार कक्ष की स्थापना प्रदेश में निजि क्षेत्र में कार्यरत संस्थाओं में तकनीकी आवेदकों तथा हुनर वाले आवेदकों को रोजगार देने के लिए की गई है। इस कक्ष की स्थापना राज्य के श्रमिक एवं रोजगार निदेशालय के अधीन की गई है जिसका मुख्य उद्देश्य केवल तकनीकी आवेदकों की नीजि क्षेत्र में आवश्यकतानुसार भर्ती है। इस परियोजना के अन्तर्गत एक तरफ तो निजि क्षेत्र में रोजगार चाहने वालों को उनकी योग्यता एवं अनुभवों के आधार पर रोजगार दिया जाता है जबकि दूसरी तरफ नियुक्तितों द्वारा सही श्रमिकों की नियुक्ति की जाती है। इस योजना के अन्तर्गत इस कक्ष में 18,388 आवेदक पंजीकृत हैं जिनका पंजीकरण उनके तकनीकी योग्यताओं के आधार पर किया गया जिसे कि मुख्य रोजगार कार्यालयों से भेजा गया होता है। निजि क्षेत्र संस्थाओं ने अक्तूबर, 1990 तक केन्द्रीय रोजगार कक्ष को विभिन्न किस्मों की 1,134 रिक्तियां सूचित की थी तथा जिसमें 172 रिक्तियां तकनीकी एवं उच्च कुशल वर्ग की थीं। केन्द्रीय रोजगार कक्ष ने विभिन्न औद्योगिक इकाईयों के लिए 5,494 आवेदकों को भेजा जिन में 2,014 आवेदक तकनीकी एवं उच्च कुशल (हुनर) वर्ग के थे। अक्तूबर, 1990 तक प्रदेश में अभी तक 320 व्यक्तियों को विभिन्न निजि क्षेत्र औद्योगिक इकाईयों में रोजगार दिया जिन में से 27 व्यक्ति तकनीकी एवं उच्च कुशल वर्ग क थे।

विकलांगों के लिए विशेष कक्ष

7.7 जनवरी से अक्तूबर, 1990 के अन्तर्गत जीवित पंजिका पर 378 विकलांगों को और पंजीकृत करके विकलांगों की संख्या 3,619 हो गई थी इसके अतिरिक्त 45 अनुरक्षित नियुक्तियां अधिसूचित की गई थी तथा 88 विकलांगों को साक्षात्कार के लिए पत्र जारी किए गए थे। इस वर्ष अक्तूबर, 1990 तक 52 विकलांगों को लाभ कारी रोजगार में रखा गया था।

ग्रामीण विकास

7.8 ग्रामीण विकास कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य (क) अधिक उत्पादन, (ख) अधिक रोजगार, (ग) ग्रामीणों को आय का समान वितरण, (घ) ग्रामीणों पर अधिक व्यय करना ताकि उनकी आर्थिक व सामाजिक हालत में सुधार हो सके। इन उद्देश्यों को पूरा करने के लिए वर्ष 1990-91 में निम्न राज्य तथा केन्द्रीय प्रायोजित योजनाएं कार्यरत रही।

सामुदायिक विकास कार्यक्रम

7.9 इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों की सहायता से उनका एकीकृत विकास करना है । इस कार्यक्रम के अन्तर्गत पंचायत समितियों को सामाजिक शिक्षा के अन्तर्गत प्राथमिक स्कूलों के निर्माण/मुरम्मत, सामान्य शिक्षा के भवन निर्माण, विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम, ग्रामीण क्रिड़ाओं इत्यादि को अनुदान देना है। इसके साथ-साथ कच्ची सड़कों व पगडण्डियों के निर्माण के लिए विकसित कृषि यन्त्रों का प्रदर्शन, कृषकों को प्रोत्साहित करना, सिंचाई व भूमि उद्धार, पीने के पानी की स्कीमों का निर्माण व मुरम्मत, स्वास्थ्य तथा स्वच्छता के लिए गलियों को ठीक कराना, सुधरी नसल के पशुओं व पक्षियों का वितरण, विभिन्न व्यवसायों में प्रशिक्षण पा रहे ग्रामीण प्रशिक्षार्थियों को वजीफा देना इत्यादि सम्बन्धी कार्यों के लिए पंचायत समितियों को अनुदान दिया जाता है । सामूहिक कार्यक्रम के अन्तर्गत महिला मण्डलों/युवकों मण्डलों को सुदृढ़ करने हेतु अनुदान दिया जाता है । इसके अतिरिक्त विकास खंड कार्यालय भवनों एवं क्षेत्रीय कर्मचारियों के लिए आवास गृहों का निर्माण भी किया जाता है । चालू वित्त वर्ष 1990-91 के लिए इस कार्यक्रम के अन्तर्गत 95.00 लाख रुपये की राशि का प्रावधान है ।

ग्रामीण शौचालय

7.10 इस योजना का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में प्रदुषण को रोकना एवं ग्रामीणों के लिए स्वास्थ्य तथा स्वच्छता सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए स्वच्छ शौचालयों का निर्माण करना है । इसके अतिरिक्त सार्वजनिक स्थानों, पंचायत घरों, बाजारों तथा मेलों में भी खाली जगह पर शौचालयों निर्माण किया जाता है । लाभार्थी व्यक्तियों को 1,200 रुपये की सहायता प्रदान की जाती है । वर्ष 1990-91 में इस कार्यक्रम के अन्तर्गत लगभग 1,700 स्वच्छ शौचालयों के निर्माण का लक्ष्य रखा गया है जिसमें से दिसम्बर, 1990 तक 971 स्वच्छ शौचालयों का निर्माण किया जा चुका है ।

ग्रामीण आवास

7.11 ग्रामीण आवास योजना जिसे टूरूम टेनामिन्ट के रूप में जाना जाता है । इसके अन्तर्गत राजस्व विभाग द्वारा चयनित बेघर लोगों तथा अन्य लक्ष्य समूह के पात्र व्यक्तियों के लिए दो कमरों के मकान का निर्माण किया जाता है। दिसम्बर, 1990 तक वर्ष 1990-91 के 166 मकानों के निर्माण के लक्ष्य में से 110 मकानों का निर्माण किया जा चुका है।

एकीकृत ग्रामीण विकास कार्यक्रम (आई. आर. डी. पी.)

7.12 यह कार्यक्रम केन्द्र द्वारा प्रायोजित है तथा इसका उद्देश्य लघु व सीमान्त किसानों , कृषय श्रमिकों, ग्रामीण कारीगरों तथा अन्य जो कि गरीबी रेखा के नीचे ह को ऊपर उठाना है। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य गरीब लोगों को उत्पादक सम्पत्ति एवं रोजगार देना तथा जहां आवश्यकता हो विभिन्न उपदानों एवं संस्थागत ऋणों की सहायता से कार्यपूंजी सहित आय उत्पादन सम्पत्ति का प्रबन्ध करना है । इस कार्यक्रम के अन्तर्गत दिसम्बर, 1990 तक 5,932 नए तथा 6,963 पुराने परिवारों को सहायता दी जा चुकी है । वर्ष 1990-91 में 6,171 नए तथा 8,829 पुराने परिवारों को सहायता देने का लक्ष्य रखा गया है । 295.82 लाख रुपये इस कार्यक्रम के अन्तर्गत व्यय किए जा चुके हैं ।

स्व: रोजगार योजना के लिए ग्रामीण युवकों को प्रशिक्षण (ट्राईसम)

7.13 यह कार्यक्रम एकीकृत विकास कार्यक्रम का ही एक हिस्सा है तथा इसका मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के 18—35 वर्ष तक की आयु वाले युवकों को कृषि तथा अन्य सम्बन्धित क्षेत्रों उद्योग तथा व्यावसायिक क्षेत्रों में स्व: रोजगार के लिए तकनीकी जानकारी देना है । इच्छुक ग्रामीण युवकों को विभिन्न सरकारी प्रशिक्षण संस्थानों जैसे आई. टी. आई., सरकारी पोलिटैक्नीक तथा अन्य स्थानीय संस्थानों में मुफ्त प्रशिक्षण दिया जाता है । प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षणार्थियों को 100 रुपये से 250 रुपये प्रतिमास तक प्रशिक्षण पाने के लिए स्थानानुसार वजीफा दिया जाता है । इसके अतिरिक्त प्रशिक्षण पूरा होने के उपरान्त एक टुल किट मुफ्त दी जाती है। दिसम्बर, 1990 तक 926 युवकों को विभिन्न व्यवसायों में प्रशिक्षण दिया जा चुका है, 317 युवकों को बसाया गया 190 युवकों को मजदूरी रोजगार दिया तथा 1,146 युवकों को विभिन्न व्यवसायों में प्रशिक्षण दिया ।

ग्रामीण क्षेत्रों में स्त्रियों तथा बच्चों का उद्धार (डवाकरा)

7.14 यह कार्यक्रम भी राज्य में एकीकृत विकास कार्यक्रम के अन्तर्गत चलाया जा रहा है । इसका मुख्य उद्देश्य चयनित परिवारों की महिलाओं को समूहों में संगठित करके उनकी इच्छानुसार आर्थिक गतिविधियों में शामिल किया जाना है ताकि उनकी आय में वृद्धि हो सके । यह कार्यक्रम प्रदेश के पांच जिलों कांगड़ा, शिमला, मण्डी, चम्बा तथा सिरमौर में कार्यान्वित किया जा रहा है । 190 समूहों के लक्ष्य में से दिसम्बर, 1990 तक 66 समूहों का गठन किया जा चुका है जिसमें 1,018 महिला सदस्य हैं तथा इन पर 3.21 लाख रुपये व्यय किए जा चुके हैं ।

जवाहर रोजगार योजना

7.15 राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार योजना एवं ग्रामीण भूमिहीन रोजगार गारंटी योजनाओं को सम्मिलित रूप देकर जवाहर रोजगार योजना को तैयार किया गया तथा पूरे देश भर में चलाया गया जिसका उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में बेरोजगारों को भारी मात्रा में रोजगार अवसर प्रदान करना है और समाज के गरीब भाग को लाभान्वित करने के लिए सामुदायिक सम्पत्ति का सृजन करना है । यह कार्यक्रम गांव में पंचायतों द्वारा चलाया गया जो कि पूरी योजना एवं कार्यक्रम को कार्यन्वित करने के लिए जिम्मेवार है । 33.68 लाख कार्य दिवस के लक्ष्य के उपरान्त दिसम्बर, 1990 तक 14.33 लाख कार्य दिवस अर्जित किये गये और 1,758 सामुदायिक परिसम्पति बनाई गई । वर्ष 1990-91 के लिए कुल स्वीकृत धनराशि 1,135.28 लाख रुपये में से दिसम्बर तक 422.01 लाख रुपये की धनराशि व्यय की जा चुकी है ।

इन्दिरा आवास योजना

7.16 इन्दिरा आवास योजना के लिए वित्तीय साधन जवाहर रोजगार योजना के कुल आबंटन में से 6 प्रतिशत निर्धारित है । इस योजना का उद्देश्य अनुसूचित जनजातीय परिवार जो गरीबी रेखा से नीचे रहते हैं, के लिए मकान बनाना है । स्वतन्त्र हुए बन्धक मजदूरों को मकान देना भी इस योजना में शामिल है । लाभान्वित लोगों को मकान बनाने के लिए जिसमें स्वच्छ शौचालयों एवं धुंआ रहित चुल्हे शामिल हैं, 14,500 रुपयों की राशि प्रदान की गई । वर्ष 1990-91 के दौरान दिसम्बर, 1990 तक351 मकान बनाने के लक्ष्य की तुलना में 224 मकान बनाए गए एवं बन रहे मकानों में कुल 26.52 लाख रुपयों की राशि खर्च हुई ।

धुंआं रहित चूल्हा कार्यक्रम

7.17 यह कार्यक्रम प्रदेश में केन्द्रीय सहायता से चलाया जा रहा है जिसका मुख्य उद्देश्य इंधन बचत, वन कटाव को रोकना, प्रदुषण को रोकना तथा ग्रामीण महिलाओं के स्वास्थ्य को सुधारना है । इस कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्रामीणों को प्रशिक्षण तथा जागरुकता देने के लिए राज्य स्तर, जिला स्तर तथा विकास खण्ड स्तर पर शिविर लगाये जाते हैं तथा उनके घरों में मुफ्त चूल्हा लगाया जाता है । इस कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वयं रोजगार कार्यकर्ता चूल्हों के निर्माण के लिए लगाये जाते हैं । वर्ष 1990-91 के लिए निर्धारित 50,000 चूल्हों के निर्माण के लक्ष्य की तुलना में दिसम्बर, 1990 तक 22,511 चूल्हों का निर्माण किया जा चुका है ।

मरूस्थल विकास कार्यक्रम

7.18 यह कार्यक्रम प्रदेश में लाहौल-स्पिति जिले के स्पिति उप-मण्डल तथा जिला किन्नौर के पूह उप-मण्डल में केन्द्रीय सहायता द्वारा चलाया जा रहा है । इस कार्यक्रम का उद्देश्य ठण्डे मरुस्थल क्षेत्रों का एकीकृत विकास करना है, जिसमें मुख्यत: उत्पादकता, आय स्तर बढ़ाना तथा इन क्षेत्रों के लोगों को रोजगार अवसर प्रदान करना है । इस योजना के अन्तर्गत बढ़ते हुए मरुस्थल को और खराब होने से रोकना है । वर्ष 1990-91 में 1,886.93 हैक्टेयर भूमि को विभिन्न गतिविधियों के अन्तर्गत लाने के लिए 250.00 लाख रुपये की धनराशि का प्रावधान है । दिसम्बर, 1990 तक 947.28 हैक्टेयर भूमि को इस कार्यक्रम के अन्तर्गत लाया जा चुका है जिस पर 133.18 लाख रुपये की धनराशि खर्च की जा चुकी है ।

न्यूनतम मजदूरी

7.19 हिमाचल प्रदेश सरकार ने न्यूनतम मजदूरी एक्ट, 1948 के अन्तर्गत एक "न्यूनतम मजदूरी परामर्श बोर्ड" बनाया जोकि 15 अनुसूची रोजगार के अन्तर्गत मजदूरों के न्यूनतम दर से मजदूरी तय करने तथा उनके संशोधन के बारे में प्रदेश सरकार को परामर्श देता है । इस बोर्ड की सिफारिश पर 26-1-1990 से प्रदेश सरकार ने अकुशल मजदूरों की सभी 15 अनुसची रोजगार में एक जैसी न्यूनतम दरें तय/संशोधित की हैं जो कि 20 रुपये प्रतिदिन या 600 रुपये प्रति माह है । इसी प्रकार 26-1-1990 से अर्ध कुशल, कुशल तथा अति कुशल मजदूरों को पहले से प्राप्त की जा रही न्यूनतम दर की मजदूरी में 11.11 प्रतिशत की वृद्धि की है । इसके अतिरिक्त सरकार द्वारा घोषित अनुसचित जनजाति क्षेत्रों तथा पिछड़े हुए क्षत्रों में बसने वाले लोगों को 25 प्रतिशत तथा 12.5 प्रतिशत की दर से न्यूनतम दर की मजदूरी से अधिक देने की स्वीकृति दी गई है जो कि कृषि निर्माण या सड़क और भवनों के रख-रखाव, पत्थर तोड़ने, वानीकी तथा इमारती लकड़ी का संचालन इत्यादि कार्य में लगे हुए हैं । इसके अतिरिक्त सुरंगों में कार्यरत मजदरों के लिए 20 प्रतिशत की वृद्धि न्यूनतम मजदूरी पर भ हुई। हिमाचल प्रदेश सरकार ने 18-1-1991 से पांच और व्यवसायों (i) निजी शक्षणिक संस्थान (ii) विनिर्माण प्रक्रिया में नियोजन जो कि कारखाना अधिनियम-1948 की धारा 2(क) प्रमाणित है (iii) महा निर्माण शालाओं, शराब कारखानों तथा अन्य अनुसंगिक प्रचलनों जसे बोतलें भरने में नियोजन इत्यादि (iv) सिमेन्ट कारखाने तथा सिमेन्ट से बनने वाले अन्य उत्पादन और (v) आरा मशीनों में नियोजन को न्यनतम वेतन अधिनियम, 1948 के अन्तर्गत अधिसूचना द्वारा अनुसूची में जोड़ दिया है । बन्धआ मजदूर प्रणाली (उन्मलन) ऐक्ट 1976 के अन्तर्गत राज्य सरकार नें राज्य स्तर पर एक सक्रीनिंग समिति के अतिरिक्त उप-मण्डलीय स्तर पर सतकता समितियां तथा जिला स्तर पर सतर्कता समितियों का गठन किया। राज्य सरकार ने औद्योगिक झगड़े निपटाने के लिए

श्रम न्यायालय तथा औद्योगिक न्याय अधिकरण जिनका मुख्यालय शिमला में है का गठन किया है । औद्योगिक झगड़ा नियम, 1947 के तहत जिला एवं शैशन जज के पद के बराबर, श्रम अदालत/औद्योगिक न्याय अधिकरण का एक स्वतन्त्र पीठासीन अधिकारी नियक्त किया गया । राज्य मजदूर बीमा योजना सोलन, परवाणु, बरोटीवाला, बद्दी, मैहतपुर तथा लगभग 268 उद्यमों/कारखानों में लागू है जिसका लाभ 31 दिसम्बर, 1990 तक 13,173 मजदूरों ने उठाया इसी प्रकार कर्मचारी भविष्य निधि नियम, 1952 के अन्तर्गत 534 उद्यमों में कार्यरत 55,452 मजदूरों को लाभ पहुंच रहा है ।

औद्योगिक सम्बन्ध

7.20. 20 सूत्रीय कार्यक्रम के अन्तर्गत औद्योगिक सम्बन्धों के मसले को काफी महत्व प्राप्त हो रहा है । प्रदेश में औद्योगिक झगड़ों के निपटारे व औद्योगिक शान्ति को बनाये रखने के लिए एक समाधान प्रशासन कार्यरत है । समाधान अधिकारियों के कार्य जिला रोजगार अधिकारी/श्रम अधिकारी को सौंपे गए हैं तथा अपने-अपने क्षेत्राधिकार में यह कार्य देख रहे हैं । इसके अतिरिक्त जिन संस्थाओं में 100 से कम मजदूर हैं उन संस्थाओं में समाधान अधिकारियों की शक्तियों श्रम निरीक्षकों के निहित कर दी गई हैं। जिन झगड़ों का निपटारा ठीक तरीके से न हो सके अथवा जहां पर समाधान प्रणाली फेल हो जाए उन मामलों में उच्चतर अधिकारी हस्तक्षेप करते हैं।

थोक मूल्य सूचकांक की गतिविधि



8. भाव की स्थिति

8.1 दूसरे वर्ष लगातार संतोषजनक मौनसून के बावजूद भी वर्ष 1989-90 में भाव की स्थिति दबाव में रही । थोक मूल्य सूचकांक (आधार : 1981-82=100), अंक से अंक आधार पर पिछले वर्ष के 5.7 प्रतिशत से इस वर्ष 1989-90 में 9.1 प्रतिशत पहुंच गया । वर्ष 1990-91 में मुद्रा-स्फीति के लगातार दबाव से स्थिति और गम्भीर हो गई । अंक से अंक आधार पर चालू वित्त वर्ष में थोक भाव मूल्य सूचकांक में 10.1 प्रतिशत (19 जनवरी, 1991 तक) की बढ़ौतरी हुई जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि में यह 7.3 प्रतिशत थी । ऊपर दर्शायी गई अवधि में थोक मूल्य सूचकांक औसत आधार पर बढ़ौतरी पिछले वर्ष 1989-90 के 7.3 प्रतिशत की तुलना में इस वर्ष 1990-91 में 9.5 प्रतिशत बढ़कर हो गई ।

8.2 पिछले कुछ वर्षों के थोक मूल्य सूचकांक निम्न सारणी में दिये हैं :—

थोक मूल्य सूचकांक

(आधार: 1981-82=100)

वर्ष	थोक मूल्य सूचकांक	
	अन्तिम सप्ताह	सप्ताहों की औसत
1982-83 ..	107.2	104.9
1983-84 ..	114.9	112.8
1984-85 ..	121.8	120.1
1985-86 ..	127.7	125.4
1986-87 ..	134.2	132.7
1987-88 ..	148.5	143.6
1988-89 ..	156.9	154.3
1989-90 ..	171.1	165.6
1989-90 (20-1-90) ..	168.3	
1990-91 (19-1-91) ..	188.3	180.5

8.3 पिछले 3 वर्षों का माहवार थोक मूल्य सूचकांक निम्न सारणी में दर्शाया गया है:—

थोक मूल्य सूचकांक

(आधार : 1981-82=100)

मास	1988-89	1989-90	1990-91
अप्रैल ..	150.0	158.4	172.9
मई ..	150.7	160.3	174.3
जून ..	152.2	161.6	176.9
जूलाई ..	154.4	163.6	179.3
अगस्त ..	154.5	166.7	180.2
सितम्बर, ..	154.3	168.3	180.9
अक्तूबर ..	156.0	168.3	183.3
नवम्बर ..	155.7	167.3	184.3
दिसम्बर ..	154.9	166.3	185.4
जनवरी ..	155.8	168.0	187.9
फरवरी ..	155.9	168.8	
मार्च ..	156.6	170.1	
औसत ..	154.3	165.6	180.5
औसत अप्रैल से जनवरी ..	153.7	164.9	180.5
	(21-1-1989)	(20-1-1990)	(19-1-1991)

8.4 विकास की प्रगति तथा प्रवृति के लाभों के बराबर में बंटने के लिए किमतों में स्थिरता जरूरी है । मुद्रा-स्फीति का सर्वाधिक प्रभाव गरीब वर्ग के लोगों पर पड़ता है इसका असर वित्तीय साधनों के जुटाने पर भी पड़ता है । साथ ही सटेबाजी और काले धन को बढ़ावा देकर निवेश की प्राथमिकताओं का संतुलन बिगाड़ देता है । वर्तमान वर्ष तथा पिछले कुछ वर्षों मे खाद्यानों के भण्डारण व उचित आयात नीति के जरिये न केवल जरूरी वस्तुयें के दाम बढ़ने से रोके गए बल्कि मुद्रा-स्फीति में भी अंकुश लगा रहा ।

8.5 हिमाचल प्रदेश में भाव की स्थिति पर निरन्तर निगरानी के कारण कीमतों में बढ़ोतरी नहीं होने दी गई ऐसा खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के द्वारा प्रदेश में भाव पर निगरानी व आवश्यक वस्तुओं के वितरण के लिए 3,204 उचित मूल्य की दुकानों से सम्भव हुआ । इसके साथ-साथ जमाखोरी, मुनाफाखोरी तथा अन्य अनाचारों द्वारा आवश्यक उपभोग की वस्तुओं की बिक्री तथा वितरण पर निगरानी रखने के लिए प्रदेश सरकार ने कई आदेशों/अधिनियमों को कड़ाई से लागू किया है । वर्ष के दौरान नियमित साप्ताहिक प्रणाली द्वारा आवश्यक वस्तुओं क भावों का अनुश्रवण करना जारी रखा ताकि भावों में अनुचित बढ़ौतरी को समय पर रोकने के लिए प्रभावी कदम उठाये जा सकें ।

9. नागरिक आपूर्ति एवं सामाजिक सेवायें

9.1 वर्ष 1990-91 में सार्वजनिक वितरण के माध्यम से खाद्यान्नों के अतिरिक्त नियन्त्रित वस्तुएं जैसे लेवी चीनी, नियन्त्रित कपड़ा और खाद्य तेल, दालें, नमक, चाय, अभ्यास पुस्तिकाएं, लेखन सामग्री, कोयला और मिट्टी का तेल आदि जनता को उपलब्ध करवाई गई ।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली

9.2 विभिन्न स्रोतों से आवश्यक वस्तुएं खरीद कर और सार्वजनिक वितरण की उचित मूल्य की दुकानों पर ये वस्तुएं जनता को उपलब्ध करवाने के लिए "हिमाचल प्रदेश आपूर्ति निगम" की स्थापना की गई है । निगम आवश्यक वस्तुएं जैसे दालें, राशन की चीनी, नियन्त्रित कपड़ा, खाने का तेल, नमक, मिट्टी का तेल, गेहूं का आटा, चावल, चाय, लेखन सामग्री, नहाने व कपड़े धोने का साबुन, टार्च सैल, जूते और मार्चिस आदि उचित मूल्य की 3,204 दुकानों द्वारा उपलब्ध करवाता रहा । इन 3,204 उचित मूल्य की दूकानों में से 2,564 उचित मूल्य की दूकानें सहकारिता क्षेत्र में, 466 दूकानें वैयक्तिक तौर पर, 60 पंचायतों द्वारा तथा 114 हिमाचल प्रदेश आपूर्ति निगम द्वारा चलाई जा रही है । जनवरी से नवम्बर, 1990 तक निगम का विक्रय 58.29 करोड़ रुपये हो गया ।

भण्डारण एवं परिरक्षण

9.3 सरकारी खाद्यान्नों और अन्य आवश्यक वस्तुओं के भण्डारण के लिए प्रदेश के विभिन्न स्थानों में 45 गोदाम 13,850 टन भण्डारण क्षमता के बनाए गए हैं । इस के अतिरिक्त सितम्बर, 1990 तक 5,920 टन क्षमता के गोदाम निजी क्षेत्र से किराए पर लिए गए हैं । प्रदेश के खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने भी 5,450 टन भण्डारण क्षमता के गोदाम भारतीय खाद्य निगम और हिमाचल प्रदेश नागरिक आपूर्ति निगम को किराए पर दिये हैं । 24 गोदाम जिनकी क्षमता 5,000 टन है निर्माणाधीन है ।

लैवी चीनी

9.4 भारत सरकार प्रदेश में कार्ड होल्डरों को वितरण के लिए सामान्यत: 2,019 टन लैवी चीनी प्रति माह देती है परन्तु कई बार महत्वपूर्ण उत्सवों आदि पर केन्द्र सरकार राज्य के कोटे में वृद्धि कर देती है । प्रदेश में उपभोक्ताओं को 400 ग्राम प्रति व्यक्ति, प्रतिमाह 5.25 रुपये प्रति किलो के भाव से उपलब्ध कराई गई । इसके लिए वर्ष 1990-91 के लिए 1.50 करोड़ रुपये का प्रावधान किया है ।

खाने का तेल

9.5 रेपसीड व पाम नामक खाद्य तेल उपभोक्ताओं को 2 किलो प्रति माह प्रति राशन कार्ड 5 सदस्यों के लिए तथा 3 किलो प्रति राशन कार्ड 5 सदस्यों से ज्यादा के लिए उचित मूल्य की दूकानों द्वारा उपलब्ध करवाए जाते रहे । वर्ष 1990 में भारत सरकार ने 6,650 टन खाने के तेलों का आवंटन किया ।

नियन्त्रित कपड़ा

9.6 वर्ष 1990-91 में भारत सरकार ने नियन्त्रित कपड़ा जनता में वितरण हेतु प्रदेश सरकार को दिया । नागरिक आपूर्ति निगम ने भी उचित मूल्य की अपनी दुकानों द्वारा आम अनियन्त्रित कपड़ा उपलब्ध करवाया । वर्ष 1990 के दौरान, 10.88 लाख मीटर नियन्त्रित कपड़ा उचित मूल्य की दुकानों ने वितरित किया ।

आयोडीन युक्त नमक

9.7 भारत सरकार प्रति वर्ष इस प्रदेश को 29,200 टन आयोडीन युक्त नमक का कोटा देती है । वर्ष 1990-91 में दुर्गम एवं दूर दराज के क्षेत्रों के लिए 2.00 लाख रुपये परिवहन अनुदान के लिए खर्च आने के सम्भावना है ।

तरल पैट्रोलियम गैस

9.8 वर्ष 1990-91 में बिलासपुर, चम्बा, डलहौजी, हमीरपुर, 2 धर्मशाला, पालमपुर, नूरपुर, कुल्लू, केलांग, मण्डी, सुन्दरनगर, जोगिन्द्रनगर, 6 शिमला, रोहड़ू, रामपुर, ठियोग, नाहन, पांवटा साहिब, 2 सोलन, परवाणु, कसौली, नालागढ़, ऊना, सराज, पिओ, बनीखेत, योलकैम्प और देहरा में 34 गैस अजैन्सियां कार्यरत थीं । इसके अतिरिक्त 15 और गैस अजैन्सियां अम्ब, सरकाघाट, नगरोटा बगवान, करसोग, नारकण्डा, सुन्नी, चौपाल, बड़सर, डमटाल, अर्की, शिमला शहर, काजा, पूह, शाहपुर और राजगढ़ में स्वीकृत हो गई हैं जो शीघ्र ही कार्य करना शुरू कर देगी ।

डीजल, पैट्रोल और मिट्टी का तेल

9.9 इस समय प्रदेश में 69 पैट्रोल और डीजल पम्प कार्यरत हैं । इसके अतिरिक्त 9 परचून विक्रय केन्द्र शीघ्र ही खोलने का

प्रस्ताव है। इसके अलावा वर्ष 1990-91 के दौरान 6 टी. क्रे. डी., पिग्रो, शमशी, कारगाह (केलांग), चम्बा, काजा और पठानकोट के दूरदराज क्षेत्रों में मिट्टी का तेल उपलब्ध करने हेतु कार्यरत हैं। वर्ष 1990 में भारत सरकार ने 4 7,357 किलोलिटर मिट्टी के तेल का आबंटन किया। चम्बा और शिमला जिले के डोडरा क्वार क्षेत्रों के लिए क्रमश: 1.50 लाख रुपये तथा 0.30 लाख रुपये अनुदान के रूप में खर्च किये जाएंगे।

दुर्गम एवं दूर-दराज के क्षेत्रों को अनुदान

9.10 वर्ष 1990 में सरकार प्रदेश के दूर-दराज दुर्गम और पिछड़े क्षेत्रों में जनता को गेहूं अनुदान मूल्य पर उपलब्ध करवाती रही। सरकार ने एकीकृत जन विकास परियोजना क्षेत्रों को गेहू 269 रूपये प्रति क्विंटल, 234 रूपये प्रति क्विंटल अनुदान क्षेत्रों में और अन्य क्षेत्रों को 249 रूपये जमा बिक्री कर प्रति क्विंटल की दर से जनता को दिया। गेहूं का आटा भी प्रदेश के एकीकृत जन विकास परियोजना क्षेत्रों तथा अनुदान क्षेत्रों में 266 रूपये प्रति क्विंटल और अन्य क्षेत्रों में 276 रूपये प्रति क्विंटल की दर से उपलब्ध करवा रही है। इसके अतिरिक्त शिमला जिले के डोडरा और पंद्रहा-बीस क्षेत्र, जिला कुल्लू के सरघा और कुशवा क्षेत्र, सोलन जिले की मांगल व बैरल पंचायतें और जिला कांगड़ा के बड़ा भंगाल क्षेत्रों में भी चावल बांटा गया। इन क्षेत्रों में 10 रूपये प्रति क्विंटल से अधिक परिवहन भाड़ा सरकार ने अनुदान के रूप में वहन किया। भारत सरकार, प्रदेश को 10,000टन गेहूं तथा 6,500 टन चावल प्रति माह देती है।

छात्रों को विशेष सुविधाएं

9.11 बीस सूत्रीय कार्यक्रम के अन्तर्गत छात्रावासों में रहने वाले छात्रों को सार्वजनिक प्रणाली के अन्तर्गत जनता को दिये जाने वाले मूल्य से 35 रूपये प्रति क्विंटल कम दर पर गेहूं का आटा और चावल दिए गये।

9.12 आवश्यक वस्तुओं की बिक्री तथा वितरण में जमाखोरी व कालाबाजारी को रोकने के लिए प्रदेश सरकार विभिन्न आदेशों व अधिनियमों को सख्ती से पालन कर रही है। कैलण्डर वर्ष 1990 में 29995 निरीक्षण व छापे मारे गये, 9 मामले दर्ज किए गये, 193 व्यक्तियों को लिखित चेतावनी दी गई और 268 व्यक्तियों को विभागीय कार्यवाही के अधीन दण्ड दिया गया। 60,495 रूपयों की धरोहर जब्त की गई और 7,191 रूपये मूल्य की वस्तुयें जब्त की गई। इसके अतिरिक्त प्रदेश में राज्य एवं जिला स्तर पर उपभोक्ता निवारण मंच बनायें ताकि उनकी समस्यायें हल हो सकें। राज्य स्तर के उपभोक्ता निवारण मंच द्वारा 30 दर्ज की गई शिकायतों में से 13 निपटाई गई तथा जिला स्तरीय मंच द्वारा 311 शिकायतों में से 143 शिकायतों का निवारण किया।

अन्त्योदय कार्यक्रम

9.13 हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा 15 अगस्त, 1990 से सारे प्रदेश में अन्त्योदय कार्यक्रम शुरू किया गया है जिसके अन्तर्गत प्रथम चरण में 90 हजार से अधिक चुने गए अन्त्योदय परिवारों को अनुदानित दरों पर गेहूं, चावल तथा नमक उपलब्ध करवाया गया। इन परिवारों को गेहूं 4 किलो प्रति व्यस्क तथा 2 किलो प्रति शिशु, 1.50 रूपये प्रति किलो की दर से तथा चावल 1 किलो प्रतिव्यस्क व 500 ग्राम प्रति शिशु, 2.50 रुपये प्रति किलो की दर से उपलब्ध करवाये गये। इसी प्रकार नमक 25 पैसे प्रति किलों की दर से एक किलों प्रति परिवार को दिया गया।

9.14 इस उद्देश्य के लिए वर्ष 1990-91 के दौरान 200 लाख रूपये गैर-जन-जातीय क्षेत्रों तथा 125 लाख रूपये जन-जातीय क्षेत्रों के लिए प्रावधान रखा गया। चालू वित्त वर्ष 1990-91 के दौरान 13,650 क्विंटल गेंहू वितरित किया गया तथा 18.11 लाख रूपये अनुदान के रूप में अक्तूबर, 1990 तक व्यय किए गए।

पेयजल

9.15 वर्ष 1981 की जनगणना के अनुसार कुल 16,807 आबाद गांव में से 11, 887 समस्या गांव और 4,920 सुगम गांव घोषित हुए। सुरक्षित पेयजल के अन्तर्गत 31 मार्च, 1990 तक 15,255 गांव जिन में 10,780 समस्या गांव और 4,475 सुगम गावों को पेयजल दिया गया जोकि 90.8 प्रतिशत है। वर्ष 1990-91 में कुल 350 गावों को पेयजल प्रदान करने की प्रस्ताव है। वर्ष 1990-91 में गावों में पानी की स्कीमों के लिए 23.08 करोड़ रूपये राज्य क्षेत्र, 6.30 करोड़ रूपयें केन्द्रीय क्षेत्र तथा 3.92 करोड़ रूपये तकनीकी मिशन के अन्तर्गत प्रावधान किया गया जिसे चालू वर्ष के अन्त तक खर्च कर दिया जाएगा।

9.16 प्रदेश के सभी नगरों में चाहें अभी पुरानी पैयजल योजनाऐं कार्यरत हैं परन्तु वर्त्तमान बढ़ती हुई आवश्यकताओं को पूर्ण करने में यह योजनायें अपर्याप्त हैं। शहरों में पेयजल योजनाओं के विकास की अनिवार्यता को दृष्टि में रखते हुए 409 लाख रूपये का प्रावधान किया गया है जोकि वर्ष के अन्त तक पूरा खर्च कर दिया जाएगा। वर्ष 1990-91 में मल प्रवाह पद्धति के लिए 38 लाख रूपये का प्रावधान है।

शिक्षा साक्षरता

9.17 हिमाचल प्रदेश में 1981 की जनगणना के अनुसार साक्षरता दर (कुल जनसंख्या से शिक्षितों का प्रतिशत) 42.48 प्रतिशत थी जबकि 1971 में यह साक्षरता 31.96 प्रतिशत थी। राज्य में नगरीय व ग्रामीण साक्षरता की दर में व्यापक अन्तर है। वर्ष 1981 में नगरीय साक्षरता की दर 67.44 प्रतिशत की तुलना में ग्रामीण क्षेत्र में यह दर 40.42 प्रतिशत थी। इसी प्रकार पुरुषों व स्त्रियों की साक्षरता दर में भी बहुत अन्तर है। पुरुषों की 53.19 प्रतिशत साक्षरता दर की तुलना में स्त्रियों की साक्षरता दर केवल 31.46 प्रतिशत थी।

प्राथमिक पाठशालाएं

9.18 वर्ष 1990-91 में 100 प्राथमिक पाठशालाएं खोलने का प्रस्ताव था। इनमें से अब तक 80 प्राथमिक पाठशालाएं 31 दिसम्बर, 1990 तक खोली जा चुकी हैं। सभी प्रस्तावित पाठशालाओं के खुल जाने से सरकार के अधीन कुल प्रस्तावित प्राथमिक पाठशालाओं की संख्या 7,548 हो जाएगी। इसके अतिरिक्त इन नये स्कूलों के खुलने से 200 जे0 वी0 टी0 अध्यापकों तथा 100 पार्ट टाईम पानी ढोने वालों को 1990-91 के दौरान रोजगार अवसर प्रदान होंगे। केन्द्र द्वारा प्रायोजित योजना, आपरेशन ब्लैक बोर्ड के अन्तर्गत प्राथमिक पाठशालाओं के लिए पढ़ाई तथा सिलाई सामग्री के लिए 274.52 लाख रूपये की राशि रखी गई है। इस योजना के अन्तर्गत पहले चरण में 29 सामुदायिक विकास खण्ड जिनमें 3,459 प्राथमिक इकाईयां है की तृतीय चरण में लाया जा चुका है। इस योजना के अन्तर्गत प्रदेश में एकल अध्यापक प्राथमिक पाठशाला के लिए 931 जे0 बी0 टी0 अध्यापक रखने का प्रस्ताव है। इसके साथ-साथ 1990-91 के दौरान जन-जातीय छात्रों के छात्रों को मुफ्त कपड़ा, लेखन सामग्री व पाठ्य पुस्तकें आदि देने के लिए 5.35 लाख रूपये की धनराशि रखी गई है। इसके अतिरिक्त 1990-91 के दौरान प्रदेश में सभी प्राथमिक पाठशालाओं को उनकी जरुरतों के अनुसार नई दरी पट्टी उपलब्ध करवाई जा रही है।

माध्यमिक पाठशालाएं

9.19 वर्ष 1990-91 में 18 माध्यमिक पाठशालाओं को व्यवहारिक रूप दिया गया।

उच्च/वरिष्ठ माध्यमिक शिक्षा

9.20 वर्ष 1990-91 में 15 उच्च पाठशालाओं को व्यवहारिक रूप दिया तथा 10 वारिष्ठ माध्यमिक पाठशालओं में विज्ञान पाठ्यक्रम चलाए गए।

उच्चतर शिक्षा

9.21 वर्ष 1990-91 में प्रदेश में कुल 27 राजकीय महाविद्यालय थे जिनमें 7 सांयकालीन महाविद्यालय भी सम्मिलित हैं। उच्च शिक्षा और व्यावसायिक शिक्षा के लिए राज्य परिषदों के गठन के अतिरिक्त स्वायत महाविद्यालयों के लिए भी एक कार्यदल का गठन किया गया। राज्य में तीन विश्वविद्यालय हैं। हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय के विकास कार्यों के लिये वर्ष 1990-91 में कुल राशि 60 लाख रूपये में से 44 लाख रूपये की सहायता अनुदान राशि का भुगतान किया जा चुका है।

प्रौढ़ शिक्षा

9.22 इस कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रदेश में 2,300 प्रौढ़ शिक्षा केन्द्र तथा 305 जन शिक्षा निलायम स्वीकृत हैं वर्ष 1990-91 में राष्ट्रीय साक्षरता मिशन चलाया जा रहा है जिसमें (i) ग्रामीण साक्षर कार्यक्रम (ii) राज्य प्रौढ़ शिक्षा कार्यक्रम (iii) जन शिक्षा निलायम (iv) नेहरू युवक केन्द्र तथा (v) सामुहिक साक्षरता कार्यक्रम जिन में स्कूल तथा कालेज के विद्यार्थी भी शामिल किए जाएंगे सम्मिलित हैं। इसके अतिरिक्त वर्ष 1990-91 में हमीरपुर जिले को पूर्ण रूप से निरक्षरता दूर करने के लिए चुना गया है।

विकलांग बच्चों की एकीकृत शिक्षा

9.23 वर्ष 1990-91 में इस कार्यक्रम के अन्तर्गत विकलांग बच्चों की एकीकृत शिक्षा से सम्बन्धित सभी केन्द्रों में शिक्षा का कार्यक्रम जारी रहा। विकलांग बच्चों के लिए यह सुविधा शिमला, नाहन, धर्मशाला व चम्बा में उपलब्ध है।

व्यवसायिक शिक्षा

9.24 जमा दो प्रणाली में व्यवसायिक शिक्षा का लागू करना नई शिक्षा प्रणाली का ही एक भाग है, व्यवसायिक शिक्षा 25 वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओं में आरम्भ की गई है जिनमें (1) बागवानी (2) लेखा व लेखा परीक्षा (3) कम्पयूटर तकनीकी (4)

घरेलू विद्युत उपकरणों की मुरम्मत व रखरखाव (5) इलैक्ट्रानिक तकनीकी तथा (6) भोज्य पदार्थों का परीक्षण एवं विधायन जैसे विषयों पर प्रशिक्षण दिया जा रहा है ।

वैज्ञानिक शिक्षा का सुधार

9.25 भारत सरकार ने इस योजना के अन्तर्गत 139.83 लाख रुपये 1990–91 के लिए उपलब्ध करवाये हैं इस धनराशि को (1) माध्यमिक पाठशालाओं में 'विज्ञान-किट' देना (2) उच्च एवं वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओं को विज्ञान प्रयोगशालाओं में विज्ञान उपकरण देना (3) उच्च/वरिष्ठ माध्यनिक पाठशालाओं को विज्ञान पुस्तकें प्रदान करना तथा (4) विज्ञान एवं गणित सेवारत अध्यापकों को प्रशिक्षण देना जैसे कार्यक्रमों को उपयोग में लाया जाएगा ।

शैक्षणिक तकनीकी

9.26 इस कार्यक्रम के अन्तर्गत 1,557 प्राथमिक और 482 माध्यमिक पाठशालाओं को 2,039 रेडियो कम कैसेट प्लैयर प्रदान किए गए । भारत सरकार से 45.80 लाख रुपये की अनुदान राशि प्राप्त हुई है जिनसे 4,000 प्राथमिक पाठशालाएं तथा 580 माध्यमिक पाठशालाएं लाभान्वित होंगी । इसके अतिरिक्त 35 वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाओं को कलास प्रोजैक्टस के अन्तर्गत लाया गया तथा तीन जे0 बी0 टी0 प्रशिक्षण संस्थानों को रंगीन टी0 वी0 व बी0 सी0 आर0 तथा 97 वरिष्ट माध्यमिक पाठशालाओं, 49 उच्च पाठलाओं को ब्लैक एण्ड वाईट टी0 वी0 इस कार्यक्रम के अन्तर्गत उपलब्ध कराए गए ।

मुफ्त छात्रावास

9.27 दूर दराज व पिछड़े क्षेत्रों में मुफ्त छात्रावास की सुविधा से शिक्षा के व्यापक प्रसार व बच्चों का स्कूलों से लगाव में बहुत सहायता मिली है । वर्ष 1990–91 में ऐसे 23 निशुल्क छात्रावास कार्यरत थे जहां निशुल्क आवास व भोजन सुविधा के अतिरिक्त प्रत्येक छात्र को 100 रुपये की वार्षिक सहायता पुस्तकें व सम्बन्धित सामग्री खरीदने के लिए भी दी जाती है ।

छात्रवृत्तियां

9.28 इस वर्ष विभिन्न स्तर पर छात्रवृत्तियों के प्रोत्साहन हेतू 167.96 लाख रुपयों का प्रावधान है । वर्ष 1991-1992 से अन्त्योदय परिवारों के ऐसे बच्चों को जो छठी से दसवीं कक्षा के विद्यार्थी है को 30 रुपये प्रतिमाह छात्रवृत्ति तथा 100 रुपये पुस्तकें एवं वर्दी के लिए अनुदान, +1 व +2 के छात्रों को 50 रुपये प्रतिमाह छात्रवृत्ति और 150 रुपय पुस्तकें व वर्दी के लिए अनुदान देन का प्रस्ताव है । +2 से उपर वाली कक्षाओं तथा तकनीकी शिक्षा पाने वाल छात्रों को अनुसचित जाति व जन-जाति के छात्रों के समान ही वर्तमान दरों पर छात्रवृत्तिता और अनुदान दिया जाएगा ।

स्कूली शिक्षा में पर्यावरण अभिविन्यास

9.29 यह कार्यक्रम वर्ष 1990–91 में चालू रहा, केन्द्र द्वारा प्रायोजित इस कार्यक्रम के अन्तर्गत विभिन्न स्थानों पर पुस्तकों की समीक्षा, पर्यावरण का ज्ञान, पाठ्यक्रम समीक्षा और कार्य अनुभव सम्बन्धि संगोष्ठियां व कार्यलाशालाएं आयोजित की गई । पाटशालाओं में जहां पानी तथा जमीन उपलब्ध है, नर्सरी उगाने का प्रावधान है ।

अध्यापकों को प्रशिक्षण

9.30 शिक्षकों के प्रशिक्षण कायक्रम के अन्तगत 6 जे0बी0टी0 स्कूल कार्यरत है इसके अतिरिक्त, हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय व धर्मशाला के शिक्षा महाविद्यालय में बी0 एड0 की ट्रेनिंग भी दी जाती रही ।

तकनीकी शिक्षा

9.31 प्रदेश में इस समय 4 बहुतकनीकी संस्थान, एक लघु तकनीकी पाठशाला, 17 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान जिनमें एक संस्थान विकलांग व्यक्तियों के लिए है, और 14 प्रशिक्षण संस्थान स्त्रियों के लिए कार्यरत है । इन बहु तकनीकी संस्थानों में 3 वर्षीय सिविल इन्जीनियरिंग, मैकनिकल, इलैक्ट्रीकल, आटोमोबाईल, वास्तुकला इन्जीनियरिंग, लैक्ट्रोनिक्स एवं कम्युनिकेशन, पाठयक्रमों में प्रशिक्षण दिया जाता है । कम्पयूटर में डिप्लोमा कोर्स जनवरी, 1990 से राजकीय पोलिटैकनिक हमीरपुर व स्त्रियों के लिए पोलिटैकनिक कण्डाघाट में प्रारम्भ किया गया । लघु तकनीकी पाठशाला कांगड़ा में छात्रों को बढ़ईगिरी, यन्त्र सम्बन्धी प्रशिक्षण, फिटिंग, वैल्डिंग, लोहे के औजार व नमूने बनाने आदि में प्रशिक्षण दिया जाता है । औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में इन्जीनियरिंग व नान इन्जीनियरिंग दोनों ही ट्रेडों में प्रशिक्षण दिया जाता है । एक क्षेत्रिय इन्जीनियरिंग महाविद्यालय हमीरपुर में 1987–88 से कार्यरत है ।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण

9.32 हिमाचल प्रदेश में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के माध्यम से जन स्वास्थ्य, विभिन्न बिमारियों की रोकथाम स्वास्थ्य शिक्षा, परिवार कल्याण, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य की अमूल्य सेवाएं सम्मिलित हैं, 39 असैतिक चिकित्सालय, 18 सामुदायिक स्वास्थ्य कन्द्रों, 17 ग्रामीण चिकित्सालयों (उत्थानित प्रा0स्वा0केन्द्र), 190 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों, 197 औषद्यालयों तथा 1,851 उप कन्द्रों और 46 मातृ एवम् शिशु स्वास्थ्य केन्द्रों के माध्यम से प्रदान की जा रही हैं । वर्ष 1990-91 के दौरान राज्य में विभिन्न स्वास्थ्य एवम् परिवार कल्याण गतिविधियों का विवरण निम्न प्रकार से है :—

(1) ग्रामीण स्वास्थ्य योजना :- इस कार्यक्रम के अन्तर्गत राज्य में 4,716 स्वास्थ्य गाईड लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा प्रदान कर रहे है तथा ये गाईड मलेरिया निरीक्षण, परिवार कल्याण तथा प्रतिरक्षण की गतिविधियों में महत्वपूर्ण योगदान दे रहे हैं ।

(2) राष्ट्रीय मलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम :—इस समय प्रदेश में 3,177 बुखार ईलाज डिपो, 4,911 औषधि वितरण केन्द्र, 138 मलेरिया उपचारालय तथा 680 सैक्शन कार्य कर रहे हैं । वर्ष 1990 के माह नवम्बर तक इस कार्यक्रम के अन्तर्गत 6,49,158 रक्त स्लाईडें एकत्रित की गई इनमें से 6,30,021 की जांच की गई और 14,165 अनुकूल पाई गई । पिछले वर्ष की अपेक्षा नवम्बर, 1990 तक घनात्मक मामलों में 66.88 प्रतिशत तथा पी0एफ0 मामलों में 63.33 प्रतिशत की वृद्धि हुई ।

(3) कुष्ठ नियंत्रण कार्यक्रम :—यह कार्यक्रम प्रदेश में 6 कुष्ठ चिकित्सालयों 76 पारिणाह क्लीनिक, 15 सर्वेक्षण तथा शिक्षा उपचार केन्द्र जिनमें 232 बिस्तरों का प्रावधान है के माध्यम से चलाया जा रहा है । इसके साथ इन्दिरा गान्धी मैडिकल कालेज शिमला में 20 बिस्तरों वाला वार्ड तथा दो स्वयं सेवी संस्थाऐं जो स्पाटू तथा पालमपुर में स्थित है कार्यरत हैं । इस कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्ष 1990-91 में 200 लक्ष्य के अन्तर्गत नवम्बर, 1990 तक 118 नए मामलों का पता लगाया गया तथा 338 मामले समाप्त किए गए ।

(4) एस0टी0डी0 नियंत्रण कार्यक्रम :—इस कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रदेश में 71 एस0टी0डी0 संस्थाएं हैं जिनमें से अधिकतर जन-जातीय तथा ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित हैं । जिरोपोजिटिविटी दर जो वर्ष 1952 में 37.40 प्रतिशत थी, वर्ष 1990 में नवम्बर तक घटकर 0.93 प्रतिशत रह गई। वर्ष 1990 में रक्त के 57,362 मामले एस0टी0एस0 के लिए जांच किए जिनमें से 536 अनुकूल पाए गए ।

(5) राष्ट्रीय क्षय रोग नियंत्रण कार्यक्रम :—इस कार्यक्रम के अन्तर्गत प्रदेश में 2 क्षय रोग चिकित्सालय, 11 जिला क्षय रोग क्लीनिक, 6 क्षय रोग उप-क्लीनिक तथा एक सर्वेक्षण एवं अधिवास उपचार केन्द्र जिनमें 713 बिस्तरों का प्रावधान है कार्यरत है । वर्ष 1990-91 में दिसम्बर, 1990 तक 13,780 नए रोगियों का पता लगाया गया तथा 39,616 मामलों में थूक की जांच की गई जिनका क्रमश: 15,000 तथा 46,200 का लक्ष्य था ।

(6) बी0सी0जी0 कार्यक्रम :—इस कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्ष 1990-91 में 1,32,600 टीके लगाने का लक्ष्य था और दिसम्बर, 1990 तक 80,170 टीके लगाए गए ।

(7) अन्धेपन से बचाने का राष्ट्रीय कार्यक्रम :— वर्ष 1990-91 में 7,000 कैटरेक्ट आप्रेशन करने का लक्ष्य था जिसके अन्तर्गत दिसम्बर 1990 तक 3,909 कैटरेक्ट आप्रेशन किए गए ।

(8) राष्ट्रीय परिवार कल्याण कार्यक्रम :— इस कार्यक्रम के अन्तर्गत 14,034 बन्धयकरण और 24,134 लूप निवेश दिसम्बर, 1990 तक किए गए जिनका लक्ष्य क्रमश: 34,000 तथा 64,000 था इसके अतिरिक्त क्रमश: 75,000 तथा 12,000 के लक्ष्य में दिसम्बर, 1990 तक 58,353 सी0सी0 प्रयोगकर्ता तथा 10,422 ओ0पी0 प्रयोगकर्ता नामांकित किए गए । सरकार ने छोटा परिवार अपनाने वालों को तथा संस्थाओं को इस कार्यक्रम को प्रदेश के लोगों में लोकप्रिय बनाने हेतु कई प्रोत्साहन घोषित किए । प्रचलित वर्ष में छोटा परिवार अपनाने वालों को अतिरिक्त निम्न प्रोत्साहन देने हेतु पिछले वर्ष की तरह चालू रहे :-

1. उन माता पिता को जो एक जीवित बेटी के बाद बन्ध्यकरण को अपनाएंगे उनको नगद 6,000 रुपये दिये जायेंगे ।
2. जो माता पिता दो जीवित बेटियां के बाद बन्ध्याकरण अपनायेंगे उन्हें नगद 5,000 रुपये दिए जायेंगे ।
3. 500 रुपये का नगद इनाम उनको दिया जायेगा जो एक जीवित बेटे के बाद बन्ध्यकरण करवायेंगे तथा
4. जो दो जीवित बेटों के बाद बन्ध्यकरण अपनायेंगे उन्हे 300 रुपये दिए जायेंगे ।

(9) मातृ एवम् शिशु स्वास्थ्य तथा विस्तारित प्रतिरक्षण कार्यक्रम :--इस कार्यक्रम के अन्तर्गत 10 जिलों को लाया गया है । इन जिलों में महिलाओं को टी0टी0 और छोटे बच्चों को डी0पी0टी0, पोलियो बी0सी0जी0 व मीजल के टीके

लगाए गए। दिसम्बर, 1990 तक उपलब्धियां व 1990-91 के लक्ष्य नीचे दिए गए हैं :--

मद	लक्ष्य (1990-91)	उपलब्धियां दिसम्बर, 90 तक
1	2	3
1. टी0टी0 (गर्भवती माताएं)	1,40,126	64,117
2. डी0पी0टी0	1,32,600	72,187
3. पोलियो	1,32,600	72,140
4. बी0सी0जी0	1,32,600	80,170
5. मीजल	1,32,600	65,393
6. टी0डी0टी0 (5 वर्ष)	1,03,197	76,227
7. टी0डी0 (10 वर्ष)	94,598	67,148
8. टी0टी0(16 वर्ष)	94,598	45,193
9. आहार सम्बन्धी कमजोरी से मुक्ति		
(क) माताएं	1,12,100	1,35,408
(ख) बच्चे	1,95,900	1,54,851
10. विटामिन ए की कमी से अन्धेपन से बच्चों को मुक्ति	1,65,800	1,50,998

(10) स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम:— इस कार्यक्रम के अन्तर्गत स्कूली बच्चों की चिकित्सा जांच की जाती है और रोगग्रस्त बच्चों को नजदीक वाली स्वास्थ्य संस्थाओं में उपचार के लिए भेज दिया जाता है। बच्चों को टाइफाईड तथा टी0 टी0 के टीके भी लगाए जाते हैं।

(11) आयुर्विज्ञान महाविद्यालय :— वर्ष 1990-91 में इन्दिरा आयुर्विज्ञान महाविद्यालय में 65 विद्यार्थी की क्षमता रही। अध्ययन तथा प्रशिक्षण के उद्देश्य से इन्दिरा गांधी अस्पताल तथा कमला नेहरू अस्पताल इससे सम्बद्ध है। इस महाविद्यालय के खुलने से औषधि, शल्य-क्रिया, स्त्री रोग व प्रसूति क्षेत्र विज्ञान, रतिरोग विज्ञान, दन्त चिकित्सा, आंख, नाक व गला चिकित्सा, विकृशा विज्ञान तथा जीव भौतिक विज्ञान इत्यादि में आम जनता को विशिष्ट सेवाएं उपलब्ध है। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय नर्सो, रेडियोग्राफर्स, ओपथलमिक सहायक, ओ0टी0ए0, प्रयोगशाला तकनीकी, फार्मासिस्ट, दन्त, हाईजिनिस्टस को प्रदेश के औषधालयों व चिकित्साशलयों की जरूरतों को मध्यनजर रखते हुए प्रशिक्षण भी देता है। इसके अलावा आयुर्विज्ञान महाविद्यालय ग्रामीण तथा कठिन क्षेत्रों के लोगों के लिए 50 बिस्तरों वाला चलता-फिरता हस्पताल चला रहा है तथा इंटर्नज् व प्रशिक्षण ले रही नर्सो को बेहतर क्षेत्रीय प्रशिक्षण दे रहा है।

आयुर्वेद

9.33 हिमाचल प्रदेश में जनता को भारतीय चिकित्सा पद्धति द्वारा सुविधाएं प्रदान करने के लिए 2 क्षेत्रीय अस्पताल, 2 सर्कल अस्पताल, 1 जनजातीय अस्पताल, 7 जिला अस्पताल, 1 नेचर क्योर यूनिट, 522 आयुर्वेदिक डिस्पैन्सरियां, 3 यूनानी और 2 होम्योपैथी डिस्पैन्सरियां कार्यरत है। वर्ष 1990 में इन संस्थाओं में 42,336 अन्तरंग व 38,03,724 बाह्य् रोगियों का इलाज किया गया। इसके अतिरिक्त 2 आयुर्वेदिक फार्मेसियां शास्त्रोक्त दवाईयां तैयार कर राजकीय आयुर्वेदिक अस्पतालों व औषधालयों को भेजती रही। इन फार्मेसियों की उत्पादन क्षमता बढ़ाने के प्रयत्न किए जा रहे हैं। वर्ष 1990 में 98 क्लासिकल औषधियां बनाने का प्रस्ताव हैं। इसके साथ ही जोगिन्द्रनगर में एक अनुसंधान संस्थान तथा अस्पताल भी कार्यरत है। पपरोला में बी0ए0 एम0एस0 उपाधियों और आयुर्वेदिक शिक्षा देने के लिए एक आयुर्वेदिक महाविद्यालय भी कार्य कर रहा है जिसकी क्षमता 20 विद्यार्थी प्रति वर्ष है। औषधियों की भारतीय पद्धति का यह विभाग अन्य राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों जैसे मलेरिया उन्मूलन और परिवार कल्याण आदि में भी अपना सहयोग देता रहा है। आयुर्वेदिक संस्थाओं ने पात्र दम्पतियों को प्रेरित करने के लिए परिवार कल्याण शिविर लगाये तथा शल्यक्रिया वाले मामलों की देखरेख के लिए भी शिविर लगाये।

पौषाहार कार्यक्रम

9.34 समाज तथा स्त्री विभाग द्वारा चलाए गए विशेष पौषाहार कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य 6 वर्ष से छोटे बच्चों और गर्भवती तथा दूध पिलाने वाली माताओं को अनुपूरक पौष्टिक आहार प्रदान करना है। इस कार्यक्रम से इस वर्ष 1,32,100 बच्चों

D-6052
29/4/91

व 26,000 गर्भवती तथा दूध पिलाने वाली माताओं को लाभ पहुंचने की आशा है । इस पौष्टिक आहार की लागत 50 पैसे प्रतिदिन प्रति बच्चा तथा 80 पैसे प्रतिदिन प्रतिमाता है । इसके अतिरिक्त भारत सरकार प्रदेश के लिए वर्ष 1989-90 तक 32 एकीकृत बाल विकास सेवाएं (आई0सी0डी0एस0) परियोजना स्वीकृत कर चुकी थी । इन योजनाओं का मुख्य उद्देश्य 0-6 साल तक के बच्चों को पौष्टिक आहार प्रदान करना, उनके स्वास्थ्य स्तर को उन्नत करना और उनक विकसित मानसिक व सामाजिक जीवन की दृढ़ नींव रखना तथा इसके साथ ही मृत्यु दर को कम करना और स्कूलों के प्रति बच्चों का लगाव पैदा करना है तथा बच्चों के विकास के लिए विभिन्न विभागों के तालमेल से एक प्रभावी नीति बनाना तथा उसे कार्यान्वित करना है उन उद्देश्यों की प्राप्ती के लिए 6 सेवाएं जैसे प्रतिरक्षण, प्रतिपूरक पौषाहार, स्वास्थ्य की देखभाल रफरल सेवाएं, स्वास्थ्य तथा पौषाहार शिक्षा तथा नान-फार्मल प्री स्कूल शिक्षा कार्यरत है। इस वित्तीय वर्ष के अन्त तक इस योजना के अन्तर्गत लगभग 1.9 लाख बच्चों व 36 हजार माताओं को लाभ होने की आशा है ।

समाज कल्याण एंव पिछड़े वर्गों का कल्याण

9.35 समाज एवं महिला कल्याण विभाग, हिमाचल प्रदेश का लक्ष्य अनुसूचित जाति/जनजाति व अन्य पिछड़े वर्गों, वृद्धों एवं बेसहारा, शारीरिक रूप से विकलांग बच्चों, महिलाओं, विधवाओं तथा बेसहारा महिलाएं जो नैतिक खतरे में हों, उनकी सामाजिक एवं आर्थिक उन्नति करना है । विभाग गर्भवती महिलाओं व दूध पिलाने वाली माताओं तथा 0—6 साल के बच्चों के लिए विशेष पौषाहार योजना भी चलाता है । अनुसूचित जातियों/जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गों के कल्याण के लिए 'पिछड़े वर्गों का कल्याण' शीर्षक के अन्तर्गत और महिलाओं, बच्चों, वृद्ध एवं बेसहारा के कल्याण हेतु "समाज कल्याण" शीर्षक के अन्तर्गत चलाई जा रही है।

समाज कल्याण

9.36 समाज कल्याण का उद्देश्य समाज के कमजोर वर्गों जैसे कि बेसहारा, अपंग, शारीरिक विकलांग और मानसिक रूप से अविकसित व्यक्ति का कल्याण करना है । उनको सामाजिक अन्याय व शोषण से बचाने के लिए सरकार ने कई संस्थाएं चला रखी हैं जैसेकि बाल तथा बालिका आश्रम, बेसहारा गृह व स्टेट होम इत्यादि ।

वृद्धवस्था और विधवा पेंशन

9.37 इस योजना के अन्तर्गत उन व्यक्तियों को पेंशन दी जाती है जिनकी आयु 60 वर्ष या उससे अधिक और उनकी देखभाल करने वाला कोई नहीं और उनकी वार्षिक आय 2000 रुपये से अधिक नहीं है । यह पेंशन 60 रुपये प्रति मास की दर से दी जाती है । संशोधित पेंशन कानून के अन्तर्गत वृद्धावस्था पेंशन उन व्यक्तियों को भी दी जाती है जिनके बच्चे हैं परन्तु उनकी मासिक आय 1000 रुपये से अधिक न हो । अपंग व्यक्तियों के लिए कोई आयु सीमा नहीं है और उनको यह पेंशन अपंग राहत भत्ते के रूप में दी जाती है । इसी प्रकार विधवाओं को भी इस पेंशन को प्राप्ति के लिए कोई आयु सीमा नहीं हैं । वर्ष 1990-91 क दौरान प्रदेश में इस प्रकार के पेंशनरों की संख्या 87,412 थी । प्रथम जुलाई, 1988 से समस्त कुष्ठ रोगी व्यक्तियों की 60 रुपये प्रतिमास की दर से पुनर्वास भत्ता दिया जा रहा है ।

बाल कल्याण

9.38 निराश्रित बच्चों तथा अनाथों की देखभाल के लिए विभाग बाल/बालिका आश्रमों को चलाने हेतु अनुदान प्रदान कर रहा है । स्वयंसेवी संघों द्वारा कल्पा, सराहन, सून्नी, मशोबरा, टूटी कण्डी (शिमला), शिमला, कुल्लू और लाहल (चम्बा) बाल/बालिका आश्रम चलाए जा रहा हैं । इन आश्रमों में रहने वालों को निशुल्क आवास तथा प्रवास के अतिरिक्त मैट्रिक तक शिक्षा दी जाती है । सुन्दरनगर में जेयूवनाइल ऐक्ट, 1986 के अन्तर्गत निराश्रित बच्चों के लिए स्थापित एक बाल घर वर्ष 1990-91 के दौरान भी कार्य कर रहा है । इसके अतिरिक्त हरोली (ऊना) में एक विशेष स्कूल प्रेक्षण-कम-होम भी कार्यरत है जिसमें किशोर अपराधी बाल्य 18 वर्ष की आयु तक रखे जाते हैं

महिला कल्याण

9.39 महिलाओं के कल्याण के लिए प्रदेश में विभिन्न स्कीमें चल रही हैं । प्रमुख स्कीमें जो चलाई जा रही हैं वह इस प्रकार से हैं :—

(क) नारी सेवा सदन.—निराश्रित और राह भटकी लड़कियों के लिए चम्बा, मण्डी, शिमला, कांगड़ा, कल्पा और बिलासपुर में विभाग द्वारा 6 नारी सेवा सदन चलाये जा रहे हैं । इसके अतिरिक्त नाहन में एक नारी सेवा सदन भारतीय बाल कल्याण परिषद द्वारा चलाया जा रहा है । इन सदनों में रहने वालों को निशुल्क आवास तथा प्रवास की सुविधा

प्रदान करने के अतिरिक्त कटाई, सिलाई तथा कढ़ाई में प्रशिक्षण दिया जाता है ताकि वे आवास छोड़ने के उपरान्त वे अपनी रोजी-रोटी कमा सकें । ऐसी स्त्रियों के पुनर्वास के लिए तीन हजार रुपये प्रति स्त्री तक की आर्थिक सहायता भी दी जाती है

(ख) कार्यरत महिलाओं के लिए छात्रावास:—नगरों में कार्यरत महिलाओं को आवास की सुविधा सुलभ कराने के उद्देश्य से विभाग ने 12 कार्यरत महिला छात्रावासों का निर्माण किया है। यह छात्रावास स्वयंसेवी संगठनों द्वारा केन्द्रीय सरकार के 75 प्रतिशत तथा राज्य सरकार के 25 प्रतिशत अनुदान से निर्मित किए गए हैं।

(ग) बेसहारा लड़कियों को शादी के लिए अनुदान.—इस कार्यक्रम के अन्तर्गत ऐसी लड़कियों को या तो उनके माता-पिता को जिनकी वार्षिक आय 7,500 रुपये से अधिक न हो, 2,500 रुपये शादी के लिए अनुदान के रूप में दिये जाते हैं । वर्ष 1990-91 में इस उद्देश्य के लिए 1.00 लाख रुपयों का प्रावधान है और लगभग 40 लड़कियां इससे लाभान्वित होंगी ।

(घ) स्वयं-रोजगार के लिए महिलाओं को सहायता.—इस कार्यक्रम के अन्तर्गत उन महिलाओं को जिनकी वार्षिक आय 6,000 रुपये से अधिक न हो और किसी विशेष व्यवसाय की जानकारी हो या उस व्यवसाय में प्रशिक्षण डिप्लोमा प्राप्त किया हो, 1,000 रुपये तक की सहायता दी जाती है । वर्ष 1990-91 में 1.00 लाख रुपये इस उद्देश्य के लिए रखे गये हैं और लगभग 100 महिलाओं को सहायता दी जाएगी ।

(ङ) महिला विकास निगम.—प्रदेश में महिलाओं को विभिन्न व्यवसायिक उद्देश्यों के लिए एक महिला विकास निगम की स्थापना की गई है । वर्ष 1990-91 में इस निगम को 13.00 लाख रुपये दिये गए हैं ।

विकलांग कल्याण

9.40 इस कार्यक्रम के अन्तर्गत विकलांगों के कल्याण के लिए "विकलांगों के लिए कृत्रिम अंग" योजना के अन्तर्गत 0.55 लाख रुपये का प्रावधान रखा गया है । इसके अतिरिक्त विकलांगों को छात्रवृत्ति दी जाती है और व्यावसायिक प्रशिक्षण भी दिया जाता है ताकि वे विभिन्न व्यवसायों में प्रशिक्षण प्राप्त करके अपनी आजीविका कमा सके । ऐसे व्यक्तियों को जो अपंगों से शादी करें, 5,000 रुपये की राशि शादी अनुदान के रूप में दी जाती है तथा इस योजना के अन्तर्गत चालू वित्तीय वर्ष में 50,000 रुपये का प्रावधान रखा है । इसके साथ विकलांगों के लिए स्वयं रोजगार योजना के लिए 55,000 रुपये रखे गए हैं ।

पिछड़े वर्गों का कल्याण

9.41 इस कार्यक्रम के अन्तर्गत वर्ष 1990-91 के दौरान निम्नलिखित स्कीमें कार्यान्वित की गई है:—

(क) तकनीकी छात्रवृतियां.—इस कार्यक्रम के अन्तर्गत अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों तथा अन्य पिछड़े वर्गों के प्रशिक्षणार्थियों जो आई. टी. आई., आर.टी-आई. और अन्य कलस्टर केन्द्रों इत्यादि में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं को 100 रुपये प्रति मास प्रति प्रशिक्षणार्थी छात्रवृति दी जाती है । वर्ष 1990-91 के दौरान इसके लिए 14.10 लाख रुपये बजट में रखे गए हैं और 1,175 प्रशिक्षणार्थी लाभान्वित होंगे ।

(ख) अनुवर्ती कार्यक्रम.—इसके अन्तर्गत उन प्रशिक्षणार्थियों को औजार तथा उपकरण दिये जाते हैं जिन्होंने विभिन्न व्यवसाय में आई. टी. आई. से प्रशिक्षण प्राप्त किया हो । इस स्कीम के अन्तर्गत प्रशिक्षित कारीगरों को भी लिया जाता है । वर्ष 1990-91 के दौरान 5.35 लाख रुपये के प्रावधान से लगभग 1,070 व्यक्तियों को इससे लाभ पहुंचेगा ।

(ग) अन्तर्जातीय विवाह के लिए प्रोत्साहन:—अस्पृश्यता को दूर करने के लिए 6,000 रुपये, प्रति दम्पति जहां लड़की स्वर्ण जाति की हो और 5,000 रुपये प्रति दम्पति जहां लड़की जनजाति की हो दिये जाते हैं । वर्ष 1990-91 में इस योजना के अन्तर्गत 2.25 लाख रुपयों का प्रावधान किया गया है जिससे लगभग 42 दम्पतियों को लाभ पहुंचने की सम्भावना है ।

(घ) आवास अनुदान.—इस स्कीम के अन्तर्गत अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति के सदस्यों को वर्फ से ढके क्षेत्रों में 5,000 रुपये का अनुदान और 4,000 रुपये अन्य क्षेत्रों में, आवास निर्माण के लिए दिये जाते हैं । इसके अतिरिक्त इस जाति के सदस्यों को उपरोक्त राशि का 50 प्रतिशत घर की मुरम्मत के लिए दिया जाता है । वर्ष 1990-91 में 30.10 लाख रुपये का प्रावधान है और लगभग 703 परिवार लाभान्वित होंगे ।

(ङ) पेयजल आपूर्ति योजना.—इस स्कीम के अन्तर्गत ऐसे गांव जहां पर स्वर्ण और अनुसूचित जाति के लोग रहते हों व अनुसूचित जाति के लोग अधिक हों छोटी पेयजल योजनाएं चलाई जा रही है जो कि जन स्वास्थ्य विभाग

की योजनाओं के द्वारा लाभान्वित नहीं होते हैं । वर्ष 1990-91 के दौरान 8.50 लाख रुपये का प्रावधान रखा गया है और लगभग 71 पंचायतों को लाभान्वित किये जाने की संम्भावना है ।

(च) टाईप व शार्टहैंड में निपुणता.—इस स्कीम के अन्तर्गत अनुसूचित जाति व अनुसूचित जनजाति के पूर्व प्रशिक्षणार्थियों को विभिन्न कार्यालयों में नियुक्तियों के लिए प्रशिक्षण देना है ताकि वे अपनी निपुणता को कायम रख सकें । इस प्रकार के प्रशिक्षार्थियों की सूची रोजगार केन्द्रों से प्राप्त की जाती है और उसके उपरान्त इनकी विभिन्न कार्यालयों में नियुक्ति की जाती है । इन प्रशिक्षणार्थियों को 300 रुपये प्रतिमास का बजीफा एक वर्ष दिया जाता है या जब तक उनको उपयुक्त रोजगार नहीं मिलता । इस योजना के लिए 70 हजार रुपये रखे गये हैं जिससे 20 प्रशिक्षणार्थियों को लाभ पहुंचेगा ।

(छ) अनुसूचित जाति परिवारों को राहत जो अत्याचारों से पीड़ित है.—इस स्कीम के अन्तर्गत ऐसे अनुसूचित जाति के परिवारों को आर्थिक सहायता दी जाती है जिन पर जातीय आधार पर अन्य परिवारों द्वारा अत्याचार किये गए हों। वर्ष 1990-91 क दौरान इस उद्देश्य के लिए 0.70 लाख रुपये का प्रावधान है।

(ज) अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति निगम:—अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जन-जाति के आर्थिक विकास के लिए प्रदेश मे अनुसूचित जाति तथा अनुसूचित जनजाति निगम की स्थापना की गई है । यह निगम बैंकों की सहायता से अनेक उधार कार्यक्रम चला रहा है । वर्ष 1990-91 के दौरान 35 लाख रुपये की राशि राज्य हिस्स क रूप में इसके लिए निर्धारित की गई है ।

(झ) हरिजन बस्तियों का उत्थान व पर्यावरण विकास.—इस स्कीम के अन्तर्गत पंचायतों को पक्की गलियों व नालियों इत्यादि बनाने क लिए आर्थिक सहायता दी जाती है ताकि अनुसूचित बस्तियों में रहने वालों क रहन-सहन के स्तर व पर्यावरण में उत्थान हो सके । वर्ष 1990-91 में 3.75 लाख रुपय का प्रावधान रखा गया है और लगभग 38 गांवों को इसके अन्तर्गत लिया जायेगा ।

जनजाति तथा अनुसूचित जाति विकास

9.42 पांचवी योजना की समीक्षा से प्रतीत हुआ है कि अनुसूचित जन-जाति सामाजिक व आर्थिक दृष्टि से अधिक पिछड़ी हुई है । इसलिए जन-जाति उप-योजना को जनजाति के सामाजिक व आर्थिक उत्थान के लिए 1974-75 के वर्ष से चलाया जा रहा है । उप-योजना पद्धति के अन्तर्गत 50 प्रतिशत या इससे अधिक अनुसूचित जन जाति, जन-संख्या के विकास खण्डों का चिन्हांकित करना, राज्य तथा केन्द्रीय योजनाओं एवं संस्थानों से साधनों को आरक्षित करना और इस आरक्षित राशि का विशेष केन्द्रीय सहायता द्वारा सम्पूर्ण करना और उचित प्रशासनिक एवं कार्मिक नीतियों को अपनाना शामिल है ।

9.43 राज्य में किन्नौर एवं लाहौल-स्पिति जिले समस्त रूप में एवं चम्बा जिला की पांगी और भरमौर तहसील तथा उप-तहसील होली जन-जातीय है । छठी योजनावधि में संशोधित क्षेत्र विकास पद्धति का सूत्रपात किया गया जिसके फलस्वरूप चम्बा तथा भटियात तहसीलों के क्षेत्र जन-जातीय उप-योजना पद्धति के अन्तर्गत चिन्हांकित किए गए । छठी योजना में जन-जातीय क्षेत्र के सामान्य विकास के बजाय जन-जातीय परिवारों की प्रगति पर बल दिया गया । इस प्रकार प्रदेश की 63 प्रतिशत अनुसूचित जन-जाति जन संख्या उप-योजना प्रणाली के अन्तर्गत लाई गई । आठवीं योजना के लिए अब तक अपनाये गए माप दण्ड ही मार्ग दर्शन के आधार रखे गए ह । जन-जातीय उप-योजना के लिए छठी पंचवर्षीय योजना में राज्य योजना का 8.62 प्रतिशत भाग रखा गया और सातवीं योजना का लक्ष्य 9 प्रतिशत था जबकि वास्तविक उपलब्धि 8.78 प्रतिशत थी । वर्ष 1990-91 के दौरान राज्य की वार्षिक योजना की 360.00 करोड़ रुपय में जन-जातीय उप-योजना का भाग 32.40 करोड़ रुपये और विशेष केन्द्रीय सहायता 3.57 करोड़ रुपये थी । जन-जातीय क्षेत्रों के लिए विशेष केन्द्रीय सहायता 0.099 करोड़ रुपये थी । आर्थिक सेवाओं के क्षेत्रों को अधिकतम प्राथमिकता दी गई । । अनुसूचित जन-जाति के लोग जो अनुसूचित क्षेत्र व अनुसूचित खण्डो से बाहर रहते हैं, का उप-योजना के अन्तर्गत सर्वप्रथम 1987-88 के वर्ष म लाया गया जबकि उनकी विशेष केन्द्रीय सहायता से लाभान्वित किया गया तथा वर्ष 1990-91 के लिए 0.154 करोड़ रुपए प्राप्त हुए हैं ।

अनुसूचित जाति के विकास

9.44 1981 की जन गणना के अनुसार प्रदेश में अनुसूचित जातियों की संख्या 10.54 लाख थी । अनूसूचित जाति जनसंख्या बिखरी होने के कारण, इस जाति के लिए व्यक्ति/परिवार/बस्ती आधारित स्कीमें/कार्यक्रम अपनाए गए ताकि (1)इनकी आय तथा उत्पाद

कता में वृद्धि हो सकें (2) ये व्यवसाय कम अपमानित हों, (3) इनकी शिक्षा का विकास सुनिश्चित किया जाये ताकि रोजी-रोटी कमाने के लिए वे दूर के स्थानो में भी जा सकें साथ ही उनके रहन-सहन और वातावरण में सुधार लाया जाए। सांतवीं योजना में प्रथम बार विशेष घटक योजना के अन्तर्गत अखिल भारतीय स्तर पर 8.27 प्रतिशत पूंजी रखी गई थी परन्तु राज्य योजना के अन्तर्गत वास्तविक उपलब्धि 11.19 प्रतिशत रही । यह उपलब्धि भारत सरकार गृह मन्त्रालय (अब कल्याण मन्त्रालय) द्वारा दी गई विशेष केन्द्रीय सहायता के कारण प्राप्त हो सकी। आठवी योजना के लिए राज्य योजना की राशि सम्पूर्ण राज्य योजना का 11 प्रतिशत रखा गया (अभाजीय व भाजीय घटक के विचार बिना) वर्ष 1990-91 विशेष योजना का आकार 44.18 करोड़ रुपये का था जिसमें राज्य योजना 42.05 करोड़ रुपये और केन्द्रीय सहायता 2.13 करोड़ रुपये थी ।

9.45 विशेष घटक योजना के लिए जिला स्तर (किन्नौर और लाहौल-स्पिति को छोड़ कर) पर योजना को सामायिक संचालन हेतु जिला स्तरीय संचलान एवं पुर्नवलोकन समितियां गठित की गई हैं जिसका अध्यक्ष उपायुक्त है । इसके अतिरिक्त वास्तविक मूल्यांकन हेतु हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय शिमला और कृषि विश्वविद्यालय पालमपुर से मूल्यांकन अध्ययन भी करवाए गए ताकि जहां पर विशेष पग उठाने की जरूरत हो, उठाये जा सकें ।

9.46 20 सूत्रीय कायक्रम 1986, के 11 वें सूत्र के अंतर्गत अनुसूचित जन-जाति को वर्ष 1990-91 के दौरान लाभान्वित करने का लक्ष्य 17,206 परिवारों को लाभान्वित करने की तुलना में दिसम्बर, 1990 तक 13,252 पविारों को लाभान्वित किया गया ।

10. व्यापार एवं वाणिज्य

वाणिज्यिक बैंकिंग

10.1 सभी शैड्यूल्ड वाणिज्यिक बैंकों के कार्यालयों की संख्या में 8.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई जिनकी संख्या जून, 1989 को 657 से बढ़कर जून, 1990 को 713 हो गई । राज्य में कांगड़ा जिला में सबसे अधिक 145 (20.3 प्रतिशत) तथा उसके बाद शिमला जिला में 110 (15.4 प्रतिशत) बैंक थे । ग्रामीण तथा अर्ध नगरीय क्षत्रों में बैंक शाखाओं को बढ़ाने का कार्य वर्ष 1990 में भी जारी रहा और ग्रामीण क्षेत्रों में बैंक शाखाओं की संख्या 635 हो गई जो कि राज्य में कुल बैंक कार्यालयों की संख्या का 89.1 प्रतिशत है । यदि इसे जनसंख्या से जोड़ा जाए तो राज्य में प्रति बैंक कार्यालय औसत में जनसंख्या जून, 1989 की 7,407 से घटकर जून, 1990 में 6,937 हो गई ।

10.2 प्रदेश में शैडयूल्ड वाणिज्यिक बैंकों में कुल जमा राशि जून, 1989 को 1,049.94 करोड़ रुपये से बढ़कर जून, 1990 में 1,218.25 करोड़ रुपये हो गई । इस प्रकार इस दौरान इसमें 16 प्रतिशत की वृद्धि हुई । सकल बैंक में ऋण राशि जन, 1989 में 369.83 करोड़ रूपये से बढ़कर जून, 1990 में 473.63 करोड़ रुपये हो गई । यह वृद्धि 28.1 प्रतिशत के लगभग थी । राज्य मे ऋण पर दी गई राशि जमा राशि का अनुपात जून, 1989 के 35.2 प्रतिशत से बढ़कर जून, 1990 में 38.9 प्रतिशत हो गया । राज्य में जून, 1990 में 89.1 प्रतिशत बैंक कार्यालय ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित थे परन्तु कुल ऋण का केवल 67.5 प्रतिशत तथा कुल जमा राशि का 69.8 प्रतिशत इन बैंकों द्वारा था । जून, 1990 में राज्य के जिला कांगड़ा में बैंकों में जमाराशि 24.8 प्रतिशत तथा बैंकों द्वारा दिये गये ऋण 13.1 प्रतिशत थे । जिला शिमला में बकों में जना राशि 23.3 प्रतिशत तथा बैंकों द्वारा दिये गये ऋण 25.5 प्रतिशत थे ।

10.3 सभी वाणिज्यिक शैडयूल्ड बैंकों द्वारा दी गई बकाया ऋण राशि जून, 1987 के अन्त में 285.63 करोड़ रुपये थी जो कि जून, 1986 की बकाया ऋण राशि 336.63 करोड़ रुपये से 15.2 प्रतिशत कम थी । सभी बाणिज्यिक शैड्यूल्ड बैंकों द्वारा दी गई बकाया ऋण राशि के बारे में क्षेत्रानुसार आंकड़े जून, 1986 से जून 1987 की अवधि के लिए उपलब्ध हैं । अधिकतर क्षेत्रों में बकाया ऋण राशि में जून, 1986, व जून 1987, के दौरान कमी रही । नीचे दी गई तालिका में सभी वाणिज्यिक शैड्यूल्ड बैंकों द्वारा जून, 1986 व जून 1987, के अन्तिम शुक्रवार को महत्वपूर्ण क्षेत्रों की बकाया ऋण राशी के आंकड़े दर्शाये गये हैं ।

हिमाचल प्रदेश में शैड्यूल्ड वाणिज्यिक बैंको द्वारा महत्वपूर्ण क्षेत्रों को दी गई बकाया ऋण राशि का आबंटन

(करोड़ रुपयों में)

क्षत्र	आखिरी शुक्रवार को उधार दी गई बकाया राशि				प्रतिशत वृद्धि (+) या कमी (—) में
	जून 1986		जून 1987		1986 से 1987 में
	बकाया राशि	कुल से प्रतिशत	बकाया राशि	कुल से प्रतिशत	
1	2	3	4	5	6
1 कृषि एवं सहयोगी सेवाएं	56 59	16.81	56.78	19.88	0.34
2. खनन एवं उत्खनन	4.24	1.26	0.56	0.20	(-) 86.79
3. विनिर्माण उद्योग	127.99	38.02	99.58	34.86	(-) 22.20
4. विद्युत	0.53	0.16	1.01	0.35	90.57
5. निर्माण	0.50	0.15	0.37	0.13	(-) 26.00
6. परिवहन संचालक	39.92	11.86	38.61	13.52	(-) 3.28
7 निजि तथा व्यवसायिक सेवाए	14.43	4.29	12.86	4.50	(-) 10.88
8. निजि ऋण	15.78	4.69	10.90	3.82	(-) 30.97
9. व्यापार	56.27	16.71	42.98	15.05	(-) 23.62
10. अन्य	20.38	6.05	21.98	7.69	7.85
कुल बैंक उधार	336.63	100.00	285.63	100.00	(-) 15.15
जिसमें से लधु उद्योगों को	64.72	19.23	45.86	16.06	(-) 29.14

सहकारी बैंक

10.4 राज्य की जनता को हिमाचल प्रदेश सहकारी बैंक भी सुविधाऐं प्रदान करते हैं। मुख्य कार्यालय सहित शाखा कार्यालयों की राज्य में जून, 1990 में संख्या 79 थी । प्रति बैंक कार्यालय (वाणिज्यिक तथा सहकारी बैंक दोनों) जून, 1990 में अनुमानित जनसंख्या 6,245 थी । सहकारी बकों में कुल जमा राशि जून, 1989 की 11,129.00 लाख रुपये की तुलना में. जून, 1990 में 13,284.56 लाख रुपये हो गई। इस प्रकार इस दौरान इसमें 20 प्रतिशत की वृद्धि हुई ।

11. परिवहन तथा संचार

सड़कें

11.1 हिमाचल प्रदेश का आर्थिक व सामाजिक विकास मुख्यत: कुशल संचार प्रणाली पर निर्भर करता है । सड़कें इस प्रदेश के वासियों के लिए महत्वपूर्ण हैं क्योंकि यातायात के अन्य साधन नाममात्र हैं । इसलिए प्रदेश की विकास योजनाओं में सड़क निर्माण को काफी अधिक महत्व दिया गया है । वर्ष 1990-91 के लिए 33.25 करोड़ रुपये जिसमें 4.50 करोड़ रुपये विशेष घटक योजना तथा 4.00 करोड़ रुपये जन-जातीय उपयोजना भी शामिल है मन्जूर किए गए । वर्ष 1990-91 का लक्ष्य तथा अक्तूबर, 1990 तक की उपलब्धियों का ब्यौरा निम्न प्रकार है :—

क्रम संख्या	मद	इकाई	लक्ष्य 1990-91	उपलब्धियां अक्तूबर, 1990 तक
1	2	3	4	5
1.	वाहन चलने योग्य (इकहरी लेन)	किलोमीटर	230	135
2.	जल निकास	"	100	30
3.	पक्की तथा विरालित सड़कें	"	120	107
4.	पुल	संख्या	30	9
5.	जीप चलने योग्य	किलोमीटर	25	12

राष्ट्रीय उच्च मार्ग

11.2 हिमाचल प्रदेश में 724 किलोमीटर लम्बे राष्ट्रीय उच्च मार्ग के निर्माण एवं सुधार हेतु भारत सरकार ने 1100.00 लाख रुपये की राशी आंबटित की थी । जिसमें से नवम्बर, 1990 तक 385.50 लाख रुपये व्यय किए जा चुके हैं । इस योजना के अन्तर्गत शिमला से वांगटू राष्ट्रीय उच्च मार्ग-22 को चौड़ा करना, बड़ोग बाईपास का निर्माण तथा पठानकोट-चक्की-मण्डी मार्ग जिस को हाल ही में राष्ट्रीय उच्च मार्ग-20 का नाम दिया गया है के शुरूआत के कार्य किए जा रहे हैं । इसके अतिरिक्त भारत सरकार द्वारा राष्ट्रीय उच्च मार्गों के रख-रखाव तथा बाढ़ वर्षा से हुए नुक्सानों को पूरा करने हेतु 436.23 लाख रुपये की राशि को उपलब्ध करवाया गया है । इन सभी सम्बन्धित पहलुओं पर कार्य तेजी से किए जा रहे हैं ।

महत्वपूर्ण सड़कें

11.3 इस कार्यक्रम के अन्तर्गत मुकेरियां-तलवाड़ा-नूरपुर सड़क से चक्की-धार तक सड़क के विस्तार हेतु वर्ष 1990-91 में भारत सरकार के परिवहन मंत्रालय द्वारा 143.28 लाख रुपये अनुमोदित किए हैं । नवम्बर, 1990 तक 116.84 लाख रुपये खर्च किए जा चुके थे और वर्ष 1990-91 के अन्त तक सारी धन राशि खर्च किए जाने की आशा है । इस कार्यक्रम के अन्तर्गत 100 मीटर लम्बाई से दोहरी लेन कटाई, 3.5 कि0 मी0 इकहरी लेन तथा 9 कि0 मी0 दोहरी लेन में बीयरिंग, 7 कि0 मी0 में मैटलिंग/टारिंग तथा 1 कि0 मी0 में जल निकास कार्य किए गये हैं । इसके अतिरिक्त गरेल खड्ड तथा चक्की खड्ड पर पुल निर्माण कार्य प्रगति पर है ।

भवन

11.4 आवासीय तथा गैर-आवासीय दोनों क्षेत्रों के अन्तर्गत सभी विभागों द्वारा बनने वाले निर्माण कार्य लोक निर्माण विभाग द्वारा किया जाता है । वह भवन जो पूर्ण कर लिए गए हैं या अभी जिन पर निर्माण कार्य जारी है उनमें 1. शिमला में राज्य अतिथि गृह परिसर, 2. बस स्टैण्ड 3. सिविल सचिवालय आर्मसडैल भवन, 4. उद्योग भवन, 5. मैडिकल कालेज, 6. क्षेत्रीय अस्पताल धर्मशाला, 7. मिनी सचिवालय मण्डी इत्यादि शामिल हैं । सामान्य प्रशासन के उत्थान के उद्देश्य से नवें वित्तीय आयोग के एवार्ड के अन्तर्गत भवन निर्माण कार्यक्रम के लिए अलग से प्रावधान निश्चित किया गया । इस नवें वित्तीय आयोग के एवार्ड के अन्तर्गत अक्तूबर, 1990 तक 27 भवनों का निर्माण किया जा चुका था । इस एवार्ड के अन्तर्गत शेष बचे भवनों के निर्माण को पूर्ण करने के लिए हर संभव प्रयत्न किये जा रहे हैं, जिसे 31, मार्च 1991 तक पूर्ण कर दिया जाएगा । इसके अतिरिक्त विभाग द्वारा अक्तूबर, 1990 तक 21 आवासीय तथा एक गैर-आवासीय भवन बनाये गए ।

रेलवे

11.5 प्रदेश में रेलवे लाईन की कुल लम्बाई 31 मार्च, 1990 तक 209 कि0 मी0 थी, जिसमें छोटी लाईनें शिमला-कालका (96 कि0 मी0) और जोगिन्द्रनगर-पठानकोट (113 कि0 मी0) है। वर्ष 1990-91 में नंगल डैम-ऊना रेलवे लाईन (16 कि0 मी0) के जनवरी, 1991 को चालू हो जाने से हिमाचल प्रदेश भी भारतीय रेलवे के चौड़ी लाईनों के मानचित्र पर उभर गया।

नागरिक उड्डयन

11.6 सांतवी पंच वर्षीय योजना से पहले हिमाचल प्रदेश में कुल्लू घाटी में भून्तर में केवल एक हवाई पट्टी थी। सांतवी योजना के दौरान जुब्बड़-हट्टी, (शिमला) तथा गगल (कांगड़ा) नामक दो हवाई अड्डों का निर्माण कार्य आरम्भ किया गया। शिमला हवाई अड्डा मई, 1987 में चालू कर दिया गया था और कांगड़ा हवाई अड्डा मई, 1990 को चालू कर दिया गया। हवाई अड्डों के निर्माण से कांगड़ा तथा शिमला घाटियों का वायु मार्ग से बाकी देश के साथ सीधा सम्बन्ध स्थापित हो गया है। अभी तक डोडरा क्वार, काजा, केलांग, किलाड़, रोहड़ू, बनकुफर, तांबो, छराबड़ा, रामपुर में हैलीपड की सुविधा उपलब्ध है तथा भरमौर, चम्बा तथा हवाई पट्टी रंगरीक इत्यादि के निर्माण कार्य जारी हैं। शिमला हवाई अड्डा जुब्बड़-हट्टी में रनवे का विस्तार कार्य पूरा किया जा चुका है तथा आशा है कि इस हवाई अड्डे पर अधिक क्षमता वाले हवाई जहाज भी उतर सकेंगे।

पथ परिवहन

11.7 परिवहन के अन्य स्रोत जैसे रेलवे, वायु तथा जल परिवहन न के बराबर होने के कारण पथ परिवहन का महत्व और भी बढ़ जाता है। प्रदेश के सभी भागों, पड़ोसी राज्यों तथा केन्द्र शासित राज्यों के पथों पर समन्वित आयोजित, पर्याप्त तथा कार्यसाधक परिवहन सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए हिमाचल पथ परिवहन निगम की स्थापना की गई। इस समय राज्यों में यात्री परिवहन का विशेषतः पुराने हिमाचल में राष्ट्रीयकरण है।

11.8 31 मार्च, 1990 तक निगम के पास 1,503 बसें थी जबकि मार्च, 1989 में 1,379 बसें थी। इस समय निगम के पास 1,528 बसें हैं। 31 मार्च, 1989 में 1,207 मार्गों की तुलना में 31 मार्च, 1990 में 1,342 मार्गों पर बसें चल रही हैं।

तह की गई दूरी

11.9 31 मार्च, 1990 तक निगम की बसों ने 2.58 लाख किलोमीटर प्रतिदिन की दूरी तय की जबकि 31 मार्च, 1989 में यह दूरी 2.34 लाख किलोमीटर प्रतिदिन थी।

11.10 इस समय प्रदेश में 20 क्षेत्र तथा 3 मण्डल स्तर के कार्यालय कार्यरत हैं। इसके अतिरिक्त शिमला मण्डी में 2 मण्डलीय कर्मशालाएं बसों की मुरम्मत व रख-रखाव के लिए कार्य कर रही हैं तथा जसूर जिला कांगड़ा में आधुनिक कर्मशाला कार्यरत है।

12. सहकारिता

12.1 प्रदेश में सहकारी समितियों की संख्या वर्ष 1988-89 में 3,841 थी जो कि वर्ष 1989-90 में 3 प्रतिशत की वृद्धि से 3,956 हो गई है और उनकी अंश पूंजी जो वर्ष 1988-89 में 3,671.86 लाख रुपये थी, वर्ष 1989-90 में 8 प्रतिशत की वृद्धि से 3,966.17 लाख रुपये हो गई । इन समितियों की जमा पूंजी वर्ष के दौरान 30 प्रतिशत की वृद्धि से 28,250.83 लाख रुपये हो गई जो कि वर्ष 1988-89 में 21,688.48 लाख रुपये थी । अल्पकालीन व मध्याकालीन ऋण (कृषि और गैर-कृषि) जो वर्ष 1988-89 में 4,380.93 लाख रुपये थे, 1.2 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाते हुए वर्ष 1989-90 में 4,431.63 लाख रुपये हो गये जबकि दीर्घकालीन ऋण जो वर्ष 1988-89 में 30-6-89 तक 354.68 लाख रुपये थे, 31-3-90 तक 290.65 लाख रुपये हो गए। कार्यरत पूंजी में वर्ष 1988-89 की तुलना में वर्ष 1989-90 में 16.7 प्रतिशत की वृद्धि हुई। नीचे दी गई तालिका में हिमाचल प्रदेश में सहकारिता क्षेत्र में पिछले दो वर्षों की प्रगति को दर्शाया गया है :—

सहकारिता की प्रगति (लाख रुपयों में)

क्रम संख्या	मद	1988-89	1989-90	प्रतिशत वृद्धि
1	2	3	4	5
1.	समितियों की संख्या	3,841	3,956	3.0
2.	सदस्यता (लाखों में)	9.56	9.85	3.0
3.	अंश पूंजी	3,671.86	3,966.17	8.0
4.	जमा पूंजी	21,688.48	28,250.83	30.0
5.	कुल अल्पकालिन व मध्यकालीन ऋण वितरित (कृषि तथा गैर-कृषि ऋण)	4,380.93	4,431.63	1.2
6.	दीर्घकालीन ऋण वितरित	354.68	290.65 (31-3-90)	
7.	कृषि उपज का विपणन मूल्य	2,026.27	3,575.90	76.5
8.	फुटकर वितरण			
	(क) उपभोक्ता वस्तुएं	7,025.42	7,109.87	1.2
	(ख) कृषि उर्वरक	1,065.54	1,200.79	12.7
9.	ग्रामीण जनसंख्या की भागीदारी (प्रतिशत)	97	100	3.0

सहकारी समितियों के मुख्य कार्यक्रमों का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार से है :—

सहकारी ऋण

12.2 सहकारी ऋण, हिमाचल प्रदेश ग्रामीण कृषि विकास बैंक, लिमिटिड शिमला तथा प्राथमिक ग्रामीण कृषि विकास बैंक लिमिटिड, धर्मशाला द्वारा प्रदान किये जा रहे हैं। यह दीर्घकालीन ऋण किसानों को विभिन्न कृषि उद्देश्यों के लिये दिये जाते हैं ।

विपणन

12.3 सहकारी संस्थायें, नगदी फसलों जैसे बीज का आलू, अदरक, चाय तथा सेब की फसल के विपणन का काम कर रही हैं। ये सहकारी संस्थायें किसानों की कृषि उपज को बड़ी-बड़ी मण्डियों में भेजती है ताकि उत्पादकों को उचित मूल्य मिल सके।

उपभोक्ता वस्तुओं का वितरण

12.4 प्राथमिक समितियां प्रदेश के विशेषकर दूर दराज तथा जनजातीय क्षेत्रों के लोगों को उपयोग की आवश्यक वस्तुओं का वितरण उचित मूल्यों पर करती है।

उपकरणों की आपूर्ति

12.5 सहकारी समितियां किसानों को उचित मूल्य पर विभिन्न कृषि उपकरणों जैसे उर्वरक, तथा उन्नत बीज आदि की आपूर्ति करती है ।

13. स्थानीय निकाय

13.1 भारत जैसे लोकतान्त्रिक देश में पंचायतें जो गांव की मूल संस्थाएं है ग्रामीण लोगों की आर्थिक दशा सुधारने में मुख्य भूमिका निभाती हैं । अतः इन प्रमुख प्रजातन्त्र संस्थाओं को सुदृढ़ बनाना अनिवार्य है। योजनाओं को बनाने तथा इनकी कार्यान्वियन की प्रक्रिया में इन लोकतांत्रिक संस्थाओं को सक्रीय रूप में सम्बन्ध किये बिना हम ग्रामीण क्षेत्रों में मानव तथा भौतिक साधनों के अधिकाधिक उपयोग के बारे में कभी भी सोच नहीं सकते ।

13.2 हिमाचल प्रदेश में पंचायती राज अधिनियम, 1968 के अन्तर्गत तीन स्तरीय पंचायती प्रणाली की स्थापना की गई है। इसके अन्तर्गत ग्राम स्तर में ग्राम पंचायतें, खण्ड स्तर पर पंचायत समितियां तथा जिला स्तर पर जिला परिषद् स्थापित की गई हैं। हिमाचल प्रदेश में इस समय 2,597 ग्राम पंचायतें, 69 पंचायत समितियां तथा 12 जिला परिषदें कार्यरत हैं ।

13.3 वर्ष 1990-91 के अन्तर्गत पंचायती राज संस्थाओं द्वारा प्रदेश में निम्नलिखित कार्य किए गए :—

1. पंचायत घरों का निर्माण तथा मुरम्मत
2. पंचायत पुस्तकालयों की सहायता
3. लाभप्रद सम्पत्ति के सृजन के लिए ऋण
4. पंचायतों को नगर पालिका सम्बन्धी कार्यों के लिए अनुदान
5. पंचायती राज प्रशिक्षण संस्थान का भवन निर्माण
6. पंचायत समिति तथा जिला परिषद के भवनों का निर्माण/मुरम्मत
7. गृह कर के बराबर मेचिंग प्रोत्साहन अनुदान
8. ग्राम पंचायत प्रधान/उप-प्रधान, समिति के अध्यक्ष/उप-अध्यक्ष को मानदेय

नगरपालिकाएं

13.4 प्रदेश में इस समय नगर-निगम शिमला सहित 50 शहरी स्थानीय निकाय कार्यरत हैं । इन शहरी स्थानीय निकायों की आय के साधन सीमित होने के कारण सरकार प्रतिवर्ष नागरिक सुख-सुविधा प्रदान करने हेतु अनुदान देती है। वर्ष 1990-91 के दौरान शहरी स्थानीय निकायों को 176.10 लाख रुपए (69.00 लाख रुपए योजना के अन्तर्गत तथा 107.10 लाख रुपए गैर-योजना के अन्तर्गत) अनुदान दिए जाने का बजट में प्रावधान है जो कि स्थानीय निकायों को अपने क्षेत्र के रख-रखाव और विकास कार्यों के लिए अनुदान रूप में स्वीकृत किए जाते हैं ।

13.5 अप्रैल, 1982 में चुंगी के समाप्त कर देने के कारण शहरी स्थानीय निकायों की आय कम हो जाने से सरकार अनुदान सहायता प्रदान कर रही है ताकि इनका कार्यक्रम सुचारु रूप से चलाया जा सके । वर्ष 1990-91 में इनको 275.00 लाख रुपए का प्रावधान है। नागरिक सुरक्षा अधिनियम, 1955 के अन्तर्गत शुष्क शौचालयों को पानी के बहाव वाले शौचालयों में परिवर्तित करने की केन्द्रीय परिचालित योजना प्रदेश के 13 शहरों में चलाई जा रही है। यह योजना वर्ष 1983-84 में नगर निगम शिमला में चालू की गई थी जो बाद में 6 अन्य शहरों में भी चालू की गई । वर्ष 1987-88 में यह योजना 5 अन्य शहरों में शुरू की गई। इस योजना का 50 प्रतिशत भाग केन्द्रीय सरकार अनुदान के रूप में देती है तथा 50 प्रतिशत भाग राज्य सरकार ऋण के रुप में देती है । वर्ष 1990-91 में इस योजना के अन्तर्गत 30.00 लाख रुपए का प्रावधान है तथा दिसम्बर, 1990 तक 430 शुष्क शौचालयों को पानी के बहाव वाले शौचालयों में परिवर्तित किया गया है। इसके अतिरिक्त 3 सफाई कर्त्तव्यों को इस अप्रतिष्ठित कार्य से छुटकारा दिलाया गया है जिस पर 5.21 लाख रुपए व्यय किए जाएगें ।

13.6 शहरी मूल सुविधा सेवाएं ऊना जिले के पांच शहरों में यूनीसैफ की सहायता से चलाई गई हैं । इस योजना का 40 प्रतिशत भाग राज्य सरकार, 40 प्रतिशत भाग यूनीसैफ तथा 20 प्रतिशत भाग केन्द्र सरकार द्वारा वहन किया जाता है । इस योजना का मुख्य उद्देश्य इन शहरों के पिछड़े क्षेत्रों की महिलाओं तथा बच्चों के बहुमुखी विकास तथा स्वास्थ्य का ध्यान रखना है । नेहरू रोजगार योजना के अन्तर्गत शहरी क्षेत्रों में बेरोजगार युवकों को रोजगार दिलाने के लिए प्रयत्न किए जा रहे हैं ।

13.7 वर्ष 1990-91 में विकास कार्यों के कार्यन्वयन के लिए शहरी स्थानीय निकायों को निम्नलिखित राशि अनुदान के रूप में आंबटित की गई है :—

(लाख रुपयों में)

लेखा शीर्ष	योजना	गैर योजना	जोड़
1	2	3	4
3054—सड़कें व पुल	10.00	45.00	55.00
2215—जल आपूर्ति	10.00	17.10	27.10
2217—शहरी विकास	49.00	45.00	94.00
जोड़ ..	69.00	107.10	176.10

14. विशेष अध्ययन

14.1 राज्यों के अर्थ एवं संख्या निदेशालयों के सहयोग से अर्थ व्यवस्था के दोनों कृषि और गैर-कृषि क्षेत्रों से सम्बन्धित सूचना एकत्रित करने हेतु भारत सरकार के द्वारा तीसरी आर्थिक गणना का कार्य पूरे देश में किया गया । फसल उत्पादन और पौध रोपण में लगे उद्यमों को इस सर्वेक्षण में शामिल नहीं किया गया है। इसका क्षेत्रीय कार्य 1991 को जनगणना की मकान सूची के साथ-साथ किया गया । जनगणना के साथ आयोजित करने से यह सुविधाजनक और मितव्ययी सिद्ध हुआ । आर्थिक गणना में उद्यम वह उपक्रम है जो किसी माल के उत्पादन और/या वितरण और/या किसी प्रकार की ऐसी सेवा में लगा हो और वह गतिविधि पूर्ण रूप से परिवार के अपने ही उपयोग के लिए न हो । तीसरी आर्थिक गणना में उद्यम का स्थान गतिविधि का स्वरूप, स्वामित्व का प्रकार, स्वामित्व का सामाजिक वर्ग, कार्य कलाप में प्रयुक्त होने वाली शक्ति/ईधन और श्रमिकों की कुल संख्या जिसमें भाड़े के श्रमिक भी शामिल हों और सामान्यत: जो उद्यम में काम कर रहे हों के सम्बन्ध में सूचनाएं एकत्रित की गई ।

पृष्ठभूमि

14.2 प्रदेश में आज तक तीन आर्थिक गणनाएं की जा चुकी हैं । हिमाचल प्रदेश के प्रथम आर्थिक गणना वर्ष, । 1977 में की गई जिसमें ऐसे गैर-कृषि उद्यमों की गणना की गई जिनके कम से कम सामान्यत: एक व्यक्ति भाड़े पर कार्यरत था । तत्पश्चात् दो प्रतिदर्श सर्वेक्षण वर्ष 1978-79 में असंगठित क्षेत्र के विनिर्माण उद्यमों और वर्ष 1979-80 में द्वितीय सर्वेक्षण के अन्तर्गत व्यापार, यातायात होटल व रैस्टोरैण्ट, भण्डारण तथा सेवाओं आदि उद्यमों के सम्बन्ध में विस्तृत सूचनाएं एकत्र की गई थी।

14.3 महापंजीकार एवं जनगणना आयुक्त भारत सराकार द्वारा मकान सूचीकरण के लिए नियुक्त क्षेत्र कर्मचारियों की सेवाओं का लाभ लेने के लिए दूसरी आर्थिक गणना, 1980 में भारत की जनगणना 1981, के मकान सूचिकरण अभियान के साथ ही की गई । पहले की तुलना में इस आर्थिक गणना का विषय क्षेत्र विस्तृत था। इस आर्थिक गणना में असंगठित क्षेत्र के गैर कृषि संस्थानों (कम से कम एक व्यक्ति भाड़े पर) के अतिरिक्त स्व-रोजगार इकाईयों के सम्बंध में भी सूचना एकत्रित की गई। इस गणना में कृषि उत्पादन और बागान से सम्बन्धित उद्यमों को छोड़कर अन्य सभी कृषि व गैर-कृषि उद्यमों की गणना की गई ।

14.4 तृतीय आर्थिक गणना वर्ष 1990 में जनगणना 1991 के मकान सूचीकरण अभियान के साथ सम्पन्न की गई ।

संचालन

14.5 भारत के जनगणना आयुक्त व महापंजीकार और राज्यों के जनगणना निदेशक, जनगणना के क्षेत्रीय कार्य के तालमेल और आयोजन के लिए उत्तरदायी थे । आर्थिक गणना के तकनीकी मार्ग दर्शन व सारणीकरण का उत्तरदायित्व केन्द्रीय सांख्यिकीय संगठन, भारत सरकार व राज्यों के अर्थ एवं संख्या निदेशालयों के ऊपर था । राज्यों के जनगणना निदेशालयों व सांख्यिकी निदेशालयों द्वारा संयुक्त रूप से वर्ष 1990 में उपमण्डल, जिला, और राज्य स्तर पर जनगणना के लिए मकान सूचीकरण व आर्थिक गणना के लिए उद्यम सूची भरने हेतु एक गहन प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया ।

तृतीय आर्थिक गणना, 1990 के द्रुत परिणाम

14.6 तृतीय आर्थिक गणना के द्रुत परिणामों से यह प्रकट होता है कि प्रदेश में भिन्न-भिन्न आर्थिक कार्य-कलापों में (फसल उत्पादन एवं बागान के अतिरिक्त) लगभग 1.80 लाख उद्यम लगे हुए थे जिनमें 4.58 लाख लोगों को रोजगार प्राप्त था । इनमें से 4.02 लाख (87.8 प्रतिशत) पुरुष तथा शेष 0.56 लाख (12.2 प्रतिशत) महिलाएं थी । कुल उद्यमों में से 1.45 लाख (80.2 प्रतिशत) उद्यम, ग्रामीण क्षेत्र में स्थित थे तथा शेष 0.35 लाख (19.8 प्रतिशत) नगरीय क्षेत्रों में कार्य कर रहे थे । कुल उद्यमों में से 1.25 लाख (69.4 प्रतिशत) उद्यम स्वकार्यरत उद्यम जिनको स्वामित्व पारिवारिक सदस्यों के पास ही था तथा वे बिना भाड़े से कामगारों के कार्य कर रहे थे, शेष 0.55 लाख (30.6 प्रतिशत) प्रतिष्ठान थे । प्रतिष्ठान वह उद्यम था जो कम से कम भाड़े पर मजदूरी करने वाले एक व्यक्ति को रोजगार देता हो ।

14.7 इससे यह भी प्रकट होता है कि 1.45 लाख ग्रामीण क्षेत्रों के उद्यमों में से 1.36 लाख (93.8 प्रतिशत) गैर-कृषि क्षेत्र में थे और बाकी 0.09 लाख (6.2 प्रतिशत) कृषि क्षेत्र से सम्बन्धित थे । ग्रामीण क्षेत्र के 1.45 लाख उद्यमों में से 1.04 लाख (71.7 प्रतिशत) स्वकार्यरत उद्यम थे और बाकी 0.41 लाख (28.3 प्रतिशत) प्रतिष्ठान थे । जिन्होंने भाड़े पर एक या अधिक श्रमिक रखे हुए थे।

14.8 नगरीय क्षेत्रों में कुल उद्यमों में से 99.0 प्रतिशत उद्यम गैर-कृषि क्षेत्र में थे बाकी 1.0 प्रतिशत कृषि क्षेत्र में कार्यरत थे । 0.35 लाख उद्यमों में 0.21 लाख (59.2 प्रतिशत) स्वकार्यरत उद्यम थे, शेष 0.14 लाख (40.8 प्रतिशत) प्रतिष्ठान थे ।

14.9 प्रत्येक उद्यम में कार्यरत व्यक्तियों की औसत संख्या 2.54 थी । प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में स्थित उद्यमों में 65.5 प्रतिशत श्रमिक कार्यरत थे । इसी प्रकार राज्य के नगरीय क्षेत्रों में कृषि व गैर कृषि उद्यमों में लगे श्रमिकों की प्रतिशतता 34.5 प्रतिशत थी ।

14.10 उद्यमों में लगे कुल श्रमिकों में से भाड़े के श्रमिकों की प्रतिशतता काफी कम थी, जिनकी संख्या लगभग 2.82 लाख (61.6 प्रतिशत) थी, इन 2.82 लाख भाड़े के श्रमिकों में से 1.63 लाख ग्रामीण उद्यमों में थे जबकि शेष 1.19 लाख नगरीय उद्यमों में थे ।

14.11 हिमाचल प्रदेश में तृतीय आर्थिक गणना के द्रुत परिणामों का सार तालिका–1 में दिये हैं।

तालिका––1

तृतीय आर्थिक गणना के अस्थाई परिणामों का सार––हिमाचल प्रदेश

(संख्या)

मद	ग्रामीण		शहरी		योग
1	2		3		4
1. कुल उद्यम					
(क) योग	1,44,735	(80.23)	35,674	(19.77)	1,80,409
(1) कृषि	8,484	(96.00)	353	(4.00)	8,837
(2) गैर-कृषि	1,36,251	(79.41)	35,321	(20.59)	1,71,572
(ख) सामान्यत : कार्यरत व्यक्तियों की संख्या					
(1) योग	2,99,781	(65.49)	1,57,980	(34.51)	4,57,761
(2) पुरुष	2,63,013	(65.42)	1,39,018	(34.58)	4,02,031
(3) स्त्रियां	36,768	(65.98)	18,962	(34.02)	55,730
2. स्वकार्यरत उद्यमों की संख्या	1,03,466	(83.05)	21,113	(16.95)	1,24,579
3. प्रतिष्ठान					
(अ) योग	41,269	(73.92)	14,561	(26.08)	55,830
(ब) भाड़े पर श्रमिक					
(1) योग	1,63,003	(57.87)	1,18,686	(42.13)	2,81,689
(2) पुरुष	1,39,542	(57.66)	1,02,454	(42.34)	2,41,996
(3) स्त्रियां	23,461	(59.11)	16,232	(40.89)	39,693
4. प्रमुख विशेषताओं के अनुसार उद्यमों की संख्या					
(1) बिना अहाते के कार्यरत	12,175	(86.23)	1,945	(13.77)	14,120
(2) पूरा वर्ष चलने वाले उद्यम	1,27,113	(78.49)	34,831	(21.51)	1,61,944
(3) निजी स्वामित्व	1,12,983	(78.86)	30,287	(21.14)	1,43,270
(4) बिना ईंधन के कार्यरत	95,771	(77.87)	27,222	(22.13)	1,22,993

नोट.—कोष्ठकों में दिए गए आंकड़े समस्त उद्यमों की प्रतिशतता, ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में दर्शाते हैं।

14.12 प्रदेश के कुल 1.80 लाख ग्रामीण व शहरी में से सारा साल चलने वाली उद्यमों की संख्या 1.62 लाख (90.00 प्रतिशत) थी, बिना अहाते के काम कर रहे उद्यमों की संख्या 0.14 लाख (7.8 प्रतिशत) और 0.57 लाख (31.67 प्रतिशत) उद्यम किसी प्रकार के शक्ति/ईंधन के साथ काम कर रहे थे ।

14.13 यह पाया गया कि राज्य में 1,000 की जनसंख्या के पिछे 31 उद्यम थे । प्रति दस वर्ग किलोमीटर के पीछे राज्य में उद्यमों की संख्या 32 थी ।

द्वितीय आर्थिक गणना के साथ तुलना

14.14 तृतीय आर्थिक गणना, 1990 के द्रुत परिणामों तथा द्वितीय आर्थिक गणना, 1980 के परिणामों का तुलनात्मक विवरण, ग्रामीण तथा नगरीय क्षेत्रों के लिये नीचे दी गई तालिका में प्रस्तुत है :—

तालिका—2

उद्यमों की संख्या तथा उनमें कार्यरत व्यक्ति—हिमाचल प्रदेश

मद	उद्यमों की संख्या		प्रतिशत वृद्धि	कार्यरत व्यक्तियों की संख्या		प्रतिशत वृद्धि
	1980	1990(अ0)		1980	1990(अ0)	
1	2	3	4	5	6	7
कुल	1,39,342	1,80,409	29.47	3,44,333	4,57,761	32.94
ग्रामीण	1,15,426	1,44,735	25.39	2,35,841	2,99,781	27.11
नगरीय	23,916	35,674	49.16	1,08,492	1,57,980	45.61

अ0 = अस्थाई

14.15 उद्यमों तथा उनमें कार्यरत व्यक्तियों का जिला-वार आंबटन नीचे दर्शाई तालिका में दिया गया है :—

तालिका—3

जिला-वार उद्यमों और उनमें कार्यरत व्यक्तियों की संख्या

प्रदेश/जिला	उद्यमों की संख्या		कार्यरत व्यक्ति	
	1980	1990(अ0)	1980	1990(अ0)
1	2	3	4	5
हिमाचल प्रदेश	1,39,342	1,80,409	3,44,333	4,57,761
1. चम्बा	12,405	12,724	29,632	29,475
2. कांगड़ा	30,399	39,711	66,974	87,739
3. हमीरपुर	9,054	12,914	18,362	26,169
4. ऊना	9,795	13,209	22,002	33,038
5. बिलासपुर	6,410	9,911	15,304	21,736
6. मण्डी	21,238	25,935	50,383	53,891
7. कुल्लू	8,408	11,340	16,719	23,417
8. लाहौल एवं स्पिति	1,305	1,928	3,225	4,629
9. शिमला	17,870	22,820	58,388	83,755
10. सोलन	10,025	13,134	29,152	51,514
11. सिरमौर	10,523	12,982	24,984	32,872
12. किन्नौर	1,910	3,801	9,208	9,526

अ0 = अस्थाई

14.16 इसलिए तीसरी आर्थिक गणना, 1990 के अस्थाई परिणामों के अनुसार पिछले दशक में 29.47 प्रतिशत उद्यमों की संख्या में वृद्धि आई। इसी प्रकार इन उद्यमों में कार्यरत व्यक्तियों की संख्या में 32.94 प्रतिशत की वृद्धि हुई। (ग्रामीण क्षेत्र 27.11 प्रतिशत व शहरी 45.61 प्रतिशत)।

ECONOMIC REVIEW
OF
HIMACHAL PRADESH
1991

Economic Conditions and Development Activities

PREFACE

Economic Review is one of the budget documents which gives a concise picture of the important economic activities of the Government through its departments. The Review of progress, presented in Part-I gives the salient features of the State's economy during 1990-91 while statistical tables on various subjects are given in Part-II. Graphs and charts are given at appropriate places.

I am thankful to all the departments and public undertakings for their co-operation in making available the material included in the Review . The burden of collection and updating of huge and voluminous data and its presentation in a concise and inter-related form was borne by the Economics and Statistics Department. I highly appreciate and commend the hard work done by the officers and officials of this Department.

KR. SHAMSHER SINGH
Commissioner-cum-Secretary,
(Finance,Planning and Economics & Statistics),
Government of Himachal Pradesh.

PART-I

REVIEW OF PROGRESS DURING 1990-91

CONTENTS

PART-I REVIEW OF PROGRESS DURING 1990-91

		Page
1.	General Appraisal	1
2.	Population	5
3.	State Income	7
4.	Agriculture	9
5.	Industries	26
6.	Electricity	30
7.	Employment	35
8.	Price Situation	43
9.	Civil Supplies and Social Services	45
10.	Trade and Commerce	61
11.	Transport and Communications	64
12.	Co-operative Movement	67
13.	Local Bodies	69
14.	Special Study	71

1 GENERAL APPRAISAL

Economic Situation in the Country

1.1 The overall performance of the economy during 1990-91 shows signs of a mixed economic outlook.While the agriculture sector is expected to show a good performance,industrial output is likely to be lower than the previous year. The net national product (NNP) in 1989-90 recorded a rise of 5.2 percent as compared to 11.1 percent in the previous year 1988-89. Agricultural production which recorded a growth rate of about 1.0 percent in 1989-90 over the impressive growth of about 21 percent during 1988-89, is expected to increase further by over 2 percent in 1990-91. The growth rate of industrial output is expected to be around 6 to 7 percent during the current year as compared with 8.6 percent in 1989-90. The annual rate of inflation according to the Wholesale Price Index(W.P.I) during 1990-91 (upto 19-01-91) was 10.1 percent as the index which was 171.1 in the last week of March,1990 increased to 188.3 on 19th January,1991. The inflation rate in the corresponding period of last year was 7.3 nercent.

1.2 During 1989-90 the foodgrains production was of the order of 170.6 million tonnes and is expected to increase further by over 2 percent in 1990-91.The gross domestic product(GDP)went up by 5.2 percent in 1989-90 as against the record growth rate of 10.4 percent during the previous year. Thus the average annual growth rate for the Seventh Five Year Plan works out 5.6 percent. The per capita income at the national level stood at Rs. 4,252 in 1989-90 against Rs. 3,875 for the previous year.

1.3 India's balance of payments situation remained under pressure during 1990-91 due to persistent import demand and large repayment to IMF under the 'Extended Fund Facility' which counter-balanced to a large extent a robust export performance. Exports in rupee terms during April-November,1990 increased by 20.6 percent recording a substantial deceleration from that of 38 percent during the corresponding period of the preceding year. Data available so far indicate that during April-November, 1990 imports rose by 28.6 percent which was significantly higher than that of 20.7 percent during the corresponding period April-November ,1989. As a result the trade deficit widened by Rs. 2,648 crore to Rs. 7,181 crore from that of Rs. 4,533 crore during April-November, 1989.

Economic Situation in Himachal Pradesh

1.4 The economy of Himachal Pradesh is largely dependent on agriculture because the industrial base is comparatively weak. The agricultural production to a large extent is still dependent on timely rainfall and weather

conditions. Inspite of strenuous efforts made during the Seventh Plan to achieve a higher foodgrains production, the production level of foodgrains remained in the vicinity of 11-12 lakh tonnes during 1985-89 except in the year 1987-88 when it dipped to 8.87 lakh tonnes due to severe drought and inclement weather conditions. The foodgrains production during the Seventh Five Year plan and 1990-91 has been given below:-

Year	Foodgrains production (lakh tonnes)
1985-86	12.01
1986-87	11.77
1987-88	8.87
1988-89	11.37
1989-90(Provisional)	13.69
1990-91(Anticipated)	13.80

